हिन्दी दैनिक

# प्रत्यूष नवबिहार

जोहार

रांची संस्करण

रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित

www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com

रांची ● बुधवार ● 13.08.2025 ● वर्ष : 16 ● अंक : 23 ● पृष्ठ : 12 ● आमंत्रण मूल्य : 3 ~~रुपये~~ 2 रुपये

### लोकसभा की कार्यवाही दिन भर के लिए स्थगित, पीठ पर कागज फेंकने का आरोप

## जुलाई में रिटेल महंगाई घटकर 1.55 फीसदी जून 2017 के बाद सबसे निचले स्तर पर

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** जुलाई में खुदरा महंगाई दर घटकर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। यह जून 2017 के बाद सबसे कम है। सरकार की ओर से जारी आंकड़ों में इसकी पुष्टि हुई है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई के आंकड़े जारी किए।

जुलाई में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर आठ साल के निचले स्तर 1.55 प्रतिशत पर आ गई। इसका मुख्य कारण सब्जियों और अनाजों सहित खाद्य वस्तुओं की कीमतों में नरमी है। सरकार ने मंगलवार को खुदरा महंगाई से जुड़े आंकड़े जारी किए। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित मुद्रास्फीति जून में 2.1 प्रतिशत और जुलाई 2024 में 3.6 प्रतिशत थी। जुलाई 2025 की मुद्रास्फीति जून 2017 के बाद सबसे कम है जब यह 1.46 प्रतिशत थी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने कहा, जुलाई 2025 के महीने के दौरान हेडलाइन मुद्रास्फीति और खाद्य मुद्रास्फीति में उल्लेखनीय गिरावट मुख्य रूप से अनुकूल आधार प्रभाव और दालों और उत्पादों, परिवहन और संचार, सब्जियों, अनाज और उत्पादों, शिक्षा, अंडे



और चीनी और कन्फेक्शनरी की मुद्रास्फीति में गिरावट के कारण है। जुलाई में खाद्य मुद्रास्फीति दर वर्ष-दर-वर्ष (-) 1.76 प्रतिशत रही।

लोकसभा में लगातार हंगामा कर रहे विपक्ष के सदस्यों ने मंगलवार को भी जबरदस्त हंगामा किया जिसके कारण सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी गयी।

पीठासीन अधिकारी जगदम्बिका पाल ने हंगामे के बीच खान और खनन संशोधन विधेयक पारित करवा दिया लेकिन आरोप लगाया कि विपक्ष के नेता राहुल गांधी द्वारा पकड़ाए गये कागज को फाड़कर हंगामा कर रहे सदस्यों ने पीठ की तरफ कागज फेंक कर सदन के अध्यक्ष का अपमान किया है।

उन्होंने श्री गांधी की तरफ इशारा करते हुए कहा आप सदन की गरिमा गिरा रहे हैं और लोगों को उकसा रहे हैं। सुबह से विपक्षी दलों के हंगामे के कारण सदन को तीन बार स्थगित किया गया था और चौथी बार उन्होंने भारी हंगामें को देखते हुए सदन की कार्यवाही दिनभर के लिए स्थगित कर दी।

इससे पहले संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कागज उठाकर फेंकने पर गहरी नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी पार्टी भी कई साल तक विपक्ष में रही है और उन्होंने भी सरकार की नीतियों का विरोध किया है लेकिन आज जिस तरह से कागज फेंक कर कर सदन को अपमानित किया गया है ऐसा पहले कभी नहीं हुआ है।

#### भारतीय पत्तन विधेयक 2025 लोकसभा में पारित

लोकसभा में मंगलवार को भारतीय पत्तन विधेयक, 2025 को विपक्ष के विरोध और नारेबाजी के बीच ध्वनिमत से पारित कर दिया गया। इस दौरान बिहार में मतदाता सूची में किए जा रहे विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर विपक्ष ने जमकर हंगामा किया। इस विधेयक का उद्देश्य बंदरगाहों से जुड़े कानूनों को आधुनिक बनाना, एकीकृत बंदरगाह विकास को बढ़ावा देना और व्यापार को सुगम बनाना है।

### न्यायमूर्ति वर्मा पर महाभियोग को लेकर बिरला ने गठित की तीन सदस्यीय जांच समिति

**नयी दिल्ली :** लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश यशवंत वर्मा के खिलाफ महाभियोग चलाने के प्रस्ताव पर मंगलवार को तीन सदस्यीय समिति के गठन की घोषणा की जिसमें उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालय के एक-एक न्यायाधीश और एक कानूनविद् शामिल हैं। श्री बिरला ने लोक सभा में महाभियोग प्रस्ताव को लेकर सदन को अवगत कराते हुए कहा कि इस समिति में उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश अरविंद कुमार, मद्रास उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश मनीन्द्र मोहन श्रीवास्तव और कर्नाटक उच्च न्यायालय के वरिष्ठ अधिवक्ता बी वी आचार्य को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि समिति यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी। समिति से जांच रिपोर्ट मिलने तक यह प्रस्ताव लंबित रहेगा। उन्होंने समिति के सदस्यों के नामों की घोषणा से पहले कहा कि न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ संविधान के अनुच्छेद 124 (4) के तहत उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के पद से हटाने के लिए एक प्रस्ताव है। इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश वर्मा को उनके कदाचार के लिए उनको हटाने का प्रस्ताव मिला था। न्यायमूर्ति वर्मा के खिलाफ दिल्ली उच्च न्यायालय में उनके कार्यकाल के समय से संबंधित शिकायत को गंभीर प्रकृति का पाया गया। ऐसे में उनके खिलाफ कार्रवाई करने की जरूरत है। श्री बिरला ने न्यायमूर्ति वर्मा के मामले में कार्रवाई का प्रस्ताव रखते हुए कहा कि इस मामले से जुड़े तथ्य जो भ्रष्टाचार की ओर इशारा करते हैं, वे भारत के संविधान के अनुच्छेद 124 के साथ अनुच्छेद 217 और अनुच्छेद 218 के तहत कार्रवाई और प्रक्रिया के योग्य है और संसद को इस विषय में एक स्वर में बोलना चाहिए और देश के प्रत्येक नागरिक को सार्वजनिक जीवन में भ्रष्टाचार के प्रति शून्य सहिष्णुता के अपने संकल्प के बारे में एक स्पष्ट संदेश भेजना चाहिए।

## समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव पहुंचे नेमरा, शिबू सोरेन को दी श्रद्धांजलि

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह सांसद अखिलेश यादव मंगलवार को झारखंड के रामगढ़ जिला के गोला अंचल अंतर्गत नेमरा गांव पहुंचे। उन्होंने यहां शिबू सोरेन को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने राज्य के मुख्यमंत्री तथा स्वर्गीय शिबू सोरेन के पुत्र हेमन्त सोरेन से मुलाकात की और उनको सांत्वना दी।

अखिलेश यादव ने इस मौके पर शिबू सोरेन को आदिवासियों का बड़े नेता बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्षों और मजबूत विचारधारा से जुड़ा रहा। शिबू सोरेन का संघर्ष और विचारधारा उनके बेटे और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन को विरासत में मिली है। दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने अपना जीवन का एक-एक पल आदिवासी, दलित, शोषित, पीड़ित एवं वंचित समुदायों के कल्याण में लगा दिया। गुरुजी के जीवन से हम सभी को सदैव प्रेरणा मिलती रहेगी। उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन जी भले ही आज हम सभी के बीच नहीं है। लेकिन उनका संघर्ष, आदर्श एवं व्यक्तित्व को कभी भुलाया नहीं जा सकेगा। गुरुजी एक प्रभावशाली जननेता के रूप में युग-युग तक याद किए जाएंगे, जिन्होंने समाज को एक नई दिशा दी। उन्होंने विश्वास जताया कि हेमंत सोरेन इस विरासत को आगे लेकर जाएंगे और झारखंड के विकास के लिए काम करते रहेंगे।

पत्रकारों से बातचीत में अखिलेश यादव ने कहा कि लोकसभा में आंदोलन की एक लंबी लड़ाई चल रही है, जो आगे भी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए जरूरी है। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) मामले में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भाजपा की नीतियों से आम जनता परेशान है और उनकी पार्टी इसके खिलाफ लड़ाई लड़ रही है।

#### मुख्यमंत्री ने आठवें दिन श्राद्ध कर्म का विधान किया पूरा

उधर, दिवंगत शिबू सोरेन के पारंपरिक श्राद्ध कर्म का मंगलवार को आठवां दिन रहा। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अपने परिजनों संग दिवंगत आत्मा की शांति के लिए पारंपरिक मान्यताओं के अनुरूप श्राद्ध कर्म का विधान पूरा किया।

### शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का लगा तांता



**रामगढ़ :** स्मृति शेष-राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के "श्राद्ध कर्म" के आठवें दिन भी मंगलवार सुबह से ही रामगढ़, नेमरा स्थित मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पैतृक आवास में "गुरुजी" को श्रद्धांजलि अर्पित करने वालों का तांता लगा रहा। हजारों की संख्या में नेमरा पहुंचे आम और खास सभी वर्ग के लोगों ने मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात कर उनके प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। स्मृति शेष-दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी को श्रद्धांजलि अर्पित करने पहुंचे लोगों ने "गुरुजी" को याद करते हुए कहा कि धन्य है नेमरा की भूमि जहां "गुरुजी" जैसे विभूति का जन्म हुआ।

### एक नजर

#### भारत-पाकिस्तान सीमा पर साढ़े आठ करोड़ की हेरोइन जब्त

**बीकानेर :** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की खुफिया सूचना पर पुलिस के साथ संयुक्त सर्च अभियान के दौरान भारत-पाकिस्तान अन्तरराष्ट्रीय सीमा के नजदीक 1.665 किलो हेरोइन जब्त की गयी है। बरामद हेरोइन की कीमत अंतरराष्ट्रीय मार्केट में लगभग 8.50 करोड़ रुपये बताई गई है। उपसमादेष्टा इंटेलिजेंस ब्रांच बीकानेर के महेश चंद जाट ने मंगलवार को बताया कि लोकल पुलिस खाजूवाला के साथ ग्राम 21 बी डी के एरिया में एक संयुक्त सर्च अभियान चलाया गया। इस दौरान बंदरी पोस्ट के नजदीक कीचड़ में पैकेट मिला। खोलने पर इसमें 1.655 किलो ड्रग मिली। यह पैकेट छह अलग-अलग लेयर में पैक किया हुआ था। इसी पोस्ट पर दो साल पहले तत्कालीन डीआईजी पुष्पेंद्र सिंह के नेतृत्व में बीएसएफ ने तीन सौ करोड़ रुपये की हेरोइन बरामद की थी, जो अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई थी।

#### बीजापुर में नक्सली मुठभेड़, 2 जवान घायल

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में नक्सली मुठभेड़ में मंगलवार को 2 जवान घायल हो गए हैं। जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर बतायी गई है। बीजापुर जिल के जगंगालूर थाना इलाके में नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर 11 अगस्त को जवानों को सर्च ऑपरेशन पर रवाना गया था। आज सुबह जब जवान जंगल में पहुंचे तो नक्सलियों ने गोलीबारी शुरू कर दी। पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में दोनों तरफ से हुई गोलीबारी में दो जवान घायल हो गए हैं, जिन्हें एयर लिफ्ट कर रायपुर रेफर किया गया है। फिलहाल दोनों जवानों की स्थिति खतरे से बाहर है। इधर पुलिस ने मुठभेड़ में कई नक्सलियों के मारे जाने तथा घायल होने का दावा किया है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट के सामने दो महिलाओं ने की आत्मदाह की कोशिश



एजेंसी

**कोलकाता :** कलकत्ता हाई कोर्ट के सामने मंगलवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब दक्षिण 24 परगना की दो महिलाओं ने अपने ऊपर केरोसिन डालकर आत्मदाह की कोशिश की। मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों की सतर्कता से बड़ा हादसा टल गया। दोनों को तुरंत एसएसकेएम अस्पताल ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, ये महिलाएं दक्षिण 24 परगना के विष्णुपुर थाने के अंतर्गत आने वाले आमगाछिया क्षेत्र की रहने वाली हैं। इनका आरोप है कि जिस सहकारी समिति की वे सदस्य थीं, उस समिति ने उन्हें सदस्यता सूची से हटा दिया। यह समिति 'आमगाछिया सृष्टि संघ प्राथमिक बहुउद्देशीय सहकारी समिति लिमिटेड' के नाम से 2017 में गठित हुई थी। इस साल हुए चुनाव के दौरान कई सदस्यों के नाम सूची से निकाल दिए गए थे, जिसमें ये दोनों महिलाएं भी शामिल थीं। पीड़ित महिलाओं ने इस मामले में हाई कोर्ट में याचिका दायर की थी। डिविजन बेंच ने आदेश दिया था कि सदस्यता सूची दोबारा प्रकाशित की जाए, लेकिन आरोप है कि समिति ने अदालत के आदेश का पालन नहीं किया। साथ ही, महिलाओं ने यह भी आरोप लगाया कि समिति ने लंबे समय से ऊंचे ब्याज का लालच देकर लोगों से पैसा लिया और अब वह राशि वापस नहीं कर रही है। मंगलवार को इसी आक्रोश में महिलाएं हाई कोर्ट के सामने पहुंचीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अचानक एक महिला ने अपने बैग से केरोसिन की बोतल निकालकर अपने ऊपर डालना शुरू कर दिया। यह देखते ही वहां मौजूद लोग चिल्लाने लगे और पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने किसी तरह महिलाओं को रोककर उनकी जान बचाई।

## बड़कागांव में ग्रामीणों का बवाल, एनटीपीसी पर हमला व तोड़फोड़, जीएम समेत कई अधिकारी घायल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बड़कागांव :** मंगलवार को एनटीपीसी कोल माइंस बादाम कोल ब्लॉक के लिए मोहगाई कला पंचायत भवन में मुआवजा राशि भुगतान शिविर पर ग्रामीणों के द्वारा जमकर पत्थर बाजी हुई जिसमें लगभग 10 लोग घायल हो गए हैं वहीं ग्रामीणों ने 15 वाहनों को तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दी। घटना में एनटीपीसी कोल माइंस बादाम कोल ब्लॉक के जीएम एके सक्सेना समेत एनटीपीसी के 7 अधिकारी एवं प्रशासन के दो अधिकारी व अमीन घायल हो गए हैं। बड़कागांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के पश्चात कई लोगों को हजारीबाग शेख भिखारी हॉस्पिटल रेफर कर दिया गया। घायलों में एनटीपीसी के अधिकारी महाप्रबंधक एके सक्सेना, मोहम्मद बदरुद्दीन, सुरजीत,



मंजूनाथ, विशाल समेत दो अन्य एनटीपीसी का अधिकारी घायल हुए हैं वहीं प्रशासन की ओर से हजारीबाग जिला भू अर्जन पदाधिकारी निर्भय कुमार, बड़कागांव अंचल अधिकारी मनोज कुमार एक अमीन घायल हुआ है। इस घटना में कुल 10 लोग घायल हुए हैं। प्रशासन एवं एनटीपीसी के अधिकारियों ने ग्रामीणों के आक्रोश को देखते हुए भाग कर अपनी जान बचाई। वही 7 अगस्त को जिला भू अर्जन विभाग के द्वारा बड़कागांव अंचल कार्यालय में 12 अगस्त को बादाम कोल ब्लॉक के लिए अम्बाजीत मौजा अधिग्रहित जमीन को लेकर मुआवजा भुगतान हेतु शिविर का आयोजन को लेकर पत्र जारी किया गया था। परंतु 853 दिनों से अपनी जमीन को बचाने के लिए आंदोलन कर रहे ग्रामीणों ने बड़कागांव प्रखंड सह अंचल कार्यालय को घेरे रखा और शिविर को रद्द करने की मांग करने लगे। इस दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन हो, एनटीपीसी हो या किसी अन्य किसी को भी अंचल कार्यालय भवन में घुसने नहीं दिया। हालात को देखते हुए प्रशासन ने शिविर स्थल को स्थानांतरित करते हुए महुगाई कला पंचायत भवन में शिविर लगाया।जहां ग्रामीणों ने जमकर विरोध किया और शिविर को रद्द करने की मांग करने लगे। इसी दौरान बात बढ़ गई और हालात घटना में तब्दील हो गया। जिसमें पत्थरबाजी में कई लोग घायल हुए एवं कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। वही घटना को लेकर हजारीबाग उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह एवं हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन बड़कागांव पहुंचे और थाना में बैठक कर घटना की विस्तृत रूप से जानकारी प्राप्त की।

## भारत रिसर्च के क्षेत्र में अरबों डॉलर का कर रहा निवेश : प्रधानमंत्री मोदी

एजेंसी

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड के प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान में भारत की मजबूत विरासत पर जोर दिया। अपने संबोधन में पीएम ने युवाओं से जिज्ञासा, रचनात्मकता और सहयोगात्मक मानसिकता के साथ ब्रह्मांड की खोज में आगे बढ़ने का आग्रह किया।

#### भारत के पास दुनिया की सबसे ऊंची खगोलीय वेधशालाओं में से एक



मुंबई में आयोजित खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी पर 18वें अंतर्राष्ट्रीय ओलंपियाड को वीडियो लिंक के जरिए संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि भारत में परंपरा और नवाचार का संगम है। उन्होंने बताया कि भारत के पास दुनिया की सबसे ऊंची एस्ट्रोनॉमिकल ऑब्जर्वेटरीज में से एक है, जो लद्दाख में है। इस ऑब्जर्वेटरी की ऊंचाई समुद्र तल से 4,500 मीटर है। मोदी ने कहा, भारत अंतरराष्ट्रीय सहयोग की ताकत में विश्वास करता है। भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों का जिक्र करते हुए पीएम मोदी ने कहा, हम चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव के पास सफलतापूर्वक उतरने वाले पहले देश हैं।

उन्होंने कहा, भारत वैज्ञानिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने और युवाओं को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। 1 करोड़ से ज्यादा विद्यार्थी अटल टिंकरिंग लैब्स में प्रायोगिक तरीके से STEM (विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित) की शिक्षा ले रहे हैं। मोदी ने कहा, इससे सीखने और नवाचार की संस्कृति बन रही है। ज्ञान तक पहुंच को आसान बनाने के लिए हमने 'वन नेशन वन सब्सक्रिप्शन' योजना शुरू की है, जिसके तहत लाखों विद्यार्थी और शोधकर्ता प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय जर्नल्स को मुफ्त में देख सकते हैं। मोदी ने कहा, विभिन्न योजनाओं के तहत अनुसंधान क्षेत्र में अरबों डॉलर का निवेश हो रहा है। हम आप जैसे युवाओं को दुनिया भर से भारत में पढ़ाई, शोध और सहयोग के लिए आमंत्रित करते हैं। हो सकता है अगली बड़ी वैज्ञानिक खोज ऐसी साझेदारियों से ही हो। उन्होंने कहा, जब हम ब्रह्मांड की खोज कर रहे हैं, तो यह भी सोचना जरूरी है कि अंतरिक्ष विज्ञान से पृथ्वी पर लोगों के जीवन को कैसे बेहतर बनाया जा सकता है - क्या किसानों को और बेहतर मौसम पूर्वानुमान मिल सकता है?

## झारखंड को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 2,22,069 घरों की सौगात

### केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने केंद्र का जताया आभार



एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री तथा कोडरमा लोकसभा सांसद अन्नपूर्णा देवी ने बताया कि भारत सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना - ग्रामीण (PMAY-G) के तहत वित्त वर्ष 2025-26 में झारखंड राज्य के लिए 2,22,069 नए आवासों की स्वीकृति प्रदान की है। यह जानकारी उन्हें केंद्रीय ग्रामीण विकास एवं कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से हुई मुलाकात के दौरान प्राप्त हुई, जिसमें चौहान ने इस संबंध में आधिकारिक पत्र सौंपा। अन्नपूर्णा देवी ने इस फैसले को झारखंड के गरीब और जरूरतमंद परिवारों के लिए ऐतिहासिक बताते हुए कहा, यह स्वीकृति अंतिम आवास + 2018 सर्वेक्षण सूची में दर्ज पात्र परिवारों को पक्का घर उपलब्ध कराने के लिए दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'सभी के लिए आवास' के संकल्प को इससे और मजबूती मिलेगी।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार ने 2024-25 से 2029 तक ग्रामीण क्षेत्रों में बढ़ती आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए योजना का विस्तार किया है, जिसके तहत झारखंड को यह विशेष आवंटन दिया गया है। अन्नपूर्णा देवी ने इस अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान का झारखंड के गरीबों और वंचितों के लिए संवेदनशील व दूरदर्शी निर्णय लेने हेतु आभार व्यक्त किया।

## एक नजर

### बरही में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर दोनों चालक घायल

**बरही :** बरही के मलकोको ग्रामीण पथ पर दो बाइकों के बीच आमने–सामने टक्कर हो गई। हादसे में दोनों बाइक के चालक घायल होकर सड़क पर बेहोश पड़े रहे। दोनों को सड़क पर बेहोश देख कर ग्रामीणों के सहयोग से अल्पसंख्यक कल्याण समिति के अध्यक्ष मो कैयूम और पप्पू खान दोनों को अपनी गाड़ी से बरही अनुमंडलीय अस्पताल लेकर आए जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रुप से घायल को सदर अस्पताल हजारीबाग रेफर कर दिया गया। हादसे में घायल मो शहजाद और मो जावेद दोनों मलकोको गांव के रहने वाले हैं। गंभीर रुप से घायल मो शहजाद को बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। सड़क पर गिरने से मो शहजाद को सिर में गंभीर चोट लगी है।

### कांग्रेस ने केंद्र सरकार का पुतला फूंक कर किया विरोध प्रदर्शन

**पूर्वी सिंहभूम :** जिला कांग्रेस कमेटी ने मंगलवार को साकची गोलचक्कर पर भाजपा नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के खिलाफ पुतला दहन कर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में पार्टी के जिलाध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे ने केंद्र सरकार पर लोकतांत्रिक अधिकारों की अवहेलना और वोट चोरी का आरोप लगाते हुए जनक्रांति का आह्वान किया। दुबे ने कहा कि हाल ही में बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान वोट चोरी के मुद्दे पर नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और इंडिया गठबंधन के 300 सांसद और नेताओं ने निर्वाचन आयोग तक पैदल मार्च किया। उन्होंने आरोप लगाया कि लोकतांत्रिक अधिकारों की अनदेखी करते हुए केंद्रीय प्रशासन ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया, जो पूरी तरह अलोकतांत्रिक कदम है। दुबे ने कहा कि वर्तमान सरकार बार–बार चुनावी प्रक्रिया का मजाक बना रही है और वोटिंग अधिकार को गलत तरीके से हैक किया जा रहा है। राहुल गांधी ने निर्वाचन आयोग की कथित लापरवाही और गलतियों को तथ्यों सहित प्रस्तुत किया है, जिससे स्पष्ट है कि सरकार बार–बार सत्ता में आने के लिए वोट चोरी कर रही है। मौके पर राकेश कुमार तिवारी, एलबी सिंह, रियाजुद्दीन खान, ब्रजेंद्र तिवारी, राज किशोर यादव, अरुण कुमार सिंह, संजय सिंह आजाद, रजनीश सिंह, गुरदीप सिंह, जसवंत सिंह जस्सी, सुखदेव सिंह मल्ली, अमरजीत नाथ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंदिर चोरी कांड का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम के टेल्को स्थित मंदिरों में हुई चोरी की घटनाओं का पुलिस ने मंगलवार को खुलासा कर दिया है। इस मामले में परसुडीह और जादूगोड़ा थाना क्षेत्र के रहने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जिले के ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ने इसकी जानकारी दी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि गिरफ्त में आए आरोपितों में परसुडीह के गदड़ा न्यू बस्ती बालीडुंगरी निवासी धर्मनाथ वर्मा और जादूगोड़ा के डोमजुड़ी निवासी सचिन पात्रो शामिल हैं। पुलिस के अनुसार, सचिन पात्रो का आपराधिक इतिहास रहा है। वह गोविंदपुर थाना क्षेत्र में चोरी के दो मामलों में पहले भी जेल जा चुका है। चोरी की घटनाएं टेल्को के खड़ंगाझार स्थित श्री हनुमान मंदिर और टीओपी के पास स्थित विनायगर सुब्रमन्यम स्वामी मंदिर में घटी थीं। पुलिस के अनुसार दोनों मंदिरों में आरोपितों में चारी की वारदात को रात 12 बजे से सुबह तीन बजे के बीच अंजाम दिया था। आरोपितों ने मंदिर की दानपेटीए घंटी और मुकुट चोरी कर लिए थे। पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर छापेमारी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

# फाइलेरिया उन्मूलन अभियान : उपायुक्त व अधिकारियों ने दवा खाकर दिया जागरूकता संदेश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत आज समाहरणालय सभाकक्ष में उपायुक्त शशि प्रकाश सिंह समेत वरीय पदाधिकारियों एवं कर्मियों ने सामूहिक रूप से फाइलेरिया रोधी दवा की एकल खुराक का सेवन किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर रोग है, जिसका बचाव संभव है यदि हम सभी समय पर निर्धारित दवा का सेवन करें। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा दी जा रही फाइलेरिया रोधी दवा का सेवन अवश्य करें और इस अभियान को सफल बनाने में अपना योगदान दें। उपायुक्त ने बताया कि दवा पूरी तरह सुरक्षित है तथा सभी उम्र वर्ग के लोगों (निर्धारित श्रेणी के अनुसार) के लिए इसका सेवन जरूरी है। उन्होंने कहा कि सामूहिक सहभागिता से ही फाइलेरिया को जड़ से समाप्त किया जा सकता है। गौरतलब है कि फाइलेरिया उन्मूलन हेतु यह अभियान अत्यंत महत्वपूर्ण है, और इसके तहत लक्षित जनसंख्या को डायइथाइलकार्बामजिन, एल्बेंडाजोल एवं आइवरमेक्टिन दवाओं का सुरक्षित सेवन कराया जाना है। यह अभियान 10 अगस्त से 25 अगस्त तक पूरे हजारीबाग में चलाया जा रहा है।

### लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में बच्चों को फाइलेरिया का दवा खिलाया गया



**बड़कागांव :** प्रखंड अंतर्गत तलसवार पंचायत के ग्राम कोयलंग– करमाटांड़ में अंग्रेजी माध्यम से संचालित लिटिल एंजल्स पब्लिक स्कूल में जिला स्वास्थ्य समिति, हजारीबाग के निदेर्शानुसार फाइलेरिया जैसे बीमारी से मुक्ति पाने हेतू विद्यालय प्राचार्य – अजय कुमार की उपस्थिति में स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा दो साल से ऊपर के बच्चों को दवा खिलाया गया। वहीं स्वास्थ्य सहिया शांति तिर्की एवं सरिता कुमारी ने संयुक्त रूप से बच्चों को फाइलेरिया से बचाव हेतु सुझाव दिए। उन्होंने कहा कि वैसे बच्चे जिन्हें पहले से किसी तरह की कोई बीमारी हो या फिलहाल किसी का कोई ईलाज चल रहा हो तो उन्हें यह दवा नहीं खिलाया जाएगा। वहीं प्राचार्य अजय कुमार ने सभी बच्चों को बताया कि आप हमेशा सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें और घर के आस पास हमेशा साफ सफाई रखें। मौके पर उपस्थित प्राचार्य अजय कुमार, सहायक शिक्षक सुलेन्द महतो, जीतन बेसरा, शिक्षिका – रेखा कुमारी, कुमारी रुबी जया, स्वास्थ्य सहिया शांति तिर्की, सरिता कुमारी सहित सैकड़ों छात्र– छात्र–छात्राएं उपस्थित थे।

## मुखिया ने चौपारण पंचायत में लंबित आवास पूर्ण कराने को लेकर चलाया जागरूकता अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**चौपारण :** प्रखंड के चौपारण पंचायत में चलो घर बनाओ अभियान के तहत प्रधानमंत्री आवास, अंबेडकर आवास और अबुवा आवास योजना के अधूरे मकानों को शीघ्र पूर्ण कराने के लिए लाभुकों को जागरूक किया गया। अभियान के तहत उन सभी लाभुकों के घर-घर जाकर, जिनके आवास का कार्य संतोषजनक स्थिति में नहीं है, नोटिस थमाया गया और उन्हें कार्य में तेजी लाने तथा जल्द से जल्द निर्माण पूर्ण करने की अपील की गई। इस दौरान पूर्व मुखिया सह मुखिया प्रतिनिधि बिनोद कुमार सिंह, रोजगार सेवक रामाशीष कुमार, पंचायत सहायक अनुज कुमार सिंह और सनी कुमार ने लाभुकों को योजनाओं का महत्व बताते हुए समय पर आवास पूर्ण करने के लिए प्रेरित किया।

## विद्यार्थियों को नौकरी के लिए तैयार करेगा वीबीयू का नया पाठ्यक्रम : कुलपति

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** विनोबा भावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के विवेकानंद सभागार के संगोष्ठी कक्ष में मंगलवार को दूसरे दिन मल्टीडिसीप्लिनरी कोर्सेज, वैल्यू एडेड कोर्सेज, स्किल एनहैंसमेंट कोर्सेज तथा एसोसिएट कोर तथा माइनर या इलेक्टिव के वोकेशनल कोर्सेज के निर्धारण को लेकर उच्च स्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने की। ज्ञात हो कि तीन दिनों तक चलने वाले इन मैराथन बैठकों में पारंपरिक विषयों के पाठ्यक्रम को लेकर विमर्श नहीं किया जा रहा है। कुलपति ने बताया कि पहले से चल रहे इस प्रकार के पाठ्यक्रमों की सफलता की समीक्षा की गई। जो पाठ्यक्रम कम संख्यक विद्यार्थी चुन रहे हैं उन पाठ्यक्रमों में आवश्यक सुधार किए गए। कुछ पाठ्यक्रमों के नाम स्पष्ट नहीं थे जिसे सुधारा गया। अतिथि विशेषज्ञ गण के साथ विमर्श के उपरांत विद्यार्थियों के लिए उपयोगी कुछ नवीन पाठ्यक्रम भी जोड़ने पर सहमति बनी। इस विषय पर भी चर्चा की गई कि उन पाठ्यक्रमों की थ्योरी और जहां पर प्रैक्टिकल है, वहां प्रैक्टिकल की पढ़ाई की व्यवस्था कैसे की जाएगी। प्रो चंद्र भूषण शर्मा ने स्पष्ट किया कि ऐसे विषयों पर पाठ्यक्रम निर्धारण में इस विषय को केंद्र में रखा गया कि यह विद्यार्थियों के लिए रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध करा सके। कुलपति ने बताया कि इनमें से कुछ चुनिंदा पाठ्यक्रमों को बाद में अपग्रेड करके छह महीने का या एक वर्ष का सर्टिफिकेट या डिप्लोमा पाठ्यक्रम चलाने पर भी विश्वविद्यालय विचार करेगा। सहमति बनी कि इन पाठ्यक्रमों के संबंध में सभी शिक्षकों को एवं विद्यार्थियों को जानकारी सुलभ कराने की व्यवस्था की जाएगी।

## एनटीपीसी निदेशक ने पकरी बरवाडीह कोयला परियोजना का किया निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बड़कागांव :** एनटीपीसी लिमिटेड के निदेशक (ईंधन) शिवम श्रीवास्तव ने एनटीपीसी माइनिंग लिमिटेड की पकरी बरवाडीह कोयला खनन परियोजना का दो दिवसीय दौरा किया। सिकरी साइट कार्यालय पहुंचने पर श्रीवास्तव का परियोजना प्रमुख पकरी बरवाडीह एवं पीबी-एनडब्ल्यू सुब्रत कुमार दाश ने गर्मजोशी से स्वागत किया। पहले दिन श्रीवास्तव ने सभी चार कोयला खनन परियोजनाओं के लिए विकसित हो रहे सिकरी टाउनशिप के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। दूसरे दिन का आरंभ नवनिर्मित बागवानी क्षेत्र में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण कार्यक्रम से हुआ, जिसमें 2,000 पौधे लगाए गए। इसके पश्चात, उन्होंने सभी चार कोयला खनन परियोजनाओं के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर विभिन्न परियोजनाओं एवं पहलों की विस्तृत समीक्षा की। संचालन में और अधिक कुशलता लाने तथा कर्मचारी कल्याण को बढ़ावा देने के लिए सुझाव दिए। इस दौरे की विशेष उपलब्धि ओपन हाउस सत्र रहा, जिसमें कोयला खनन परियोजनाओं के कर्मचारियों ने अपने अनुभव, सुझाव और समस्याएं साझा कीं। श्रीवास्तव ने सभी कर्मचारियों को उनके कल्याण हेतु हरसंभव सहयोग देने का आश्वासन दिया और सकारात्मक एवं सहयोगपूर्ण कार्य वातावरण बनाए रखने पर जोर दिया। इस निरीक्षण दौरे ने एनटीपीसी की सतत विकास, पर्यावरण संरक्षण, संचालन उत्कृष्टता और कर्मचारी हितों के प्रति प्रतिबद्धता को और मजबूत किया। इस दौरे में निदेशक (ईंधन) के साथ क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक (कोयला खनन) नवीन जैन, सभी परियोजनाओं के परियोजना प्रमुख वरिष्ठ अधिकारीगण एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

## मुखिया ने छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का किया वितरण



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरही :** प्रखंड के कोल्हुआ कला पंचायत अंतर्गत बढ़िया जवाड मध्य विद्यालय में मंगलवार को मुखिया मंगलदेव यादव ने लगभग 30 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया। साइकिल पाकर बच्चों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। इस दौरान मुखिया मंगलदेव यादव ने कहा कि साइकिल मिलने से बच्चों को स्कूल आने-जाने में सुविधा होगी और पढ़ाई में निरंतरता बनी रहेगी। उन्होंने विद्यार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने की सलाह भी दी। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक अमरदीप शर्मा, राजेश यादव और ब्रह्मदेव यादव भी मौजूद रहे। सभी ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया।

# मानवता ही हमारी असली पहचान है संकट की घड़ी में हम हमेशा मरीजों की सेवा में पूरी तरह समर्पित रहते है : अजमेरा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**हजारीबाग :** मंगलवार को बड़कागांव प्रखंड में एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के भूमि मुआवजा भुगतान शिविर के शुरू होने से पहले ही स्थिति तनावपूर्ण हो गई। अचानक हुए हिंसक घटनाक्रम में एनटीपीसी के अधिकारियों और पुलिसकर्मियों पर हमला किया गया, जिसमें कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना में कई लोग एनटीपीसी के घायल हो गए लगभग 10 अधिकारी और 4 पुलिसकर्मी घायल हुए। इनमें एक एचओपी स्तर के अधिकारी और तीन डीएम स्तर के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल हैं। चोटें अधिकतर सिर, हाथ और शरीर के अन्य हिस्सों में आईं। घटना के बाद सभी घायलों को तुरंत आरोग्यम अस्पताल पहुँचाया गया। यहाँ अस्पताल प्रशासन, संचालक और पाँच सदस्यीय विशेषज्ञ चिकित्सक टीम पहले से तैयार खड़ी थी। बिना समय गंवाए घायलों का प्राथमिक उपचार शुरू किया गया और उनकी हालत को स्थिर किया गया। गंभीर रूप से घायल मरीजों को आरोग्यम कुणाल अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया, जहाँ उनका इलाज लगातार जारी है। मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. बी.एन. प्रसाद ने बताया कि सभी घायल खतरे से बाहर हैं। कुछ को सिर एवं शरीर के अन्य हिस्सों में चोटें आई हैं। हमारी टीम सतर्क रहकर उनका इलाज कर रही है और सभी को पूर्ण रूप से स्वस्थ करने के लिए प्रयासरत है। एनटीपीसी बादाम कोल ब्लॉक के एचओपी अरुण कुमार सक्सेना ने अस्पताल की तत्परता और सेवा भावना की प्रशंसा करते हुए कहा कि जैसे ही हम अस्पताल पहुँचे, पूरी टीम हमारे इलाज में लग गई। बिना किसी देरी के एक्स-रे, जाँच और दवाइयों की प्रक्रिया शुरू की गई। आरोग्यम अस्पताल की त्वरित कार्रवाई पर उनकी प्रशंसा और उन्हें आभार प्रकट करता हूं साथ ही कहा कि एनटीपीसी के साथ पहली बार ऐसी घटना हुई है सभी लोग जल्द स्वस्थ हो ईश्वर से यही कामना करते हैं अस्पताल के निर्देशक हर्ष अजमेरा ने कहा कि आरोग्यम अस्पताल का सिद्धांत है मरीज पहले, बाकी सब बाद में। हमारी पूरी टीम ने यह सुनिश्चित किया कि किसी घायल को इलाज के लिए इंतजार न करना पड़े। ऐसे समय में हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी जीवन बचाना और मरीज को तुरंत राहत देना है। यह हमारे लिए सिर्फ एक पेशा नहीं, बल्कि एक सेवा है। आरोग्यम अस्पताल न केवल हजारीबाग का प्रमुख स्वास्थ्य केंद्र है, बल्कि आपदा और आपातकालीन स्थितियों में सबसे भरोसेमंद सहयोगी साबित हुआ है। इस घटना ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि आरोग्यम केवल इलाज का नाम नहीं, बल्कि मानवता और समर्पण का प्रतीक है।

## संक्षिप्त खबरें

### नेमरा पहुंचे जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव, दिशोम गुरु को दी श्रद्धांजलि



**बरही :** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन की सूचना मिलने पर झारखंड में इन दिनों लगातार उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करने को लेकर वीआईपी मूवमेंट दिख रहा है। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के पैतृक गांव नेमरा में लगातार नेताओं का आना जाना जारी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पारंपरिक वेशभूषा धारण कर साधारण जीवन व्यतीत करते हुए अपने पिता के श्राद्ध कर्म में जुटे हुए हैं। इसी बीच मंगलवार को हजारीबाग जिला जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव श्रद्धांजलि अर्पित करने नेमरा पहुंचे। उन्होंने गुरुजी को श्रद्धा सुमन अर्पित किए और झारखंड के मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मुलाकात किया। इस दौरान किशुन यादव ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन का संघर्ष और त्याग सदैव प्रेरणा देता रहेगा।

### चौपारण में सीएससीए द्वारा 36वां चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का हुआ शुभारंभ



**चौपारण :** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में चौपारण स्पोर्ट्स एंड कल्चरल एसोसिएशन द्वारा आयोजित 36वां चार दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट का शुभारंभ मंगलवार को धूमधाम से हुआ। टूर्नामेंट का उद्घाटन दृष्टि आई हॉस्पिटल के संचालक इमरान खान, सीएससीए अध्यक्ष तस्लीम रजा और सेना के जवान राहुल कुमार ने संयुक्त रूप से किया। पहले दिन खेले गए मुकाबलों में दर्शकों ने रोमांचक खेल का आनंद लिया। उद्घाटन मैच में पदमा ने मयुरहंड को एकतरफा अंदाज में 4–0 से पराजित किया। दूसरे मुकाबले में एकतारा ने गंगा आहार को हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। तीसरे मैच में तुरिया करमा ने सिंघरांवा को 2–0 से मात दी, जबकि चौथा मुकाबला मलकपुर और सेवाल करमा के बीच खेला गया। टूर्नामेंट में खिलाड़ियों ने बेहतरीन खेल कौशल और टीम वर्क का प्रदर्शन किया। इस आयोजन में महत्वपूर्ण योगदान देने वालों में राहुल कुमार, अजय यादव, अंशु राय, राजा कुमार, सूरज कुमार, अमरजीत कुमार, विक्रम कुमार, सचिन कुमार, बबन कुमार और अमन कुमार के नाम उल्लेखनीय रहे। सीएससीए परिवार द्वारा बताया गया कि इस टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला 15 अगस्त को खेला जाएगा। उस दिन विविध खेलकूद कार्यक्रम होंगे। पुलिस प्रशासन और स्थानीय टीम का प्रदर्शनी मैच भी होगा। आयोजन स्थल चौपारण ब्लॉक मैदान पर खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ रही है, जिससे खिलाड़ियों का उत्साह दोगुना हो गया है।

### मां कात्यायनी मंदिर परिसर में गणपति पूजा समिति की हुई बैठक, अध्यक्ष बने बीरेंद्र सिंह

**चौपारण :** प्रखंड के चैथी मोड़ स्थित माँ कात्यायनी मंदिर परिसर में गणपति महोत्सव को धूमधाम से मनाने को लेकर तैयारी के लिए बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि इस वर्ष भी पूर्व वर्षों की भांति गणपति महोत्सव का आयोजन उत्साह और श्रद्धा के साथ किया जाएगा। बैठक में तय हुआ कि गणपति महोत्सव के दौरान भजन–कीर्तन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, भक्ति गीत संध्या और सामूहिक आरती का आयोजन होगा। विसर्जन शोभायात्रा के साथ महोत्सव का समापन होगा। सहयोग राशि पूर्ववत ही रहने का निर्णय लिया गया। मौके पर सर्वसम्मति से वीरेंद्र सिंह को अध्यक्ष, सुधीर केसरी को कोषाध्यक्ष और रितेश सिंह को सचिव चुना गया। जानकारी हो बीते पंद्रह सालों से गणपति महोत्सव का आयोजन इस कमिटि द्वारा की जा रही है। मौके पर वीरेंद्र सिंह, रंजीत केसरी, सुधीर प्रसाद केसरी, राजेश कुमार केसरी, सर्वेश कुमार सिंह, रितेश सिंह, हीरा साव, बिंदुल प्रजापति, प्रसून कुमार सिंह, वीरेंद्र प्रजापति, मंगल सिंह, विक्की सिंह, सौरव सिंह, प्रतीक सिंह, अंशु कुमार, निशांत सिंह, जितेंद्र प्रसाद, सुधीर सिंह, श्रीकांत कुमार, अनुराग सिंह, अमर कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### चंदौल पंचायत में कांग्रेस का कमेटी हुआ गठन



**बड़कागांव :** कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष सुरेश महतो के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने को लेकर पंचायत स्तर पर कमेटी गठन करने का निर्णय लिया गया है जिसके तहत ग्राम पंचायत चंदौल में कांग्रेस कमेटी का गठन किया गया ।सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया जिसमें अध्यक्ष असरफ अली, उपाध्यक्ष नन्द किशोर राम को चुना गया। मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेश महतो, उपाध्यक्ष जमाल सगीर, मंडल अध्यक्ष श्याम भार्गव, सुरेश चौधरी, अनिल राम, महेंद्र यादव, ललु कुमार यादव, पंचेश्वर साव, अलाउद्दीन, मो नोसाद, नवल–किशोर भुइया, अवध दास के अलावा अन्य उपस्थित थे।

### समिति के नेत्र जांच शिविर में 113 छात्राओं के आंखों की जांच



**रामगढ़ :** स्वर्णरेखा महिला समिति (एसएमएस) ने पीवीयूएनएल के सहयोग से मंगलवार को कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय (केजीबीवी), पतरातू में नेत्र जांच शिविर लगाया। शिविर में कक्षा 11 वीं और 12 वीं की 113 छात्राओं की आंखों की जांच की गई। कार्यक्रम के दौरान स्वर्णरेखा महिला समिति की अध्यक्ष रेनू सहगल ने छात्राओं से बात करते हुए उन्हें कठिन परिश्रम करने के लिए प्रेरित किया और पढ़ाई में सफलता के लिए दृष्टि की महत्ता पर बल दिया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ दृष्टि न केवल पढ़ाई में बल्कि जीवन के हर क्षेत्र में सफलता की कुंजी है। विद्यालय की सभी छात्राओं के लिए नेत्र जांच की व्यवस्था की जाएगी, ताकि समय रहते उनकी दृष्टि संबंधी समस्याओं का निदान और उपचार संभव हो सके। इस पहल का उद्देश्य छात्राओं के स्वास्थ्य और शैक्षिक प्रगति को सुदृढ़ करना है।

## एक नजर

### स्वतंत्रता दिवस पर रांची में सभी मांस, मछली की दुकानें रहेंगी बंद

**रांची :** झारखंड की राजधानी रांची में स्वतंत्रता दिवस पर मांस, मछली, अंडा और मुर्गा बेचने वाली दुकानें बंद रहेंगी।रांची नगर निगम मे मंगलवार को इससे संबंधित आदेश जारी किए हैं। रांची नगर निगम की ओर से जारी आदेश के अनुसार स्वतंत्रता दिवस पर निगम क्षेत्र में आने वाली सभी मांस, मछली, अंडा और मुर्गा बेचने वाली दुकानें को बंद रहेंगी। इस दिन इन खाद्य वस्तुओं की खरीद-बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जो भी दुकानदार इनकी बिक्री करते पाए जाएंगे, उनके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### वन नेशन वन इलेक्शन पर आयोजित डीबेट में युरेनस हाउस विजेता

**रांची:** ओरमांझी स्थित कलकत्ता पब्लिक स्कूल के सभागार में मंगलवार को स्कूल स्तरीय डिबेट प्रतियोगिता का फाइनल राउंड संपन्न हुआ। विषय था वन नेशन वन इलेक्शन, जिसमें मार्स हाउस के छह प्रतिभागियों ने पक्ष में और यूरेनस हाउस के छह प्रतिभागियों ने विपक्ष में अपने तर्क रखा। रिव्यूटल राउंड में तीखे प्रश्नोत्तर के करीबी मुकाबले में यूरेनस हाउस विजेता और मार्स हाउस उपविजेता घोषित हुआ। उत्कृष्ट वक्ता का खिताब मार्स हाउस की प्रशंसा झा और यूरेनस हाउस की सुनिधि सिंह को मिला। वाइस प्रेसिडेंट प्रभाष कुमार झा ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया और रेक्टर मिथिलेश कुमार मिश्रा ने स्वागत भाषण दिया। प्रतिभागियों ने 129वें संविधान संशोधन विधेयक, संबंधित अनुच्छेदों, लॉ कमीशन की रिपोर्ट, नीति आयोग की अनुशंसाओं और अंतरराष्ट्रीय उदाहरणों पर विस्तार से विचार रखे। निर्णायक मंडल में संत जेवियर कॉलेज, रांची के राजनीति शास्त्र के प्राध्यापक डॉ आशुतोष कुमार पांडे और अंग्रेजी प्राध्यापक डॉ अन्नया बोस ने छात्रों के ज्ञान, वाक्पटुता और आत्मविश्वास की प्रशंसा की। विद्यालय प्रबंधन ने सभी प्रतिभागियों और निर्णायकों का आभार व्यक्त किया।

# झारखंड का ऋण जमा अनुपात लगातार हो रहा है बेहतर : मंत्री

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** झारखंड में राज्य स्तरीय बैंकर समिति की 92वीं राज्य स्तरीय बैठक प्रोजेक्ट भवन, धुर्वा में मंगलवार को आयोजित की गई। इस दौरान बैंकों और सरकार के बीच बेहतर समन्वय और योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर सहमति बनी। बैठक में बतौर मुख्य अतिथि शामिल राज्य के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने राज्य में वित्तीय समावेशन और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बैंकों के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कहा कि झारखंड का ऋणझजमा अनुपात लगातार बेहतर हो रहा है और जून 2025 की तिमाही में यह 51.32 प्रतिशत तक पहुंच गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 3.54 प्रतिशत अधिक है। इसे उन्होंने राज्य की आर्थिक प्रगति का सकारात्मक संकेत बताया। वित्त मंत्री ने वर्ष 2024-25 की वार्षिक ऋण योजना में हासिल उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि वर्ष 2025-26 में भी उसी गति से लक्ष्यों की प्राप्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने बैंकों को केंद्र और राज्य सरकार की फ्लैगशिप योजनाओं के तहत वित्तपोषण बढ़ाने का सुझाव दिया, ताकि समाज के कमजोर और वंचित वर्गों तक ऋण और वित्तीय सेवाओं की पहुंच मजबूत हो सके। उन्होंने विशेष रूप से 'गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना' मेधावी क्षात्रों के उच्च शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है में सुधार कर इसे और प्रभावी बनाने का निर्देश दिया और आश्वासन दिया कि इस दिशा में सरकार हर संभव सहयोग देगी। बैठक में कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व फंड के सही उपयोग पर भी चर्चा हुई। वित्त मंत्री ने कहा कि सीएसआर फंड का इस्तेमाल केवल महिला सशक्तिकरण, पर्यावरण संरक्षण, पौधारोपण, ग्रामीण विकास, जल संग्रहण, आपदा राहत, पुनर्वास और कला-संरक्षण जैसे निर्धारित क्षेत्रों में ही होना चाहिए। उन्होंने कहा कि झारखंड के कुछ बैंकों ने इस फंड का उपयोग निर्धारित उद्देश्यों से हटकर किया है, जो उचित नहीं है। बैठक में बैंक ऑफ इंडिया के कार्यपालक निदेशक सह एसएलबीसी, झारखंड के अध्यक्ष पीआर राजगोपाल ने राज्य में बैंकिंग सेवाओं के विस्तार और ऋण वितरण की प्रगति पर विस्तृत प्रस्तुति दी। उन्होंने कहा कि बैंकों का प्रयास है कि ग्रामीण और शहरी, दोनों क्षेत्रों में वित्तीय सेवाओं की पहुंच को और व्यापक बनाया जाए। बैठक में राज्य की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की, विशेष सचिव वित्त विभाग संदीप सिंह, झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसायटी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अनन्या मित्तल, भारतीय रिजर्व बैंक के क्षेत्रीय निदेशक प्रेम रंजन प्रसाद सिंह, राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक के मुख्य महाप्रबंधक गौतम कुमार सिंह, बैंक ऑफ इंडिया के मुख्य महाप्रबंधक अशोक कुमार पाठक, एसएलबीसी झारखंड के महाप्रबंधक गुरु प्रसाद गोंड, उप महाप्रबंधक सीएच गोपाला कृष्णा और संतोष कुमार सिन्हा सहित राज्य के सभी 24 जिलों के अग्रणी जिला प्रबंधक मौजूद थे।

## हमारी चुनावी प्रक्रिया को विश्व देख रहा शक की निगाह से : कमलेश



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने कहा है कि भारत का लोकतंत्र हमारे संविधान की नींव पर टिका है। हमारे संविधान में एक व्यक्ति एक वोट का अधिकार दिया गया है। संविधान निमार्ताओं ने परिकल्पना की थी कि भारत के नेतृत्वकर्ता को चुनने में सबको समान अधिकार है।लेकिन इस अधिकार की चोरी भाजपा चुनाव आयोग के साथ मिलकर कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने मंगलवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोकतंत्र में वोट का अधिकार जनता को सबसे ज्यादा ताकत देता है। यह ताकत वोट चोरी से जनता से छीनी जा रही है। वोट की चोरी से भाजपा देश में सत्ता हासिल कर रही है। उन्होंने कहा कि विपक्ष की ओर से सवाल उठाने पर नेताओं को हिरासत में लिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी ने सबूत के साथ वोट चोरी का खुलासा किया, लेकिन चुनाव आयोग शपथ पत्र मांग रहा है लोकतंत्र का इससे बड़ा मजाक नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि भारत के चुनावी प्रक्रिया की पूरे विश्व में मिसाल दी जाती थी। लेकिन आज हमारी चुनावी प्रक्रिया को विश्व जगत शक की निगाह से देख रहा है। कमलेश ने कहा कि चुनाव आयोग अगर निष्पक्ष है तो इलेक्ट्रॉनिक वोटर लिस्ट जारी करे और मतदान का सीसीटीवी फुटेज जारी करे। ताकी जनता का भरोसा चुनाव पर कायम रह सके। उन्होंने कहा कि साफ सुथरी वोटर लिस्ट स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की नींव है। यह जनता का हक है लेकिन इस हक पर डाका डाला जा रहा है।

## रांची विश्वविद्यालय में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कंट्रोल बोर्ड की हुई बैठक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** रांची विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो (डॉ) धर्मेंद्र कुमार सिंह की अध्यक्षता में स्पोर्ट्स एंड कल्चरल कंट्रोल बोर्ड की बैठक विश्वविद्यालय के आइएमएस सभागार में मंगलवार को हुई। बैठक में खेल? बजट बनाने और सत्र 2025-26 के लिये खेल आयोजनों और ट्रायल कैलेंडर की जानकारी दी गयी। सबसे पहले डीएसडब्ल्यू डॉ सुदेश कुमार साहु ने सत्र 2022-25 खेल और सांस्कृतिक आयोजनों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया और खेल तथा कला संस्कृति में रांची विश्वविद्यालय की उपलब्धियों को बताया। वहीं कुलपति ने प्रो (डॉ) धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि झारखंड की धरती खेल और संस्कृति की धरती है। यहां जुनून है, झारखंड ने धोनी, सिल्वानुस डुंगडूंग जैसे खिलाड़ियों को दिया है। यहां की मिट्टी से संगीत की खुशबू आती है। झारखंड की संस्कृति से दुनिया बहुत कुछ सीख सकती है। सफलता केवल क्लासरूम की डिग्री से नहीं मिलती है। सफलता का एक शर्त फिजिकली फिट होना है। शिक्षा का मूल उद्देश्य जीयो और जीने दो है। कुलपति ने विश्व ।विद्यालय में एंटीड्रग सेल बनाने की बात कही। कुलपति ने कई बिंदुओं पर दिया निर्देश उन्होंने विश्वविद्यालय पदाधिकारियों, प्राचार्यों और कर्मचारियों कई बिंदूओं पर तेजी से कार्य करने ही बात कही। इनमें प्रत्येक कैंपस में एंटीड्रग सेल बनाने, डोपिंग अवेयरनेस पर फोकस करने, जिस खेल में हम बहुत अच्छे हैं उसमें बजट और प्रशिक्षण का दायरा बढ़ाने, खेल सलाहकारों की टीम में प्राचार्यों को ही नहीं खेल प्रशिक्षकों को हर हाल में शामिल करने, उन कालेजों में खेलों पर फोकस करने जहां खिलाड़ियों ने अच्छी उपलब्धि हासिल की है, शामिल है। कुलपति सहित अन्य लोगों ने कहा कि सभी कालेजों में किसी न किसी खेल का आयोजन कराया जायेगा। बैठक में कोर्डिनेटर स्पोर्ट्स रांची विश्वविद्यालय डॉ राजेश कुमार गुप्ता ने 2025-26 में विभिन्न खेलों के ट्रायल और उनके कॉलेज की जानकारी विस्ताजर से दी।

## संक्षिप्त खबरें

### लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने अपने गाने से दी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि



**रांची:** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद रहे शिबू सोरेन के निधन के बाद उन्हें लोग श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। इसी कड़ी में झारखंड के लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने भी दिवंगत शिबू सोरेन को अपने गाने के माध्यम से श्रद्धांजलि दी है। गायक आशुतोष द्विवेदी ने मंगलवार को अपना गाना लॉन्च करने बाद यूट्यूब पर उपलोड किया और अपनी ओर से दिशोम गुरु शिबू सोरेन को सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित की। गाना के बोल हैं वीर शिबू सोरेन का झारखंड दीवाना है। गुरुजी को याद कर अपनी मधुर आवाज से लोकगायक आशुतोष द्विवेदी ने उनकी पूरी जीवनी को इस गीत के माध्यम से परिभाषित किया है। इस गीत में उन्होंने वीर शिबू सोरेन की गाथा का पूर्ण वर्णन किया है। उन्होंने उनके संघर्षों को भी गीत के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया है। आशुतोष ने शिबू सोरेन के पैतृक गांव नेमरा जाकर झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पोस्टर सौंपकर उनसे आशीर्वाद भी प्राप्त किया। मुख्यमंत्री ने आशुतोष का धन्याद किया और संगीत की दुनिया में आगे बढ़ने का आशीर्वाद भी दिया।नेमरा में मुख्यमंत्री से मुलाकात के दौरान मुख्य रूप से अवधेश ठाकुर, सतीश मिश्रा और अतिंद्र नाथ वैध उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि आशुतोष द्विवेदी ने शिबू सोरेन के इस धरती से जाने से झारखंड तो शून्य हो गया, परन्तु उनके बताए हुए रास्ते को जन-जन तक पहुंचाने को लेकर यह गीत बनाया है। इस गीत के निमार्ता राजीव सिंह, उप निमार्ता डॉ. अनिल कुमार हैं। संगीत हर्ष उपाध्याय ने दिए हैं।

### समर्पण शाखा के दीपोत्सव मेला के पोस्टर का हुआ विमोचन



**रांची:** मारवाड़ी युवा मंच रांची समर्पण शाखा की ओर से शाखा की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल के नेतृत्व में मंगलवार को दिगम्बर जैन भवन में दीपोत्सव मेला के पोस्टर का विमोचन किया गया। यह मेला चार और पांच अक्टूबर को दिगम्बर जैन भवन हरमू रोड में लगेगा। मेले में कुर्ती, बेडशीट, होम मेड आइटम, राखी सहित कई चीजों के स्टाल लगाए जाएंगे। मेले में शॉपिंग के अलावा फूड स्टाल और गेम्स भी रहेगा। स्टॉल की बुकिंग शुरू हो गई है। कई स्टाल बुक भी हो गए हैं। संस्था की मीडिया प्रभारी ने बताया कि मेले से रिलेटेड कोई भी जानकारी के लिए संस्था की चार संयोजिकाओं मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी और रोजी खंडेलवाल से संपर्क किया जा सकता है। इस अवसर पर संस्था की अध्यक्ष पूजा अग्रवाल, सचिव शुभा अग्रवाल, निवर्तमान अध्यक्ष विनीता सिंघानिया, पूर्व अध्यक्ष मीनू अग्रवाल, सरिता बथवाल, कविता सोमानी, वर्षा धानुका सहित अन्य सदस्य उपस्थित थीं।

## अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208वीं जयंती मनाई गई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में मंगलवार को हटिया स्थित शहादत स्मारक स्तंभ प्रांगण और बड़कागढ़ जगन्नाथपुर ठाकुर निवास में अमर शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की 208वीं जयंती मनाई गई। सबसे पहले ठाकुर निवास में शहीद ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। जयंती समारोह के मुख्य अतिथि झारखण्ड राज्य क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि वीर स्वतंत्रता सेनानी और छोटानागपुर राज परिवार के सपूत ठाकुर विश्वनाथ शाहदेव ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया। उन्होंने सरकार से शहीद परिवार को सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य और रोजगार संबंधी सहायता देने, शहादत स्थल का सौंदर्यीकरण करने और शहीद के प्रत्यक्ष उत्तराधिकारी ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव को हर संभव मदद करने की अपील की। उन्होंने कहा कि एचईसी की स्थापना शहीद की भूमि पर हुई और वे पहले विस्थापित थे, इसलिए प्रबंधन को उनके सम्मान में ठोस पहल करनी चाहिए। समारोह की अध्यक्षता कर रहे ठाकुर सुधांशु नाथ शाहदेव ने अमर शहीद की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए स्मारक स्तंभ के सौंदर्यीकरण की मांग की। उन्होंने कहा कि शहीदों की जीवनी को पाठ्यपुस्तकों में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि नई पीढ़ी को उनके बलिदान और देशप्रेम से प्रेरणा मिले। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि अभिषेक सहाय सहित परमेश्वर सिंह, अनिल कुमार, निरंजन कुमार, मुख्तार अंसारी, अरुण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, बेबी कच्छप, चंदन कविराज और विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग शामिल हुए। वक्ताओं ने शहीद परिवार के सम्मान, जयंती और शहादत दिवस को धूमधाम से मनाने और विस्थापितों के अधिकारों की रक्षा करने की मांग रखी।

## श्री श्याम मंदिर में 166वां सुंदरकांड, हनुमान चालीसा पाठ व महाआरती का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची :** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज 166 वा श्री सुंदरकांड श्री हनुमान चालीसा का पाठ का आयोजन किया गया। साधु संत के तुम रखवारे असुर निकंदन राम दुलारे के गायन व बजरंग बली की जय जयकारों से हरमू रोड का श्री श्याम मंदिर गूंज रहा था। अरुण खूंटेटा ने बालाजी महाराज की अखंड ज्योति प्रज्जवलित कर केसरिया पेड़ा गुड़ चना फल का भोग बालाजी महाराज को अर्पित किया। अरुण खूंटेटा ने श्रीरामचरितमानस ग्रंथ की पूजा करके पाठ वाचकों का चंदन वंदन कर आशीर्वाद प्राप्त किया। पाठ वाचक मनीष सारस्वत ओम शर्मा ने अपने सहयोगियों के साथ ढोलक ढपली के स्वर के साथ श्री गणेश वंदना कर श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया। सुंदरकांड का संगीतमय पाठ उपस्थित जनों से करवाया गया। भक्तजन श्री हनुमान जी की आराधना में लीन थे। पाठ के मध्य में भजनों का गायन भी किया गया। श्री सुंदरकांड के पाठ के उपरांत पुनः श्री हनुमान चालीसा का पाठ करके महाआरती करके भक्तजनों को प्रसाद वितरित किया गया। श्रवण ढानढनिया ने चना प्रसाद सेवा पुष्पा देवी पोद्दार ने केसरिया पेडा सेवा मुकेश मित्तल ने गिरिगोला सेवा एवम राजेश जयसवाल ने फल प्रसाद सेवा निवेदित की। इस अवसर पर अध्यक्ष गोपाल मुरारका महामंत्री गौरव अग्रवाल कोषाध्यक्ष मनोज खेतान पूर्व अध्यक्ष विश्वनाथ नारसरिया उपाध्यक्ष श्रवन ढानढनिया स्नेह पोद्दार राजेश ढांढनीया अनिल नारनौली अरुण खूंटेटा हर्ष कृष्णा कुमार आदि भक्त उपस्थित थे।


भारतीय वायु सेना INDIAN AIR FORCE

JOIN INDIAN AIR FORCE AS AN AGNIVEERVAYU

INDIAN AIR FORCE INVITES UNMARRIED INDIAN MALE AND FEMALE CANDIDATES TO APPEAR IN RECRUITMENT RALLY FROM 27 AUGUST 2025 TO 04 SEPTEMBER 2025TO JOIN THE IAF AS AGNIVEERVAYU (OTHER THAN SCIENCE) INTAKE 01/2026 AT BARIPADA (ODISHA).

| | | |
|---|---|---|
| 1. | **Venue / Location** | Baripada Stadium (Chhau Ground), Bhanjapur Police Station, Baripada Town, Mayurbhanj District, Odisha-757002 |
| 2. | **Marital Status and Date of Birth Block** | Candidate should be unmarried and born between **01 January 2005 and 01 July 2008(both dates inclusive).** |
| 3. | **Educational Qualification** | Candidate should have passed Intermediate/ 10+2/ Equivalent Examination in any stream/ subjects from Education Boards recognised by Central/ State/ UT with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English. **OR** Passed two years Vocational Course from Education Boards recognised by Central/ State/ UT with minimum 50% marks in aggregate and 50% marks in English in Vocational Course (or in Intermediate/Matriculation if English is not a subject in Vocational Course). **OR** Passed Three years Diploma Course in Engineering (Mechanical / Electrical/ Electronics/ Automobile/ Computer Science/ Instrumentation Technology/ Information Technology) from Central, State and UT recognised Polytechnic institute with 50% marks in aggregate and 50% marks in English in Diploma Course (or in Intermediate/Matriculation, if English is not a subject in Diploma Course). **Note-1.** Education Boards recognised by Central, State and UT as on date of selection test shall only be permitted. **Note-2.** Exact aggregate percentage of marks before decimal as written in the marks sheet of 10+2/ Intermediate/ Equivalent Examination/ Three years Diploma Course/ Two years vocational course OR calculated as per the rules of concerned Education Board/ Polytechnic Institute shall only be considered (For example 49.99% should be taken as 49% and not to be rounded off to 50%). |
| 4. | **Stream** | Agniveervayu (other than science). |
| 5. | **Time & Date of Rally** | Reporting time at Rally Venue: **6 AM on 27 Aug, 30 Aug and 02 Sep** (as per details given below at Para 6) & Last time to report **1000 Hr.** |
| 6. | **State / Districts Covered** | **27 Aug 25**: Men of all districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Tripura, Meghalaya, Manipur, Mizoram, Nagaland, West Bengal and Chhattisgarh. **30 Aug 25**: Men of all districts of States of Jharkhand, Odisha and Sikkim. **02 Sep 25**: Women of all districts of States of Assam, Arunachal Pradesh, Tripura, Meghalaya, Manipur, Mizoram, Nagaland, West Bengal, Chhattisgarh, Jharkhand, Odisha and Sikkim. |

FOR DETAILED ADVERTISEMENTLOG ON TO WEB PORTAL https://agnipathvayu.cdac.in

Scan QR code for detailed information

Cbc10803/11/0015/2526


## शपथ-पत्र के जरिए आचार्य बहाली में जेएसएससी कराए डीवी : संघ

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची :** टेट सफल सहायक अध्यापक संघ ने जेएसएससी की ओर से ली जाने वाली सहायक आचार्य बहाली में सफल अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक के कारण से हजारों लोगों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन से वंचित रखा गया है जो काफी निराशजनक है। जबकि जेएसएससी को चाहिए कि इस तरह की समस्या के लिए विशेष उपाय हो, लेकिन सिर्फ मौखिक रूप से यह कहना कि आप सभी के लिए जांच के बाद डीवी कराई जायेगी। जबकि यह स्पष्ट नहीं है कि जांच कब होगी या कितने दिनों में किया जाएगा।

संघ ने कहा कि एक दो पेपर में बयोमेट्रिक की वजह से डीवी नहीं होने से सफल अभ्यर्थियों का भविष्य अधर में लटका हुआ नजर आता है, जबकि पारा शिक्षक शत प्रतिशत प्रतिदिन विद्यालय आने और जाने के क्रम में बायोमैट्रिक से अपनी उपस्थिति बना रहे हैं। लेकिन जेएसएससी के डीवी प्रक्रिया में बयोमैट्रिक नहीं बन रही है जो आश्चर्यजनक है। जेएसएससी ने अब तक किसी को रिजेक्ट नहीं किया संघ ने कहा कि जेएसएससी को चाहिए कि एक शपथपत्र के माध्यम से भी सफल अभ्यर्थियों को डीवी करा लें। बाद में जांच के बाद कोई अभ्यर्थी गलत पाए जाते हैं तो जेएसएससी कार्रवाई कर सकती है।

इन बातों से अवगत कराने के लिए टेट सफल सहायक अध्यापक संघ के प्रदेश संरक्षण प्रमोद कुमार और अन्य अभ्यर्थियों की ओर से शिक्षा सचिव को विज्ञप्ति देकर और प्राथमिक शिक्षा निदेशक से मिलकर जेएसएससी की ओर से ली गई। सहायक आचार्य की परीक्षा में लोग सफल हुए। वैसे सफल अभ्यर्थियों का बायोमैट्रिक की वजह से एक या दो पेपर मिसमैच होने के कारण डीवी नहीं कराया गया। सचिव ने कहा कि कुछ समय दिजिए जेएसएससी ने अब तक किसी को रिजेक्ट नहीं किया है। साथ हीं मांगों से संबंधित कॉपी जेएसएससी को भेजने की बात कही। साथ ही आग्रह किया गया कि जब तक जंच नहीं होती है तब तक के लिए डीवी को नहीं रोका जाए और एक शपथ पत्र के माध्यम से डीवी कराया जाए। जांच के बाद यदि कोई दोषी मिलता है तो उनपर कार्रवाई करने के लिए विभाग और जेएसएससी स्वंतत्र हैं। लेकिन यदि इसमें देर की गई तो जिनकी नियुक्ति बाद में होगी वे एक ही बहाली में सीनियर जूनियर हो जाएंगे जो बिल्कुल सही नहीं होगा।

# 'हर घर तिरंगा' प्रभात फेरी का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** आजादी का अमृत महोत्सव' और 'हर घर तिरंगा' अभियान के तहत सेक्टर 2 स्थित प्रधान डाकघर बोकारो में आज सुबह भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया गया। यह प्रभात फेरी प्रधान डाकघर से शुरू होकर एडीएम बिल्डिंग, राजेंद्र प्रसाद मार्ग, नया मोड़ और बिरसा मुंडा चौक होते हुए पुनः प्रधान डाकघर पर संपन्न हुई। इस दौरान डाक विभाग के कर्मियों ने भारत माता की जय" और "वंदे मातरम" के नारे लगाकर माहौल देशभक्ति के रंग में रंग दिया। प्रभात फेरी का नेतृत्व धनबाद मंडल के डाक अधीक्षक उत्तम कुमार सिंह ने किया। डाक निरीक्षक अमित कुमार ने बताया कि हर घर तिरंगा अभियान का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम की भावना को जन-जन तक पहुँचाना और नागरिकों को देश के प्रति अपने कर्तव्यों के लिए जागरूक करना है। प्रधान डाकपाल रामचरण उरांव ने जानकारी दी कि प्रधान डाकघर बोकारो में तिरंगा मात्र 25 में आम जनता के लिए उपलब्ध है, जिसे सीधे पोस्ट ऑफिस काउंटर से लिया जा सकता है। इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में डाककर्मी शामिल हुए, जिनमें प्रमुख रूप से अमर कुमार मिश्रा, देवेंद्र कुमार, अजय कुमार, रवि रंजन, शिव किरण, प्रिया, पूनम दुबे, रेखा, अर्पिता मंडल, अंकिता, सुलेखा मंडल, पी.सी. बनर्जी, संतोष कुमार, अजय कुमार, रवि विश्वामित्र, विकास सेन, जितेंद्र कुमार, आकाश, राजेश, अभिजीत समानता सहित अन्य डाककर्मी मौजूद रहे। देशभक्ति से ओत-प्रोत यह आयोजन 'हर घर तिरंगा' अभियान को और मजबूत बनाने में एक अहम कदम साबित हुआ।




## एक नजर

### अवैध बालू खनन एवं परिवहन के विरुद्ध खनन विभाग ने चलाया सघन जांच अभियान



**बोकारो :** मंगलवार को जिले के विभिन्न स्थानों पर अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध सघन जांच अभियान चलाया गया। इस दौरान दो स्थानों पर कार्रवाई करते हुए कुल दो ट्रैक्टर जब्त किए गए और संबंधित थानों में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पेटरवार थाना क्षेत्र में हुई कार्रवाई पेटरवार थाना अंतर्गत ओबरा फोरलेन क्रॉसिंग के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनिज का उत्खनन कर प्रेषण करते हुए एक ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर को विधिवत जब्त कर पेटरवार थाना को सुपुर्द किया गया तथा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई। सेक्टर-12 थाना क्षेत्र में भी हुई कार्रवाई सेक्टर-12 थाना अंतर्गत जेप-4 कार्यालय मुख्य द्वार के समीप पथ पर अवैध रूप से बालू खनन का प्रेषण करते हुए एक अन्य ट्रैक्टर को पकड़ा गया। ट्रैक्टर को जब्त कर सेक्टर-12 थाना को सुपुर्द किया गया और प्राथमिकी दर्ज की गई। जिला खनन पदाधिकारी श्री रवि कुमार सिंह ने बताया कि अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध इस प्रकार की कार्रवाई भविष्य में भी निरंतर जारी रहेगी।

### वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत संरक्षण का लिया संकल्प



**बोकारो :** सेंट जेवियर्स स्कूल, सेक्टर 1/3, बोकारो स्टील सिटी में इको क्लब के तत्वाधान में विद्यालय के मध्य खंड एवं सोशल सर्विस लीग के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम वृक्षारोपण आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण की भावना तथा प्रकृति के साथ अटूट संबंध को सुदृढ़ करना था। यह पहल मानव और प्रकृति के मधुर रिश्ते के साथ-साथ पर्यावरण की देखभाल एवं संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश देती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, पेड़ केवल प्रकृति की शोभा नहीं बढ़ाते, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार हैं। उनका संरक्षण हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने एक अनूठी पहल करते हुए पौधों पर राखी बाँधी और उन्हें हरे-भरे मित्र मानकर उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया।

## आरपीवाई बीएड कॉलेज में पुस्तकालय दिवस पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** रमेश प्रसाद यादव शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय में पुस्तकालय के जनक कहे जाने वाले एस. आर. रंगानाथन के जन्मदिवस के अवसर पर मंगलवार को पुस्तकालय दिवस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती व एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्प अर्पित कर व द्वीप प्रज्वलन के साथ किया गया। कार्यक्रम में प्रशिक्षु राहुल शर्मा ने एस. आर. रंगनाथन के जीवनी पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय के पुस्तकालय अध्यक्ष मिथलेश कुमार ने पुस्तकालय के इतिहास, विकास, पुस्तकालय के जनक, महत्व, पुस्तकों की उपयोगिता की संक्षिप्त जानकारी उपलब्ध कराई गई। वहीं प्राचार्य डॉ. लक्ष्मी सरकार ने छात्रों को पुस्तकालय से अधिक से अधिक लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्रों को बताया कि ज्ञान कभी व्यर्थ नहीं जाता है। पुस्तकें हमारा सबसे अच्छा मित्र होती हैं। हमें पुस्तकालय एवं पुस्तकों के महत्व को समझना चाहिए। कार्यक्रम में मंच संचालन प्रशिक्षु सुनील कुमार ने किया। मौके पर सहायक प्राध्यापक, डॉ. संजीव कुमार, मो. सेराज, विनोद यादव, रविभूषण सिंह, सैयद खुर्शीद अली, अनिल कुमार, जयन्ती कुमारी, खामा रानी सहित शिक्षकेतर कर्मचारी मिथलेश कुमार, सुजीत कुमार, श्रवण कुमार, गौरव कुमार, शाहिद खान, सेंटू कुमार, कुंदन कुमार, चंदन कुमार सहित सत्र 2024-26 के प्रशिक्षु अजित, पंकज, अख्तर, सुनील, गणेश, प्रकाश, संदीप आदि मौजूद रहे।

## तिरंगा यात्रा में उमड़ा देशभक्ति का जज्बा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**कोडरमा :** युवा शक्ति - एक नई सोच संस्था के तत्वावधान में 9 अगस्त क्रांति दिवस के उपलक्ष्य पर वीर शहीद नुनमुन धोबी, चुरामन मोदी, उदित नारायण मेहता एवं मंगल साव की स्मृति में भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। इस अवसर पर डोमचांच प्रखंड के कई शिक्षण संस्थानों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान से हुआ, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए ऐतिहासिक शहीद स्मारक महेशपुर पहुँची और पुनः चंद्रावती स्मारक उच्च विद्यालय के मैदान में समाप्त हुई। पूरे मार्ग में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति नारों और उत्साह के साथ वातावरण को गुंजायमान कर दिया। कार्यक्रम में 45 झारखंड बटालियन एनसीसी के कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार के कुशल मार्गदर्शन में एनसीसी अधिकारी सूरज वर्मा एवं भारतीय सेना हवलदार दिलेश्वर हवलदार रवि कुमार तथा सी एम प्लस टू हाई स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने सक्रिय भागीदारी निभाई। कमांडिंग ऑफिसर विजय कुमार ने कहा कि तिरंगा हमारी आन, बान और शान का प्रतीक है। यह हमें न केवल देश के लिए त्याग और समर्पण का संदेश देता है, बल्कि समाज में एकता और भाईचारे की प्रेरणा भी प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे शहीदों के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें। इस तिरंगा यात्रा में डोमचांच प्रखंड के विभिन्न स्कूलों के लगभग 200 एनसीसी कैडेट्स एवं छात्र-छात्राएं शिक्षक गण एवं अभिभावक एवं सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए।



## विश्व युवा दिवस पर किशोरियों के साथ जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सहयोगिनी बोकारो ने विश्व युवा दिवस के अवसर पर युवा शक्ति को प्रेरित करने और उनमें जागरूकता लाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किए। इस दौरान कसमार के टांगटोना, दुर्गापुर , गरी पंचायत, जरीडीह प्रखंड के ठाकुडटांड़, मानगो गांव में सहित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कसमार जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। सहयोगिनी को सचिव कल्याणी सागर ने बताया कि इस कार्यक्रम में, सहयोगिनी बोकारो की टीम ने युवाओं को उनके अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूक किया। इस दौरान, उन्हें सामाजिक कुरीतियों, जैसे , बाल तस्करी, दहेज प्रथा और बाल विवाह, यौन हिंसा के खिलाफ आवाज उठाने के लिए प्रेरित किया गया। टीम सदस्य रेखा देवी, कुमारी किरण, संगीता देवी रवि कुमार राय, अनिल कुमार हेंब्रम ने युवाओं को सरकारी योजना,शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के अवसरों के बारे में भी जानकारी दी, ताकि वे अपने भविष्य को बेहतर बना सकें। कार्यक्रम में युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विचार साझा किए। कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय, कसमार में आयोजित कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्राओं को सशक्त बनाना था। सहयोगिनी बोकारो की सदस्य मंजू देवी ने इस दौरान युवा सशक्तिकरण को लेकर चित्रांकन प्रतियोगिता का आयोजन कराया। छात्राओं को आत्मरक्षा के गुर सिखाए और उन्हें अपनी सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने की सलाह दी। इसके अलावा, मासिक धर्म स्वच्छता के महत्व पर भी विस्तार से चर्चा की गई, जिससे किशोरियों में जागरूकता बढ़े। इस दौरान, छात्राओं को करियर काउंसलिंग भी दी गई ताकि वे अपनी रुचि के अनुसार सही क्षेत्र का चुनाव कर सकें। सहयोगिनी बोकारो की सचिव श्रीमति कल्याणी ने बताया कि इन कार्यक्रमों का लक्ष्य युवाओं को समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रोत्साहित करना है। उन्होंने कहा कि युवा देश का भविष्य हैं और उन्हें सही मार्गदर्शन देना हमारी जिम्मेदारी है। इन कार्यक्रमों की सफलता को देखते हुए, सहयोगिनी बोकारो ने भविष्य में भी ऐसे आयोजन जारी रखने की प्रतिबद्धता जताई है।

## बोकारो में कराटे एसोसिएशन की वार्षिक बैठक सभी स्कूलों में नि:शुल्क प्रशिक्षण देने की घोषणा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** खेल कराटे एसोसिएशन झारखंड का वार्षिक बैठक का आयोजन मंगलवार को नया मोड़ स्थित रिलायंस होटल में संपन्न हो गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कराटे एसोसिएशन के चेयरमेन सह डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ एएस गंगवार ने कहा वर्तमान समय में छात्राओं को आत्म सुरक्षा को लेकर जिले के सभी स्कूलों में कराटे खेल को बढ़ावा देना जरूरी है। इससे कराटे एसोसिएशन की ओर से जिले के सभी स्कूलों में छात्र व छात्राओं को कराटे खेल का निशुल्क प्रशिक्षण देने की व्यवस्था की जा रही है। जिससे जिले के छात्र-छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्म सुरक्षा कर सकेंगे। समय की कमी के कारण छात्र मैदान से दूर जा रहे हैं वे हमेशा मोबाइल से चिपके रहने के कारण बच्चों को कराटे खेल से जोड़ने पर बल दिया गया। खेल कराटे एसोसिएशन का विस्तार करते हुए, उपाध्यक्ष पद पर कैराली स्कूल की प्राचार्य रूमा मिश्रा को मनोनीत किया गया। बैठक में जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय कराटे प्रतियोगिता का आयोजन बोकारो में करने का निर्णय लिया गया। चतुर्थ इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन कोलकाता में 31 अगस्त से होना है। उसमें झारखंड के चयनित कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। बैठक में चेयरमेन डॉ एएस गंगवार,वाइस चेयरमैन सोमेन चक्रवर्ती,अध्यक्ष मुकेश कुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष रूमा मिश्रा ,सचिव खेदु गोराइ ,विशिष्ट अतिथि अंजनी भूषण ,सदस्य सर्वेश कुमार दुबे, लखीकांत साहू, एम प्रसाद समेत अन्य शामिल रहे।



## वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत संरक्षण का लिया संकल्प



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** सेंट जेवियर्स स्कूल, सेक्टर 1/3, बोकारो स्टील सिटी में इको क्लब के तत्वाधान में विद्यालय के मध्य खंड एवं सोशल सर्विस लीग के विद्यार्थियों द्वारा एक प्रेरणादायक कार्यक्रम वृक्षारोपण आयोजित किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता, संरक्षण की भावना तथा प्रकृति के साथ अटूट संबंध को सुदृढ़ करना था। यह पहल मानव और प्रकृति के मधुर रिश्ते के साथ-साथ पर्यावरण की देखभाल एवं संरक्षण की सामूहिक जिम्मेदारी का सशक्त संदेश देती है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे. ने अपने प्रेरक संबोधन में कहा, पेड़ केवल प्रकृति की शोभा नहीं बढ़ाते, बल्कि यह हमारे जीवन का आधार हैं। उनका संरक्षण हम सभी का नैतिक और सामाजिक दायित्व है। रक्षाबंधन के इस पावन अवसर पर विद्यार्थियों ने एक अनूठी पहल करते हुए पौधों पर राखी बाँधी और उन्हें हरे-भरे मित्र मानकर उनकी सुरक्षा व देखभाल का संकल्प लिया। परिसर के विभिन्न हिस्सों में पौधारोपण किया गया।उपस्थित सभी ने यह वचन दिया कि वे इन पौधों की रक्षा वैसे ही करेंगे जैसे अपने परिवार के सदस्यों की करते हैं। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य फादर अरुण मिंज, एस.जे., इको क्लब की संयोजिका मिस नेहा कुमारी तथा सह-संयोजिका श्रीमती गुल्फेशाँ बज्मी विशेष रूप से उपस्थित रहीं।

## बोकारो के औद्योगिक विकास को लेकर सांसद ढुलू महतो ने पीयूष गोयल को सौंपा ज्ञापन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** धनबाद के सांसद ढुलू महतो ने मंगलवार को बोकारो के औद्योगिक विकास एवं रोजगार सृजन के दृष्टिकोण से एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल जी से उनके दिल्ली स्थित कार्यालय में मुलाकात किया। इस अवसर पर बोकारो की विभिन्न औद्योगिक एवं व्यापारी संगठनों के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधिमंडल ने सांसद के साथ संयुक्त रूप से ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बोकारो इंडस्ट्रियल कॉरिडोर की स्थापना, बोकारो स्टील प्लांट के ब्राउनफील्ड एक्सपेंशन प्रोजेक्ट में स्थानीय टरटए इकाइयों की भागीदारी, तथा औद्योगिक क्षेत्र की पुनर्संक्रियता जैसे अहम मुद्दों माँग की गई है। प्रतिनिधिमंडल ने मंत्री महोदय को अवगत कराया कि बोकारो और धनबाद क्षेत्र खनिज संसाधनों, मजबूत कनेक्टिविटी और औद्योगिक संभावनाओं से परिपूर्ण है, परंतु औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर और नीतिगत सहयोग की कमी के कारण इसकी पूरी क्षमता का लाभ नहीं मिल पा रहा है। सांसद ढुलू महतो ने बोकारो में प्रस्तावित 700 एकड़ भूमि पर प्रदूषण-मुक्त और उच्च-तकनीकी औद्योगिक इकाइयों के लिए कॉरिडोर स्थापित करने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि इस परियोजना के क्रियान्वयन से न केवल क्षेत्रीय स्तर पर हजारों युवाओं को रोजगार मिलेगा, बल्कि केंद्र और राज्य सरकार को राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी। साथ ही, इससे बोकारो अपने पुराने औद्योगिक गौरव को पुनः प्राप्त करेगा। मुलाकात के दौरान बोकारो स्टील प्लांट के अधीन बंद पड़े भवनों, स्वास्थ्य केंद्रों और स्कूल परिसरों का व्यावसायिक एवं सामाजिक उपयोग, स्थानीय औद्योगिक इकाइयों को प्राथमिकता के साथ कार्य आवंटन, तथा वृद्धजनों की सुविधा हेतु आधारभूत संरचना विकसित करने जैसे सुझाव भी मंत्री के समक्ष रखे गए।



## संक्षिप्त खबरें

### चंदवारा प्रखंड में 558 बच्चों को कल्याण विभाग के सौजन्य से साइकिल का हुआ वितरण



चंदवारा : कल्याण विभाग के सौजन्य से चंदवारा प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में अध्ययनरत कुल 558 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइकिल वितरण कार्यक्रम में चंदवारा प्रखण्ड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोंडो, उत्क्रमित मध्य विद्यालय पिपराही, चौराही, सरदारडीह, मंझलाडीह, चंदवारा, जौंगी, आरागारो, मदनगुंडी, घुटीटांड़ और महुगांव के बच्चों को भी साइकिल प्रदान की गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रखंड विकास पदाधिकारी सुमीत कुमार मिश्रा, जिला परिषद सदस्य नीतू यादव, सांसद प्रतिनिधि प्रवीण कुमार उर्फ बंटी मोदी, प्रखंड प्रमुख मंजू देवी, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, बीपीओ विजय बर्णवाल, सुरेश यादव उपस्थित थे। साइकिल प्राप्त करने वाले बच्चों के चेहरों पर खुशी झलक रही थी। मौके पर संबोधित करते हुए अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा कि साइकिल योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को विद्यालय आने-जाने में सुविधा प्रदान करना और शिक्षा के प्रति उनकी निरंतरता बनाए रखना है। उन्होंने अभिभावकों से भी अपील की कि वे बच्चों को नियमित रूप से विद्यालय भेजें ताकि वे बेहतर शिक्षा प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में बच्चे मौजूद रहे।

### भाजपा नवलशाही मंडल द्वारा निकाला गया तिरंगा यात्रा



**कोडरमा:** हर घर तिरंगा यात्रा 2025 राष्ट्रीय व्यापी अभियान के तहत और देश के वीर सैनिकों के सम्मान मे दिन मंगलवार को डीजे के साथ भारतीय जनता पार्टी नवलशाही मंडल के द्वारा मंडल उपाध्यक्ष किशोर यादव के नेतृत्व में तिरंगा यात्रा निकाला गया। यह यात्रा मंडल दफ्तर पंकु साव के आवास से कोडरमा - गिरिडीह मुख्य मार्ग से नवलशाही थाना भवन होते हुए पंकु साव के आवास पर वापस आकर समाप्त हो गई । यह तिरंगा यात्रा में मुख्य रूप से जिला उपाध्यक्ष राजेश सिंह मौजूद रहे। इस दौरान लोगो ने तिरंगा झंडा हाथों मे लेकर देश भक्ति राष्ट्र गाण के साथ सड़को पर निकले। इस दौरान लोगो ने कहा की तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्र प्रेम और एकता की भावना को जगाना है। मौके पर हरदेव साव, प्रिंस सिंह, पंकज मेहता, कृष्णा साव, राजकुमार तिवारी, अमल कुमार मेहता, चंदन कुमार मेहता, शिवशंकर यादव, दीपक सिंह, पवन कुमार मेहता, अशोक मेहता, नितेश तिवारी, महेंद्र यादव, रामप्रसाद राम यदि अन्य लोग मौजूद थे।

### भाजपा ने किया महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई एवं माल्यार्पण



**बोकारो :** भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा कार्यक्रम के तहत आज बोकारो नगर के द्वारा शहर में स्थापित महापुरुषों के प्रतिमा स्थल की साफ सफाई एवं प्रतिमा पर माल्यार्पण और पुष्पांजलि की गई। पार्टी कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम के मंडल प्रभारी कुमार अमित के नेतृत्व में नयामोड़ स्थित भगवान बिरसा मुण्डा और एडीएम बिल्डिंग के पास डॉ. राजेंद्र प्रसाद एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा स्थलों की भी साफ सफाई की। इसके उपरांत कार्यकर्ताओं ने प्रतिमा पर माल्यार्पण भी किया। कुमार अमित ने बताया कि पार्टी के इस कार्यक्रम के तहत स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीद जवानों के परिजन को भी सम्मानित किया जाएगा एवं बुधवार को बोकारो नगर के द्वारा 12 बजे दिन में सेक्टर 4 गांधी प्रतिमा के पास स्वच्छता के उपरांत वहाँ से तिरंगा यात्रा भी निकाला जाएगा। इस अवसर मंडल अध्यक्ष अनील सिंह, महामंत्री गोलू उपाध्यक्ष, अमित सिंह, गौरी शंकर दुबे, राज रंजन, मॉन्टी सिंह, निलम उपाध्याय, ममता गोस्वामी, नीरज पांडे, मनोज झा, विशाल गौतम, लालबाबू, शंकर त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाओं व स्थलों की साफ-सफाई शुरू



**कोडरमा :** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय जनता पार्टी जिला कोडरमा के नेतृत्व में झुमरी तिलैया में स्वतंत्रता सेनानियों एवं शहीदों की प्रतिमाओं व स्मारकों की साफ-सफाई अभियान चलाया गया। जिला अध्यक्ष अनूप जोशी ने बताया कि यह अभियान उन महापुरुषों को श्रद्धांजलि अर्पित करने का एक प्रयास है, जिनके बलिदान से देश को आजादी मिली। उन्होंने कहा कि शहीदों के स्मारक और प्रतिमाएं हमारी धरोहर हैं, जिनका संरक्षण और सम्मान हम सभी की जिम्मेदारी है इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में झुमरी तिलैया मण्डल अध्यक्ष सुधीर सेठ,मण्डल मंत्री भारत लाल पांडेय,राजेश वर्मा,अजीत चन्द्रवंशी, अर्जुन सिंह ,पवन सिंह,सन्तोष कुमार वर्मा,विजय वर्णवाल, चन्दन पासवान, वैभव सिन्हा,अनिल शर्मा ,प्रकाश सोनकर,गोलू,आदि उपस्थित थे ।

www.tezraftarlive.com
Follow as on Email-navbiharjh@gmail.com
रांची संस्करण


# हर घर तिरंगा अभियान : रघुवर दास ने कार्यकर्ताओं को सौंपा तिरंगा, नागरिकों से घरों पर ध्वज फहराने की अपील

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**जमशेदपुर :** भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर घर तिरंगा अभियान के तहत जमशेदपुर पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की सफलता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता रघुवर दास ने सोमवार को एग्रिको स्थित अपने आवासीय कार्यालय में कार्यकताओं को राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भेंट किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा क्षेत्र के सातों मंडल अध्यक्षों को सम्मानपूर्वक तिरंगा सौंपा। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया और सभी ने अभियान को जन-जन तक पहुंचाने एवं सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने कहा कि राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा भारत के स्वाभिमान और एकता का प्रतीक है। उन्होंने एक राष्ट्र-एक भावना के तहत सभी झारखंडवासियों एवं जमशेदपुरवासियों से अपील करते हुए कहा कि वे 13 से 15 अगस्त तक अपने घर, दुकान और फ्लैट पर सम्मानपूर्वक तिरंगा लगाएं। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे स्वतंत्रता संग्राम की भावना का प्रतीक है और जब पूरा जमशेदपुर, झारखंड व देश तिरंगामय होगा तो देशभक्ति का ज्वार देखने को मिलेगा। साथ ही, घर-घर राष्ट्रीय ध्वज लगाने से खादी ग्रामोद्योग और हमारे बुनकर भाई भी सशक्त होंगे और देश आत्मनिर्भर भारत की दिशा में और मजबूती से आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर भाजपा जमशेदपुर महानगर के पूर्व जिलाध्यक्ष गुंजन यादव, जीवन लाल, पप्पू उपाध्याय, बबलू गोप, विकास शर्मा, सूरज सिंह, युवराज सिंह, रंजीत सिंह समेत कई अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।



## एक नजर

### मुरहू में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा, उमड़ी भीड़

**खूटी :** वीर सैनिकों के सम्मान में और आजादी के 78वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में भाजपा मुरहू मंडल के तत्वावधान में मंगलवार को मुरहू में भव्य और विशाल तिरंगा यात्रा निकाली गई। पूर्व ग्रामीण विकास मंत्री और पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा और भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो के नेतृत्व में निकाली गई तिरंगा यात्रा में भाजपा कार्यकताओं के साथ ही स्थानीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भागीदारी निभाई। मौके पर नीलकंठ सिंह मुंडा ने कहा कि रैली का उद्देश्य भारत सरकार के इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाना और स्थानीय लोगों को जागरूक करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि देश के हर नागरिक को अपने घरों में तिरंगा फहराना चाहिए। उन्होंने कहा कि तिरंगा हमारे देश की आन, बान और शान है। काशीनाथ महतो ने कहा कि लोगों में राष्ट्र प्रेम की भावना जागृत करने के लिए तिरंगा यात्रा निकाली गई है।

### वीर सैनिकों के सम्मान में भाजपा ने निकाली तिरंगा यात्रा

**खूंटी :** वीर सैनिकों के सम्मान में मंगलवार कों खूंटी जिला मुख्यालय में तिरंगा यात्रा निकाली गई। तिरंगा यात्रा खूंटी क्लब से आरंभ होकर नेताजी सुभाष चन्द्र बोस चौक से भगत सिंह चौक तक गई और वापस खूंटी क्लब कें पास आकर यात्रा सम्पन्न हो गई। तिरंगा यात्रा का उद्देश्य राष्ट्रप्रेम और एकता की भावना को जगाना है। इस तिरंगा यात्रा में स्कूल के बच्चों ने भी अपनी भागेदारी निभाई। कार्यक्रम में खूंटी के पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर गुप्ता, सुदन मुंडा, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ मुंडा, जिला महामंत्री संजय साहू, मीडिया प्रभारी अनूप साहू, महावीर राम, जिला कोषाध्यक्ष प्रियांक भगत, नगर मण्डल अध्यक्ष अर्जुन पाहन, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष मदन मोहन गोप, युवा मोर्चा अध्यक्ष रोहित साहू, कंचन सिंह सहित काफी संख्या में नागरिक शामिल थे।

### जुलाई में अवैध परिवहन करते 35 वाहन जब्त

**पलामू :** उपायुक्त समीरा एस की अध्यक्षता में मंगलवार को समाहरणालय में जिला खनन टास्क फोर्स की बैठक हुई। डीएमओ सुनील कुमार ने अवैध खनन पर कार्रवाई की रिपोर्ट उपलब्ध कराया। उन्होंने बताया कि जुलाई महीने में खनन विभाग स्तर से अबतक अवैध परिवहन और खनन कर रहे कुल 35 वाहनों को जब्त किया गया है। अवैध खनन करनेवालों से इस दौरान 20 लाख 59 हजार रुपये बतौर जुमार्ना भी वसूला गया, वहीं कुल सात लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी भी दर्ज की गयी है। वन प्रमंडल पदाधिकारी स्तर से अवैध खनन से जुड़े एक वाद दायर किया गया है। वहीं जिला परिवहन कार्यालय के तरफ से 19 वाहनों को जब्त कर पांच लाख 29 हजार रुपये बतौर जुमार्ना वसूला गया है। इसके अलावे अलग-अलग अंचलों की ओर से की गयी कार्रवाई में 28 वाहन जब्त किये गये है। इसमें सबसे अधिक हरिहरगंज में छह वाहन जब्त किये गये हैं। इस दौरान सतबरवा, चैनपुर, मनातू, लेस्लीगंज, पाटन, मोहम्मदगंज, हैदरनगर और तरहसी से कोई भी वाहन जब्त नहीं किया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, वन प्रमंडल पदाधिकारी सत्यम कुमार, तीनों एसडीओ, सहायक समाहर्ता, सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, सभी सीओ, सभी थाना प्रभारी सहित प्रदूषण से जुड़े प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# पिविटीजी परिवारों के टोलों में बनाएं सडकें : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में उपायुक्त आर रॉनिटा की अध्यक्षता में मंगलवार को विभिन्न विभागों के कार्यपालक अभियंताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य रूप से आरसीडी, आरईओ, एनआरईपी, आरडीडी, भवन प्रमंडल सहित अन्य विभागों की ओर से संचालित विकास के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान पीएमजीएसवाई, एमएमजीएसवाई के तहत सड़क निर्माण, पुल-पुलिया निर्माण कार्य, पीएम-अभीम योजनाओं के क्रियान्वयन, सरकारी भवन निर्माण और आवश्यकता अनुसार भवनों के रंग-रोगन, सहित अन्य कार्यों की अद्यतन स्थिति पर चर्चा की गई। उपायुक्त ने निर्देश दिया कि जिन निर्माण कार्यों में भूमि से संबंधित समस्या उत्पन्न हो रही है, वहां संबंधित क्षेत्रों के अंचल अधिकारी से समन्वय स्थापित कर समस्याओं को सुलझाने और कार्य को जल्द पूरा करने को कहा। अड़की सहित अन्य क्षेत्रों में रह रहे पिविटीजी परिवारों के टोलों में सड़कों की समीक्षा कर आवश्यकतानुसार सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करने का भी निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण कार्य निष्पादन सुनिश्चित करने पर बल दिया।

# सीआरपीएफ ने निकाली बाइक रैली, लोगों में बांट तिरंगा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**खूंटी :** आजादी के 78वें अमृत महोत्सव के उपलक्ष्य में सीआरपीएफ की 94 बटालियन खूंटी की ओर से मंगलवार को तिरंगा बाइक रैली निकाली गई। बाइक रैली मार्टिन बंगला होते हुए भगत सिंह चौक, नेताजी चौक, दुर्गा मंदिर से वापस 94 बटालियन सीआरपीएफ कैंपस में पहुंची। बाइक रैली के माध्यम से भारत सरकार के इस कार्यक्रम को जन-जन तक पहुंचाने के लिए आम नागरिकों के बीच तिरंगा ध्वजों का भी वितरण किया गया और हर घर तिरंगा अभियान के तहत स्थानीय लोगों को जागरूक करने के साथ ही राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान के साथ राष्ट्रवाद की भावना को बढ़ावा देने के लिए लोगों को अपने घर और कार्यालय में तिरंगा फहराकर महोत्सव में भागीदारी के लिए प्रेरित किया गया। अभियान का उद्देश्य लोगों के दिलों में देशभक्ति की भावना को बढ़ावा देना और राष्ट्र निर्माण के लिए अथक परिश्रम करने वालों के योगदान को याद करने के साथ ही लोगों को राष्ट्रीय ध्वज अपने घर में लगाने और भारत की स्वतंत्रता के प्रतीक के रूप में उसे फहराने के लिए प्रोत्साहित करना था। हर घर तिरंगा अभियान को सफल बनाने के लिए स्थानीय लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से निकाली गई। बाइक रैली में पुष्कर भारद्वाज द्वितीय कमान अधिकारी 94 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल, जय प्रकाश सिंह उप कमांडेंट, सूबेदार मेजर संजीव कुमार और अन्य जवानों ने अपने हाथ में तिरंगा लेकर देश के स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जनसाधारण को अपने घरों पर तिरंगा लगाने का संदेश दिया।

# पलामू में हर दूसरे दिन मौत जुलाई में हुईं 18 सड़क दुर्घटनाएं




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** जिले में जुलाई के महीने में हर दूसरे दिन मौत हुई। 18 सड़क दुर्घटनाओं में 14 की जान चली गयी, वहीं 29 गंभीर रूप से जख्मी हुए हैं। मंगलवार को समाहरणालय में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में ये आंकड़े निकल कर सामने आये। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त समीरा एस ने की। उपायुक्त ने जिला परिवहन पदाधिकारी जितेंद्र यादव से जुलाई महीने में हुई सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी ली। उन्हें बताया गया कि जुलाई में 18 सड़क दुर्घटनाएं हुई हैं जिनमें 14 लोगों की मृत्यु और 29 लोग गंभीर रूप से घायल हैं, जबकि 28 सामान्य रूप से घायल है। डीटीओ ने बताया कि जुलाई माह में अधिकांश सड़क दुर्घटनाओं में बाइक वाले शामिल थे। जिन 14 लोगों की मृत्यु हुई है उनमें आठ बाइक सवार शामिल हैं और सभी बगैर हेलमेट के थे। उपायुक्त ने सड़क दुर्घटनाओं की अद्यतन स्थिति, ब्लैक स्पॉट, अतिक्रमण सड़क जागरूकता कार्यक्रम पर समीक्षा करते हुए विभिन्न अधिकारियों को कई आवश्यक निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि इन दिनों बारिश के कारण विभिन्न सड़कों पर कई गड्ढें हो गये हैं। उन्होंने आरसीडी के प्रतिनिधि को पांकी, हुसैनाबाद स्टेशन रोड, पड़वा सहित अन्य सड़कों पर बने गड्ढे को दुरुस्त करने की बात कही। डीसी ने गुड सेमेरिटन योजना अंतर्गत कुछ लाभुकों को 15 अगस्त के दिन सम्मानित करने की बात कही। उन्होंने निजी अस्पतालों की ओर से आईआरएडी के तहत एंट्री सुनिश्चित करवाने की बात कही। उन्होंने हिट एंड रन के मामलों, ट्रैफिक पुलिस की वाहन चेकिंग अभियान, स्कूलों में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता कार्यक्रम, मुख्यमंत्री ग्राम गाड़ी योजना की समीक्षा की। मौके पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन, तीनों एसडीएओ, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित सड़क सुरक्षा समिति के विभिन्न सदस्य उपस्थित रहे।

# धालभूमगढ़ में नाबालिग प्रेमिका की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** पूर्वी सिंहभूम जिला के धालभूमगढ़ थाना क्षेत्र के जोगी सोल गांव में मंगलवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 16 वर्षीय नाबालिग लड़की की उसके प्रेमी ने बेरहमी से हत्या कर दी। मृतका की पहचान पटनायक सोल निवासी जानकी कुमारी के रूप में हुई है, जो कक्षा नौ की छात्रा थी। परिजनों और गांव वालों के अनुसार आरोपित प्रेमी अब्दुल कासिम (22) ने तीन माह पूर्व जानकी को स्कूल से बहला-फुसलाकर अपने साथ ले जाकर जोगी सोल में रखा था। जानकारी के मुताबिक, इस दौरान अब्दुल जानकी पर इस्लाम धर्म अपनाने का दबाव बना रहा था, लेकिन जानकी ने इससे इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर मंगलवार सुबह करीब 4 बजे दोनों के बीच विवाद हुआ। गुस्से में आरोपित ने जानकी का सिर दीवार से जोर से दे मारा, जिससे वह मौके पर ही लहूलुहान होकर गिर पड़ी और उसकी मौत हो गई।घटना की भनक लगते ही गांव में हड़कंप मच गया। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया है। मृतका के पिता संत गिरी ने बताया कि जानकी तीन बहनों में सबसे छोटी थी और पढ़ाई में होनहार थी। परिवार और ग्रामीणों ने इस हत्या को लव जिहाद का मामला बताते हुए सख्त कार्रवाई की मांग की है। धालभूमगढ़ थाना प्रभारी ने बताया कि लव जिहाद सहित अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है।

# विश्व हाथी दिवस पर सम्मानित किए गए पीटीआर के महावत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पलामू :** विश्व हाथी दिवस के अवसर पर पलामू टाइगर रिजर्व में कार्यरत महावतों को पीटीआर प्रबंधन के जरिये मंगलवार को सम्मानित किया गया। पलामू की संस्था मासूम आर्ट ग्रुप और दिल्ली की संस्था सुनेय फाउंडेशन की ओर से पीटीआर के पूर्व निदेशक पद्मश्री पीके सेन की याद में पलामू के सबसे पुराने महावत इमामुद्दीन को श्रेष्ठ महावत सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। उन्हे 10000 रुपए, अंगवस्त्र और उपहार दिए गए। कुटमू स्थित आदिम जनजाति विद्यालय की छात्राओं के बीच हाथी के बारे में जानकारी दी गई। पीटीआर के उत्तरी प्रमंडल के उप निदेशक प्रजेश कांत जेना ने उन्हें सम्मानित किया। उन्होंने कहा की हाथी पीटीआर के जंगल के लिए एक अहम जानवर है। इसका संरक्षण जरूरी है। हाथियों के बिना पीटीआर का जंगल अधूरा है। वर्तमान समय मे हाथी और इंसान के संघर्ष की स्थिति सभी जगह है पर पीटीआर में यह स्थिति नियंत्रण में है। फिर भी ऐसी घटनाए शून्य हो इसकी तैयारी की जा रही है। बच्चों के बीच इसे लेकर जानकारी देना सबसे महत्वपूर्ण है। इस अवसर पर मासूम आर्ट ग्रुप के सचिव सैकत चटर्जी ने कहा कि इमामुद्दीन सिर्फ एक महावत ही नही थे वे एक चलता फिरता इनसाइक्लोपीडिया हैं, जिन्हे बेतला के वन्य प्राणी और जंगल की गहरी जानकारी है। उनके सेवा और समर्पण के लिए उन्हे सम्मानित किया गया। इमामुद्दीन को सम्मानित करने में सुनेय फाउंडेशन की रिचा सेन ने अग्रणी भूमिका निभाई। इस अवसर पर पीटीआर प्रबंधन ने कार्यरत महावत रघुनाथ परहिया, रामप्रसाद सिंह, जोहा मियां, सतेंद्र सिंह, नीरेंद्र भुइया, संजय यादव को सम्मानित किया गया। बेतला के पालतू हाथी जूही, मुर्गेश, सीता और राखी को भी फल खिलाया गया। बच्चो को उनके बारे में बताया गया। कार्यक्रम का संचालन वनकर्मी निरंजन कुमार ने किया। इस अवसर पर वनकर्मी संतोष कुमार सिंह, देवपाल भगत, धीरज कुमार, सुभाष कुमार, प्रवीण कुमार, गुलशन सुरीन सहित अन्य सक्रिय थे।

## संक्षिप्त खबरें

### विधायक ने झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जीएम से की मुलाकात



**सरिया :** मंगलवार को बगोदर विधायक नागेंद्र महतो ने रांची में झारखंड विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के जीएम (स्टोर एंड पर्चेज) प्रभात कुमार श्रीवास्तव से मुलाकात की। उन्होंने बगोदर विधानसभा क्षेत्र में लगातार हो रही बिजली कटौती, पुराने ट्रांसफार्मरों की खराब स्थिति और जर्जर विद्युत तारों की समस्या को प्रमुखता से उठाया। विधायक ने सरिया पावरग्रिड से सरिया, बगोदर, बिरनी, अम्बाडीह, खम्भरा, और भटकट्टा सहित सभी सबस्टेशनों में निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की। साथ ही, पुराने ट्रांसफार्मर, जर्जर तारों और खंभों को शीघ्र बदल ने का आग्रह किया। जीएम प्रभात कुमार श्रीवास्तव ने आश्वासन दिया कि इन समस्याओं के समाधान के लिए जल्द ही आवश्यक कदम उठाए जाएंगे और चरणबद्ध तरीके से सुधार कार्य किए जाएंगे। विधायक नागेंद्र महतो ने फोन पर बताया कि बगोदर विधानसभा की जनता को बेहतर और स्थायी बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के लिए वे निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की अन्य समस्याओं के समाधान और विकास कार्यों को धरातल पर उतारने के लिए भी वे हमेशा तत्पर रहेंगे।

### विभिन्न सरकारी कार्यालयों में झंडोत्तोलन की समय सीमा निर्धारित

सरिया : स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सरिया क्षेत्र के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में 15 अगस्त 2025 को झंडोत्तोलन के लिए समयसीमा तय की गई है। प्रखंड विकास पदाधिकारी ललित नारायण तिवारी द्वारा जारी पत्रांक 772/2025 के अनुसार, अनुमंडल कार्यालय में सुबह 8:15 बजे, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी कार्यालय में 8:20 बजे, प्रखंड कार्यालय में 8:30 बजे, वन क्षेत्र कार्यालय में 8:45 बजे, पुलिस निरीक्षक कार्यालय में 9:00 बजे, थाना सरिया में 9:05 बजे और सरिया स्टेडियम में सुबह 9:20 बजे झंडोत्तोलन समारोह आयोजित होगा। इसके अतिरिक्त, सभी सरकारी, गैर-सरकारी कार्यालयों, स्कूलों आदि में भी झंडोत्तोलन का आयोजन किया जाएगा।

### पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

**सरिया:** सरिया थाना पुलिस ने दो अलग-अलग मामलों में तीन लोगों को गिरफ्तार कर गिरिडीह जेल भेज दिया है। सरिया थाना कांड संख्या 41/25 के आरोपी अर्जुन यादव तथा कांड संख्या 129/25 के प्राथमिक अभियुक्त मुबारक हुसैन और तबरेज आलम को विधिवत गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, दोनों मामलों में अभियुक्तों के खिलाफ मारपीट से संबंधित शिकायत दर्ज थी। गिरफ्तारी के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में गिरिडीह जेल भेज दिया गया है।

### किता नहर की मरम्मत को लेकर कांग्रेस अध्यक्ष ने कार्यपालक अभियंता को लिखा पत्र



**सिल्ली :** सिल्ली 12 अगस्त को झारखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने रांची जिला अंतर्गत सिल्ली प्रखंड के लोटा पंचायत में स्थित किता नहर बहुत ही महत्वपूर्ण एवं उपयोगी नहर है। यह किता और धुंधाजरा के बीच में करीब सात - आठ जगह टूट गया है, जिससे पानी खेतों में न जा कर गड्ढे में चला जाता है। सबसे ज्यादा तेलचिपा - धुंधाजरा के सामने खाई बन चुका है। पूरी नहर की स्थिति जर्जर है। नहर की खराब स्थिति को देखते हुए कार्यपालक अभियंता जल पथ प्रमंडल सिंचाई भवन रांची को पत्र लिख कर किता नहर को अतिशीघ्र मरम्मत करने की मांग की है। ताकि किसानों के खेत में पानी जा सके। उक्त जनकारी सिल्ली प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष कार्तिक चन्द्र महतो ने दी है।

पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, हजारीबाग ।

सर्वसाधारण के लिये सूचना।



फोटो–रिया कुमारी

बड़कागांव थाना कांड सं0–195/25, दि0–26.07.2025, धारा–96 बी0एन0एस0 के आलोक में पिडिता –रिया कुमारी, पिता–सुनील कुमार साव, ग्राम–महुगाँईकलां, थाना–बड़कागांव, जिला–हजारीबाग दिनांक–24.07.2025 अपनी छोटी बहन के साथ +2 उच्च विद्यालय हरली पढ़ाई करने के निकली थी तथा स्कूल गेट के पास से फोटो कॉपी करने की बात अपनी बहन से बोल कर गई उसके बाद से अभी तक वापस घर नहीं पहुँची है। प्रेम प्रसंग में भोपाल साहु उर्फ पिन्टु कुमार, पिता–स्व0 अर्जुन साव, ग्राम–पूरनी पेटो, थाना–केरेडारी, जिला–हजारीबाग के विरूद्ध प्रेम प्रसंग में भगाने के आरोप में काण्ड अंकित किया गया है। काफी खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चल सका है। **हुलिया:– लम्बाई–5फीट,रंग–गोरी, बाल–काला, चेहरा–गोल, पहनावा–स्कूल ड्रेस, सफेद रंग का कुर्ती एवं हरा रंग का पजामा एवं दुपट्टा पहनी हुई है।**

इस सबंध में यदि किसी प्रकार की सूचना हो तो थाना प्रभारी बड़कागांव/अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी, बड़कागांव, हजारीबाग के कार्यालय के निम्नाकिंत फोन नम्बर पर सम्पर्क कर इसकी सूचना दें।

सम्पर्क सूत्रः–
अनु0पु0पदा0 बड़कागांव, हजारीबाग :– 9430336100
थाना प्रभारी बड़कागांव, हजारीबाग :– 9431706313, 8210710802

PR 359447 (Police) 25-26 (D)

पुलिस अधीक्षक,
हजारीबाग।

कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला

आवश्यक सूचना

झारखण्ड कर्मचारी चयन आयोग, राँची के विज्ञापन संख्या 13/2023 के आलोक में झारखण्ड प्रारंभिक विद्यालय प्रशिक्षित सहायक आचार्य संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के आधार पर स्नात्तक प्रशिक्षित सहायक आचार्य (कक्षा–6से 8, विशय–**भाषा**) के पद पर नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा सफल एव अनुशंसित अभ्यर्थियों की सूची एवं काउंसिलिंग हेतु जाँच पत्रक जिले के आधिकारिक वेबसाईट www.gumla.nic.in पर अपलोड किया गया है। जिनका जिला स्तर पर काउंसिलिंग दिनांक 19.08.2025 को आयोजित है।

अतः संबंधित सफल अभ्यर्थी निर्धारित तिथि, समय एवं स्थल में काउंसिलिंग हेतु उपस्थिति सुनिश्चित किया जाय। अनुपस्थिति की स्थिति में अभ्यर्थियों की जवाबदेही स्वयं की होगी।

**काउंसिलिंग स्थलः–**
कार्यालय, जिला शिक्षा अधीक्षक, गुमला,
(3rd Floor 'B' Block Room No. 304)
नया समाहरणालय भवन, चंदाली, गुमला
**समयः–** 10:00 बजे पूर्वाहन से 05:00 बजे अपराह्न तक

जिला शिक्षा अधीक्षक,
गुमला।

PR.NO.359444 Jharkhand Education Project Council(25-26):D

# हमारी आध्यात्मिक संपदा बनाएगी हमें विश्वगुरु



**कृष्णमोहन झा**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने श्रावण मास के दौरान नागपुर के एक प्रसिद्ध शिवमन्दिर अभिषेक और पूजा के बाद वहां उनके उद्गार सुनने के लिए बड़ी संख्या में आए श्रद्धालुजनों को संबोधित किया। अपने उद्बोधन में संघ प्रमुख ने अपनी इस बात को विशेष रूप से रेखांकित किया कि भारत अपने धर्म और अध्यात्म के बल पर विश्व गुरु बनने के मार्ग पर तेजी से अग्रसर है। संघ प्रमुख ने कहा कि दुनिया में कई अमीर देश हैं। हमारा देश भी दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने जा रहा है परन्तु भारत को विश्व गुरु का गौरव दिलाने में धर्म और अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। इस क्षेत्र में हमारा देश इतना समृद्ध है कि सारी दुनिया हमारे पास आती है और हमारी आध्यात्मिक संपदा को नमस्कार करती है।भागवत ने कहा कि सभी के साथ अच्छाई बांटने और दूसरों के लिए जीने की भावना भारत को महान बनाती है। हमारे पास जो जो सदगुण, शक्ति और बुद्धि है उसका उपयोग दूसरों की भलाई के लिए होना चाहिए। संघ प्रमुख ने कहा कि कट्टरता इंसान के अंदर घृणा और क्रोध को जन्म देती है जो आगे चलकर युद्ध और लड़ाई का कारण बनती है। दुनिया की सभी समस्याओं की जड़ इंसान की प्रकृति है जो मौजूद पांच छह प्रवृत्तियों में छिपी हुई है। इन प्रवृत्तियों को बदलने के लिए भगवान शिव की उपासना करना चाहिए। व्यक्ति को विनम्रता का जीवन अपनाना चाहिए और सभी के प्रति करुणा रखना चाहिए। हर दिन इस पवित्र जीवन शैली की ओर कदम बढ़ाना ही वास्तव में भगवान शिव की सच्ची भक्ति है। हमें भगवान शिव के समान निर्भय बनने की राह पर चलना चाहिए जो सर्प को भी गले में लपेटे रहते हैं क्योंकि उन्होंने हलाहल पिया है। भूत, प्रेत, पिशाच उनके गणों में हैं। राक्षस उनके गणों में हैं। देवता भी उनकी पूजा करते हैं इसीलिए उन्हें महादेव कहा गया है।संघ प्रमुख ने कहा कि निर्भयता, पवित्रता, त्याग, परोपकार, सेवा, ये सब जीवन का हिस्सा होना चाहिए। इनसे अपना जीवन भी अच्छा बनता है और समाज का भी भला होता है। मोहन भागवत ने कहा कि हम जो उत्सव करते हैं पूजा आराधना करते हैं ये सब अच्छी बातें हैं लेकिन केवल इतने तक सीमित नहीं रहना है।इनका जीवन से संबंध है इसलिए इस दिशा में और आगे बढ़ने की आवश्यकता है। संघ प्रमुख ने अच्छाई को बांटने और नकारात्मकता को अपने अंदर समेट कर खत्म देने का आह्वान करते हुए कहा कि समाज ऐसे व्यवहार के कारण ही चलता है। संघ प्रमुख ने आगाह किया कि दुनिया बदलाव के दौर से गुजर रही है। ऐसे में व्यक्ति को सही समय पर सही कदम उठाने की जरूरत है अन्यथा विनाश हो सकता है और अगर वह सही दिशा में कदम बढ़ाए तो मानवता नयी ऊंचाईयों को स्पर्श कर सकती है।

# शिक्षा-चिकित्सा को मुनाफाखोरी से बचाने का भागवत-आह्वान

**ललित गर्ग**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने इंदौर के एक किफायती कैंसर अस्पताल के उद्घाटन अवसर पर जो बात कही, वह आज की सबसे बड़ी सामाजिक-आर्थिक और नैतिक आवश्यकता को उजागर करती है। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि शिक्षा और चिकित्सा जैसे बुनियादी क्षेत्रों को मुनाफाखोरी से मुक्त होना चाहिए, क्योंकि ये सेवा के क्षेत्र हैं, व्यापार के नहीं। हाल के वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा का जिस तेजी से बाजारीकरण एवं व्यावसायीकरण हुआ है, सरकार के साथ-साथ निजी क्षेत्र ने इसे धन कमाने का जरिया बनाया है, वह न केवल नये समाज निर्माण की चिन्ताओं बल्कि एक दूषित सोच को दशार्ता है। क्योंकि उसने आम आदमी को बदहाली के कगार पर पहुंचाया है। महंगी शिक्षा ने जहां अभिभावकों का बजट हिला दिया है, वहीं चिकित्सा के नाम पर मुनाफाखोरी ने लाखों परिवारों को गरीबी के दलदल में धकेलते हुए जरूरी चिकित्सा से वंचित किया है। इस मर्ज की रग पर हाथ रखते हुए भागवत द्वारा दी गई चेतावनी सत्ताधीशों की आंख खोलने वाली है।

भारत में स्वास्थ्य-शिक्षा को प्रारंभ से ही सामाजिक दायित्व मानने की परंपरा रही है। लेकिन दुर्भाग्य से आज स्कूल-कॉलेज और अस्पताल लाभ संचालित उपक्रमों में तब्दील हो गए हैं और सेवा की बजाय धन कमाने के अड्डे बन गये हैं। आज निजी क्षेत्र के साथ-साथ सरकारों की मानसिकता भी धन-केन्द्रित होती जा रही है, जिससे आमजन को सस्ते एवं किफायती शिक्षा एवं चिकित्सा के साधन-सुविधाएं सुलभ नहीं हो रही है। मुनाफाखोरी की अंतहीन लिप्सा ने कथित गुणवत्ता वाले स्कूलों व अस्पतालों को आम आदमी की पहुंच से दूर किया है। इन जटिल होती स्थितियों के बीच भागवत का यह बयान केवल एक सामान्य टिप्पणी नहीं, बल्कि एक चेतावनी है-सरकार, नीति-निमार्ताओं और समाज के लिए। शिक्षा और स्वास्थ्य, दोनों ही मानव जीवन के मूलभूत स्तंभ हैं। लेकिन आज इन दोनों क्षेत्रों में तेजी से बढ़ती व्यावसायिक प्रवृत्तियां इन्हें सेवा के बजाय मुनाफे की मशीन बना रही हैं। निजी स्कूलों की भारी फीस, कोचिंग संस्थानों की प्रतिस्पर्धा और महंगे मेडिकल कॉलेजों की ट्यूशन-इन सबने शिक्षा को गरीब और मध्यम वर्ग की पहुंच से दूर कर दिया है। इसी तरह, अस्पतालों और दवा कंपनियों का अत्यधिक मुनाफा-उन्मुख मॉडल स्वास्थ्य को एक महंगे उत्पाद में बदल रहा है। निस्संदेह, मोहन भागवत की यह चिंता हमारे समय की विसंगतियों एवं विकृत आर्थिक सोच पर तीखा प्रहार करती है। आज आम भारतीय परिवारों पर स्वास्थ्य सेवाओं का भारी वित्तीय बोझ बढ़ रहा है। विडंबना यह है कि इस खर्च का छोटा हिस्सा ही सरकारी खजाने से वहन किया जाता है, जो कि स्वास्थ्य खर्च का महज 17 फीसदी है। वहीं करीब 82 फीसदी स्वास्थ्य खर्च लोगों को मुश्किल हालात में वहन करना पड़ता है। इन स्थितियों के चलते अस्पताल में भर्ती होने के बाद कई परिवार जीवन भर के लिये कर्ज में डूब जाते हैं। तो कई परिवार हमेशा के लिये गरीबी की दलदल में धंस जाते हैं। आज देश की बड़ी आबादी गैर संक्रामक रोगों, मसलन हृदय रोग, मधुमेह व उच्च रक्तचाप आदि से जूझ रही है। इनकी जांच, चिकित्सकीय परामर्श और उपचार के लिये मरीजों को एक बड़ी रकम चुकाने को मजबूर होना पड़ता है। जो कि बीमा योजनाओं के द्वारा बमुश्किल ही पूरी की जाती है। इन विडम्बनापूर्ण एवं चिन्ताजनक स्थितियों के बीच मोहन भागवत का यह संदेश न केवल आर्थिक सुधार का आह्वान है, बल्कि सामाजिक पुनर्जागरण का भी। शिक्षा और चिकित्सा को व्यापार से मुक्त करना सिर्फ भावनात्मक या नैतिक मुद्दा नहीं, बल्कि राष्ट्र की स्थिरता और समानता का प्रश्न है। जब गरीब को इलाज न मिले, और होनहार छात्र को शिक्षा से वंचित रहना पड़े, तब असमानता, असंतोष और सामाजिक अशांति बढ़ती है। ऐसे में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नया भारत, विकसित भारत, विश्वासभरा भारत का नारा कोरा दिखावा ही प्रतीत होता है।

नये भारत में जब आम जनता से करो के रूप में भारी भरकम रकम वसूली जा रही है, जो उस रकम को जनकल्याण एवं जनसेवा में खर्च किया जाना चाहिए। आजादी के बाद से सरकार पर शिक्षा एवं चिकित्सा की ही जिम्मेदारी डाली गयी थी, जिसको सरकारों ने बड़ी चतुराई से धीरे-धीरे निःशुल्क की बजाय सशुल्क करने की कारगरी दिखाई है, जो जनता के विश्वास को आहत करने वाली है। इसलिये भागवत का यह बयान सरकार के लिए आंख खोलने वाला होना चाहिए। नीति-स्तर पर ऐसे कदम जरूरी हैं जिनसे-सरकारी शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों को उच्च गुणवत्ता के साथ सशक्त एवं जनसुलभ किया जाए। निजी क्षेत्र में फीस और इलाज की दरों पर प्रभावी नियंत्रण हो। सेवा-भाव को बढ़ाने के लिए कर-छूट और प्रोत्साहन मिलें, जबकि मुनाफाखोरी पर कठोर दंड लागू हो। स्वास्थ्य और शिक्षा में पब्लिक-प्राइवेट पार्टनरशिप को पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ लागू किया जाए, इन दोनों क्षेत्रों से धन कमाने की प्रवृत्तियों को अपराध माना चाहिए। यह भी तय किया जाये कि इन दोनों क्षेत्रों में सेवा एवं मिशन भावना से आने वालों को ही मान्य किया जाये, धन कमाने वालों के लिये इन दोनों क्षेत्रों के दरवाजे बन्द हो।

शिक्षा और स्वास्थ्य में मुनाफाखोरी को रोकना केवल कानून से संभव नहीं, इसके लिए समाज में मूल्य-आधारित सोच का विकास भी आवश्यक है। सेवा-भाव, मानवीय संवेदनशीलता और न्यायपूर्ण मूल्याधारित आर्थिक ढांचा-यही स्थायी समाधान हैं। मोहन भागवत की यह पहल यदि नीतिगत बदलावों में परिणत होती है, तो यह भारत को न केवल आर्थिक दृष्टि से, बल्कि नैतिक दृष्टि से भी मजबूत बनाएगी। भागवत ने कॉर्पोरेट शैली के कथित कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व यानी सीएसआर के जुमले के बजाय लोककल्याण के धार्मिक सिद्धांतों के अनुसरण की भी अपील की। वर्तमान में कॉर्पोरेट जगत ने सीएसआर फण्ड को स्वयं के बनाये ट्रस्टों में दिखाकर सरकार के सीएसआर प्रावधानों की धज्जियां उडा रखी है।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सोच और दर्शन में शिक्षा और चिकित्सा हमेशा ह्लसेवा और संस्कारह्व के मूल्यों से जुड़ी रही है। संघ मानता है कि राष्ट्र निर्माण का असली आधार स्वस्थ और शिक्षित नागरिक हैं, और इन दोनों आवश्यकताओं को समाज के हर वर्ग तक सस्ती, सुलभ और समान रूप से पहुंचाना ही सच्ची देशभक्ति है। डॉक्टर को केवल इलाज का शुल्क लेने वाला पेशेवर नहीं, बल्कि रोगी की पीड़ा का साझेदार मानना और शिक्षक को केवल पाठ पढ़ाने वाला कर्मी नहीं, बल्कि जीवन-निमार्ता के रूप में देखना-यही संघ का दृष्टिकोण है। इसी सोच के तहत भागवत का यह आह्वान है कि शिक्षा और स्वास्थ्य को मुनाफाखोरी के पंजे से मुक्त कर, इन्हें सेवा के आदर्श पर स्थापित किया जाए, ताकि कोई भी बच्चा गरीबी के कारण शिक्षा से वंचित न हो और कोई भी रोगी आर्थिक बोझ के कारण इलाज से दूर न रहे। सरस्वती के मंदिर एवं सेवा के आश्रय-स्थल आज व्यापार के केंद्र बन गये हैं, ये मिशन नहीं, व्यवसाय बन गये हैं। पिछले दिनों इससे जुड़ा जनाक्रोश तब चरम पर नजर आया जब हैदराबाद के एक स्कूल में नर्सरी में दाखिले की सालाना फीस ढाई लाख रुपये बतायी गई। जिससे अभिभावकों में भारी रोष व्याप्त हो गया। जिसके बाद महंगी होती शिक्षा को लेकर नई बहस छिड़ गई। निस्संदेह, बढ़ती फीस के ये आंकड़े शिक्षा के बढ़ते व्यवसायीकरण एवं बाजारीकरण को भी रेखांकित करते हैं। ऐसे में भागवत की हालिया अपील सत्ताधीशों को नीतिगत बदलावों के बारे में सोचने को विवश कर सकती है, अब समय आ गया है कि सरकार शिक्षा एवं चिकित्सा को लेकर नीतिगत कठोर मानवतापूर्ण बदलाव करें एवं इन्हें मुनाफा कमाने की मशीन न बनने दे। निस्संदेह, भागवत के संदेश पर मोदी सरकार को गंभीरता से विचार-विमर्श करना चाहिए। दरअसल, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा को बाजार की वस्तु के बजाय नागरिक अधिकारों के दायरे में लाने की जरूरत है। इन क्षेत्रों को राजस्व स्रोत के बजाय नागरिक दायित्वों के रूप में मानकर सरकार समता, संतुलन एवं सेवा का समाज स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ सकती है।

# ट्रंप का टैरिफ वार और भारत का मौन हथियार

**डॉ. मयंक चतुर्वेदी**

अमेरिका और भारत के बीच संबंधों को आज के दौर में यदि किसी एक शब्द में बयान करना हो तो उसे 'रणनीतिक सहजीवन' कहा जा सकता है। व्यापार, तकनीक, रक्षा और कूटनीति–हर क्षेत्र में दोनों देशों के हित आपस में गहरे जुड़े हैं। लेकिन अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल के वर्षों में इस सहजीवन में टैरिफ का एक कांटा चुभो दिया है। कभी भारत को 'टैरिफ किंग' और कभी 'डेड इकोनॉमी' कहने वाले ट्रंप अब भारत से आने वाले सामान पर 50 प्रतिशत तक टैरिफ लगाने का ऐलान कर चुके हैं, जिसमें से 25 प्रतिशत पेनल्टी के रूप में जोड़ा गया है। इसके पीछे उनका तर्क है कि भारत रूस से तेल और हथियार क्यों खरीदता है, और क्यों अमेरिकी उत्पादों को भारत में बराबरी का मौका नहीं मिलता।

यहां यह समझना जरूरी है कि आर्थिक मोर्चे पर अमेरिका और भारत का रिश्ता कैसा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत-अमेरिका के बीच कुल द्विपक्षीय व्यापार 131.84 बिलियन डॉलर तक पहुंचा। इस दौरान भारत ने अमेरिका को 86.51 बिलियन डॉलर का निर्यात किया, जिसमें फार्मास्यूटिकल्स, रत्न-आभूषण और टेक्नोलॉजी सर्वाधिक रहे। वहीं अमेरिका से भारत में 45.33 बिलियन डॉलर का आयात हुआ, जिसमें कच्चा तेल, कोयला और विमान के पुर्जे शामिल हैं। अमेरिका लगातार कई वर्षों से भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है और भारतीय निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार भी। ट्रंप की टैरिफ पॉलिसी का सीधा असर भारत के उन सेक्टरों पर पड़ेगा जो अमेरिका को बड़े पैमाने पर माल भेजते हैं, जैसे कपड़ा, जेम्स-एंड-ज्वेलरी, फार्मा और आईटी सर्विस। लेकिन कहानी का दूसरा पहलू भी है, और यही पहलू भारत के लिए 'मौन जवाब' का हथियार बन सकता है। ट्रंप चाहे भारत को 'डेड इकोनॉमी' कहें, मगर यही अर्थव्यवस्था दर्जनों अमेरिकी कंपनियों के लिए सोने की खान है। भारत में इन कंपनियों की गहरी पैठ है। इतनी गहरी कि उनके उत्पाद और सेवाएं भारतीय उपभोक्ता के रोजमर्रा के जीवन में घुल-मिल गए हैं। इनसे होने वाला मुनाफा सीधा अमेरिका के खजाने में जाता है। यदि भारत चाहे, तो वह इन कंपनियों पर टैरिफ, टैक्सेशन, या नियामकीय शर्तों के जरिए दबाव डाल सकता है। अमेरिकी कंपनियों का भारत में कारोबार अरबों डॉलर में है और इन पर कोई भी चोट सीधे अमेरिकी शेयर बाजार, रोजगार और मुनाफे को प्रभावित करेगी।

भारत में अमेरिकी कंपनियों की मौजूदगी हर क्षेत्र में फैली हुई है। ई-कॉमर्स में अमेजन इंडिया, टेक्नोलॉजी में गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, मेटा और एपल। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) में कोका-कोला, पेस्?सिको, प्रॉक्टर एंड गैंबल या पीएंडजी, कोलगेट, फास्ट फूड में मेकडॉनल्?ड, केएफसी, डोमिनोस। लाइफस्टाइल में नाइकी, लेविस, स्केचर्स, जीएपी और बैंकिंग में सिटीग्रुप ये सभी कंपनियां आज भारत में बड़े पैमाने पर कारोबार कर रही हैं। उदाहरण के लिए अमेजन इंडिया का भारत में वार्षिक कारोबार 8 से 10 बिलियन डॉलर के बीच आंका जाता है, जबकि कोका-कोला और पेस्सिको का संयुक्त भारतीय कारोबार 4 बिलियन डॉलर से अधिक है। माइक्रोसॉफ्ट और गूगल की भारतीय इकाइयां मिलकर सालाना 2 बिलियन डॉलर से ज्यादा का राजस्व अर्जित करती हैं।

इनमें से कई कंपनियां न केवल बिक्री से बल्कि भारतीय उपभोक्ताओं के डेटा से भी मुनाफा कमाती हैं। मसलन, मेटा के स्वामित्व वाले फेसबुक और इंस्टाग्राम पर भारत का यूजर बेस दुनिया में सबसे बड़ा है, फेसबुक के लगभग 33 करोड़ और इंस्टाग्राम के 25 करोड़ सक्रिय उपयोगकर्ता भारत में हैं। इन प्लेटफॉर्म्स से होने वाली विज्ञापन आय का एक बड़ा हिस्सा अमेरिका भेजा जाता है। गूगल के लिए भी भारत विज्ञापन बाजार में अमेरिका के बाद दूसरा सबसे बड़ा देश है, जिससे सालाना अरबों डॉलर की आमदनी होती है।

इसी तरह से फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफएमसीजी) सेक्टर में अमेरिकी कंपनियों का दबदबा इतना है कि अगर भारत टैरिफ या प्रतिबंधात्मक कदम उठाए तो यह भारतीय उपभोक्ता बाजार के संतुलन को हिला सकता है। कोका-कोला और पेस्?सिको मिलकर सॉफ्ट ड्रिंक बाजार के 70 प्रतिशत हिस्से पर कब्जा रखते हैं। प्रॉक्टर एंड गैंबल और कोलगेट भारतीय टॉयलेटरीज बाजार में क्रमशः 20 और 50 प्रतिशत हिस्सेदारी रखते हैं। नेस्?ले जोकि स्विस मूल की है लेकिन अमेरिकी साझेदारियों से भी जुड़ी है का मैगी नूडल्स सेगमेंट में लगभग 60 प्रतिशत मार्केट शेयर है।

फास्ट फूड सेगमेंट की बात करें तो मेकडॉनल्?ड, केएफसी डोमिनोस और स्टारबक्स भारतीय शहरी खाद्य संस्कृति में महत्वपूर्ण स्थान बना चुके हैं। डोमिनोस अकेले ही भारत में सालाना 1.5 बिलियन डॉलर का कारोबार करता है, जबकि स्टारबक्स ने भारत में प्रवेश के बाद से प्रीमियम कॉफी बाजार को लगभग अपने कब्जे में कर लिया है। लाइफस्टाइल और फैशन सेक्टर में नाइकी, लेविस और स्केचर्स जैसे ब्रांड भारतीय युवाओं में अत्यधिक लोकप्रिय हैं। लेविस का भारत में वार्षिक कारोबार करीब 300 मिलियन डॉलर है, जबकि स्केचर्स का भारतीय फुटवेयर बाजार में 5 प्रतिशत हिस्सा है और यह तेजी से बढ़ रहा है। गैप और गेस जैसे ब्रांड प्रीमियम और लक्जरी सेगमेंट में खास पहचान रखते हैं।

इन सबके बीच बैंकिंग और वित्त क्षेत्र भी अमेरिकी मौजूदगी से अछूता नहीं है। सिटीग्रुप का भारत में कॉरपोरेट लोन, इन्वेस्टमेंट बैंकिंग और क्रेडिट कार्ड सेगमेंट में मजबूत नेटवर्क है। सिटी इंडिया, जिसे आधिकारिक तौर पर सिटीग्रुप के नाम से जाना जाता है, एक अमेरिकी बहुराष्ट्रीय निवेश बैंक और वित्तीय सेवा कंपनी है। भारत में, यह सिटी इंडिया के रूप में काम करता है, जो एक प्रमुख वित्तीय संस्थान है। इसके पास लगभग 25 लाख क्रेडिट कार्ड ग्राहक हैं और भारतीय बाजार से सालाना करीब 1 बिलियन डॉलर का राजस्व अर्जित करता है।

अगर भारत अमेरिकी टैरिफ के जवाब में इन कंपनियों पर आर्थिक चोट करना चाहे तो इसके कई रास्ते हैं। पहला, अमेरिकी उत्पादों और सेवाओं पर कस्टम ड्यूटी बढ़ाना, जिससे उनकी कीमतें बढ़ जाएं और वे प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाएं। दूसरा, डेटा प्रोटेक्शन, उपभोक्ता सुरक्षा और पर्यावरण मानकों को सख्ती से लागू करना, जिससे उनके परिचालन लागत में वृद्धि हो। तीसरा, 'स्वदेशी' ब्रांडों और स्टार्टअप्स को सरकारी प्रोत्साहन देकर अमेरिकी ब्रांडों की निर्भरता घटाना। चौथा, सरकारी खरीद और रक्षा अनुबंधों में अमेरिकी कंपनियों की प्राथमिकता कम करना।

स्वभाविक है, ऐसे कदमों के वैश्विक असर भी होंगे। सबसे पहले, इससे वैश्विक सप्लाई चेन प्रभावित होगी, हालांकि यह भी सच है कि भारत के लिए अमेरिकी कंपनियों पर प्रतिबंध लगाना कोई आसान फैसला नहीं होगा। इन कंपनियों में लाखों भारतीय प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार पाते हैं। आईटी, मैन्युफैक्चरिंग, रिटेल और सर्विस सेक्टर में इनका योगदान महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, भारत-अमेरिका की रणनीतिक साझेदारी केवल व्यापार तक सीमित नहीं है; इसमें रक्षा, कूटनीति और तकनीकी सहयोग भी शामिल हैं। लेकिन अगर ट्रंप की टैरिफ नीति एकतरफा और आक्रामक रूप से जारी रहती है, तो भारत के पास अपनी आर्थिक सॉफ्ट पावर का इस्तेमाल करने के अलावा कोई विकल्प नहीं रहेगा।

वस्तुतः इतिहास गवाह है कि जब भी कोई देश भारत के आर्थिक हितों पर चोट करता है, तो भारत ने प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से जवाब दिया है। आज की परिस्थिति में 'मौन जवाब' अमेरिकी कंपनियों को भारतीयों द्वारा स्वदेशी के माध्यम से दिया जाने लगे तो आप इसे कोई आश्चर्य नहीं मानना, क्योंकि भारत ऐसे प्रयोग पहले भी कई बार कर चुका है और सफल भी रहा है। फिलहाल इस बारे में यही कहना उचित होगा कि भारत के पास अपने बाजार और अमेरिकी कंपनियों पर नियंत्रण जैसे हथियार मौजूद हैं।

## सूडोकु नवताल- 7520

★★★★☆ कठिन

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 5 | | | | | | |
| 3 | | | | | | | | |
| | | | 6 | | | 7 | 4 | |
| 6 | | | 2 | | 4 | | | |
| 1 | | | | | | | | 8 |
| | | | 7 | | 5 | | | 3 |
| | 4 | 7 | | | 1 | | | |
| | | | | | | | | 6 |
| | | | | | | 5 | 2 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7519 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 9 | 2 | 6 | 8 | 5 | 1 | 7 |
| 8 | 1 | 6 | 7 | 4 | 5 | 9 | 2 | 3 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 9 | 1 | 6 | 4 | 8 |
| 1 | 7 | 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 | 9 |
| 6 | 4 | 3 | 8 | 5 | 9 | 2 | 7 | 1 |
| 2 | 9 | 8 | 1 | 7 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 5 | 2 | 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 4 |
| 9 | 8 | 7 | 5 | 3 | 4 | 1 | 6 | 2 |
| 3 | 6 | 4 | 9 | 1 | 2 | 7 | 8 | 5 |

# 36 करोड़ से ज्यादा किसानों को मिला प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ

**योगेश कुमार सोनी**

बीते कई वर्षों से देश के किसानों को भारी वर्षा होने से नुकसान होता रहा है। इससे वह आर्थिक संकट का सामना करते रहे हैं। वैसे तो भाजपा की सरकार वर्ष 2014 में बनी थी और सरकार बनने के बाद प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरूआत 18 फरवरी, 2016 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी लेकिन अधिकतर किसान इसके प्रति जागरूक नहीं थे इसका फायदा नही ले पा रहे थे और इसके अलावा जिन्होनें यह योजना ले भी रखी थी तो वह किस तरह इसका फायदा लें वह इसके प्रति जागरूक नही थे। इस वर्ष 29 जून से किसान पीएम फसल बीमा योजना के लिए अभियान चलाया गया। इसका लाखों किसानों का सीधे तौर पर फायदा भी मिला।

देश के किसानों की आमदनी बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार कई तरह की योजनाएं चला रही है लेकिन इस वर्ष किसान पीएम फसल बीमा योजना पर अधिक जोर दिया गया। इस योजना के जरिए हाल ही में हुई भारी वर्षा के दौरान फसल बर्बाद होने पर उन्हें आर्थिक मदद मिली। इसके लिए जिन किसानों ने पीएम फसल बीमा योजना ली हुई थी उनको सीधा लाभ मिला। जिसका भी नुकसान हुआ उसे केंद्र सरकार की ओर से भरपाई की मिली। अधिकतर किसान तो सिर्फ यह समझते हैं कि इस बीमा के तहत केवल बारिश से बर्बाद होने वाली फसल के लिए मुआवजा मिलता है लेकिन बता दें कि पीएम फसल बीमा योजना के तहत बे-मौसम बारिश, फसलों को सूखा, आंधी, तूफान, बाढ़ आदि जैसे जोखिम से सुरक्षा मिलती है। इस योजना का उद्देश्य प्राकृतिक आपदाओं से नुकसान की स्थिति में किसानों को किफायती दर पर इंश्योरेंस कवर देना है।

अब तक करीब 36 करोड़ से ज्यादा किसानों को इस योजना का लाभ मिला है। 18 फरवरी 2025 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के नौ साल पूरे हो गए। योजना को तो बहुत समय हो चुका लेकिन इसके लिए किसान बहुत धीरे जागरूक हुआ लेकिन अब स्थिति बहुत हद तक नियंत्रण में हैं। देश में किसानों को लेकर हमेशा बड़े स्तर पर राजनीति हो रही है। विपक्ष हमेशा उनकी असंतुष्टि को लेकर सभी पहलुओं को उजागर करता है। दूसरी ओर सत्ता में बैठी सरकार किसानों के हित की बात करती है लेकिन इन दोनों के बीच हम एक चीज भूल जाते हैं कि सरकार कोई भी हो वह अन्नदाता के साथ अन्याय नहीं करना चाहती।

किसानों से जुड़े मुद्दे पर कुछ लोग गलत तरह की राजनीति करते हैं जिससे समाज में एक गलत संदेश जाता है। लेकिन हमारा उद्देश्य यह होना चाहिए कि हम किसी भी स्थिति में किसानों पर राजनीति न करते हुए उन्हें योजनाओं के प्रति जागरूक किया करें। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के आंकड़ों से पता चलता है कि 1995 से 2014 के बीच 296438 किसानों ने आत्महत्या की थी व 2014 से 2022 के बीच नौ वर्षों में यह संख्या 100474 थी। इन आंकड़ों से यह तो पता चलता है कि इजाफा तो हुआ है लेकिन समस्या का अभी पूरी तरह निदान नहीं हुआ है लेकिन धीरे-धीरे जागरुकता से अन्नदाता को संपन्नता मिलने की शुरूआत हो चुकी है लेकिन इसकी रफ्तार को तेजी से बढ़ाना होगा।


भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसका मतलब है कि भारत की अर्थव्यवस्था में कृषि का एक महत्वपूर्ण स्थान है और अधिकांश आबादी अपनी आजीविका के लिए कृषि पर निर्भर करती है। भारत की लगभग तीन तिहाई से अधिक आबादी प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कृषि और संबंधित गतिविधियों पर निर्भर है। मतलब हम देश के उस व्यवसाय के प्रधान है जो लगभग पूरे देश के नागरिकों से जुड़ा है। वैसे तो आज भी हमारे पास कृषि करने के लिए बहुत भूमि है लेकिन बढ़ती आबादी से अब कृषि योग्य भूमि कम होती जा रही है। यदि महानगरों की बात करें तो बिल्डरों ने लगभग सारी जमीनों पर बड़ी-बड़ी इमारतें बना दी।

उदाहरण के तौर पर दिल्ली-एनसीआर की बात करें तो दिल्ली से सटी सभी सीमाएं जैसे गाजियाबाद का राजनगर,हरियाणा का गुरुग्राम,नरेला व लोनी,यहां बीते दो दशकों में खेती की जमीनों पर इतनी इमारतें बन चुकी हैं कि यहां सारी खेती व खाली जमीन खत्म हो चुकी। स्थिति यह है कि दिल्ली का मौसम भी इस वजह से प्रभावित होने लगा। किसानों की फसलें कई कारणों से बर्बाद हो जाती हैं जिनमें प्राकृतिक आपदाएं, कीटों और बीमारियों का प्रकोप, खराब बीज, और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। बेमौसम बारिश, सूखा, ओलावृष्टि, और बाढ़ जैसी प्राकृतिक आपदाएं फसलों को भारी नुकसान पहुंचा सकती हैं। उदाहरण के लिए, बेमौसम बारिश से गेहूं, चना और अन्य फसलें भीग सकती हैं जिससे वह खराब हो सकती हैं। फसलों पर कीटों और बीमारियों का हमला होने से भी फसलें बर्बाद हो सकती हैं। जैसे कि कीटों के कारण बीज अच्छी गुणवत्ता के नहीं होते या फसलें बर्बाद हो जाती हैं। इससे बचने के लिए खेतों में जलजमाव से बचने के लिए उचित जल निकासी प्रणाली का उपयोग करना चाहिए। फसलों को कीटों और बीमारियों से बचाने के लिए उचित उपाय करने चाहिए, जैसे कीटनाशकों का सही उपयोग।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव को कम करने के लिए किसानों को जलवायु परिवर्तन के अनुकूल कृषि प्रणाली का प्रयोग करना चाहिए। जैसे कि पानी का संरक्षण करना और सूखे प्रतिरोधी फसलों का उपयोग करना चाहिए। बहरहाल, किसानों को जागरूक करने व उनकी स्थिति को मजबूत करने के लिए हमारे सबका उद्देश्य एक ही होना चाहिए। जिस तरह की कुछ समय से उनके बीमा व अन्य सुविधाओं को लेकर सरकार ने अभियान चलाया और उससे किसानों को फायदा मिला।

## दैनिक पंचांग

**13 अगस्त 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कर्क में | सिंह | 05.56 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कन्या | 08.08 बजे से |
| मंगल | कन्या में | तुला | 10.18 बजे से |
| बुध | कर्क में | वृश्चिक | 12.33 ब.से |
| गुरु | मिथुन में | धनु | 14.49 बजे से |
| शुक्र | मिथुन में | मकर | 16.54 बजे से |
| शनि | मीन में | कुंभ | 18.41 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मीन | 20.14 बजे से |
| केतु | सिंह में | मेष | 21.44 बजे से |
| राहुकाल | | वृष | 23.24 बजे से |
| 12.00 से 1.30 | | मिथुन | 01.22 बजे से |
| बजे तक | | कर्क | 03.36 बजे से |

**बुधवार** 2025 वर्ष का 225 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** वर्षा। **विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947 **मास** भाद्रपद (दक्षिण भारत में श्रावण) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** चतुर्थी 06.37 बजे तदनन्तर पंचमी 04.24 बजे रात्र को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराभाद्रपदा 10.33 बजे को समाप्त। **योग** धृति 16.06 बजे को समाप्त। **करण** बालव 06.37 बजे, कौलव 17.31 बजे तदनन्तर तैतिल 04.24 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 19.2 घण्टे **रवि क्रान्ति** उत्तर 14° 39' **सूर्य** दक्षिणायन **कलि अहर्गण** 1872435 **जूलियन दिन** 2460900.5 **कलियुग संवत्** 5126 **कल्पारंभ संवत्** 1972949123 **सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123 **वीरनिर्वाण संवत्** 2551 **हिजरी सन्** 1446 **महीना** सफर **तारीख** 18

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 05.54 से | 07.22 बजे तक | उद्वेग | 05.41 से | 07.12 बजे तक |
| अमृत | 07.22 से | 08.51 बजे तक | शुभ | 07.12 से | 08.44 बजे तक |
| काल | 08.15 से | 10.19 बजे तक | अमृत | 08.44 से | 10.16 बजे तक |
| शुभ | 10.19 से | 11.47 बजे तक | चर | 10.16 से | 11.47 बजे तक |
| रोग | 11.47 से | 01.16 बजे तक | रोग | 11.47 से | 01.19 बजे तक |
| उद्वेग | 01.16 से | 02.44 बजे तक | काल | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| चर | 02.44 से | 04.12 बजे तक | लाभ | 02.51 से | 04.23 बजे तक |
| लाभ | 04.12 से | 05.41 बजे तक | उद्वेग | 04.23 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# पिछड़ा वर्ग आयोग की बैठक में नॉन -क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्देश

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**लोहरदगा :** राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष जानकी प्रसाद यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को परिसदन, लोहरदगा में जिला के पदाधिकारियों के साथ बैठक आयोजित हुई। बैठक में नगर निकायों में पिछड़े वर्गों को आरक्षण दिये जाने की पात्रता का निर्धारण के लिए जिले में संपन्न डोर-टू-डोर सर्वे से संबंधित प्रतिवेदन की समीक्षा और जांच, लोहरदगा जिला में पिछड़े वर्गों के आर्थिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक स्थिति के अध्ययन तथा पिछड़े वर्गों से संबंधित मामलों की समीक्षा की गई। बैठक में पिछड़े वर्ग के नागरिकों के जाति, आवासीय और नॉन क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र के लंबित आवेदनों की समीक्षा की गई जिसमें नियम के पालन करते हुए नन-क्रीमी लेयर प्रमाण-पत्र जारी करने का निर्देश दिया गया। जमीन मोटेशन के लंबित मामलों को अंचल स्तर से ही त्वरित निष्पादित करने का निर्देश दिया गया। हाथियों की ओर से मृत्यु और मकान क्षति, फसल क्षति की समीक्षा की गई। इसमें मकान क्षति और फसल क्षति में अंचल और वन विभाग की ओर से संयुक्त जांच कर प्रभावित व्यक्ति को अधिकतम लाभ प्रदान किये जाने का निर्देश दिया गया। इसी प्रकार आग लगने से फसल की क्षति का भी सही आकलन करा कर अधिकतम मुआवजा दिलाये जाने का निर्देश दिया गया। सर्पदंश से मृत्यु, आपदा से मकान क्षति, फसल क्षति पर मिलनेवाली मुआवजा राशि की जानकारी भी ग्रामीणों तक प्रचार-प्रसार कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में इस वर्ष कल्याण विभाग की ओर से पिछड़े वर्ग के छात्र-छात्राओं के बीच छात्रवृति राशि का वितरण, साइकिल वितरण की समीक्षा की गई। साइकिल का वितरण विद्यालय प्रांगण में ही कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा अधीक्षक को विद्यालयों में शिक्षा का अधिकार अधिनियम का अनुपालन कराये जाने का निर्देश दिया गया। जिला शिक्षा पदाधिकारी को जिला में अवस्थित आवासीय विद्यालयों का नियमित रूप से औचक निरीक्षण किये जाने का निर्देश दिया गया।जिला पशुपालन पदाधिकारी को पशु विकास की योजनाओं का लाभ नियमित रूप से ग्रामीणों को दिलाये जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, गव्य विकास की योजनाओं की भी समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश दिये गये।मत्स्य पदाधिकारी, लोहरदगा को पंचायत स्तर पर मत्स्य उत्पादन समितियों का गठन करने का निर्देश दिया गया तथा लंबित मछुआ आवासों को पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।इस दौरान मनरेगा अंतर्गत बिरसा हरित ग्राम योजना, बिरसा कूप संवर्द्धन योजना की समीक्षा की गई और फलदार पौधों की आपूर्ति के समय पौधों की गुणवत्ता का ध्यान रखे जाने का निर्देश प्रखण्ड विकास पदाधिकारियों को दिया गया।

## एक नजर

### सोया रहा शख्स, चोरों ने कर ली लाखों के जेवर की चोरी

**रामगढ़ :** रामगढ़ थाना क्षेत्र के छत्तरमांडू के लुगू स्थान पर एक घर में बेखबर सोये रहे शख्स के घर को चोरों ने खाली कर दी। इस संबंध में भुक्तभोगी कोस्टो ठाकुर ने थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। आवेदन में कहा है कि घर सभी सदस्य रक्षाबंधन को लेकर हैसला स्थित अपने रिश्तेदार के यहां गए हुए थे। सुबह लगभग 11.30 बजे मैं सोने चला गया। जब अहले सुबह करीब चार बजे मेरा नींद खुला तो मेरे रूम का दरवाजा लॉक था। इसकी जानकारी मैंने फोन के माध्यम से अपने भतीजे राज ठाकुर को दिया और वहां पहुंच कर रुम खोला। लेकिन चोरों ने अन्य रुम का अलमीरा तोड़ कर करीब 40 हजार नकद, दो सोने का मंगलसूत्र, एक सोने का मांग टीका, एक सोने का नथिया, एक सोने का झुमका, सोने की चेन, दो चांदी का पायल सहित अन्य दस्तावेज गायब पाया। मामले में पुलिस ने कांड संख्या 217/25 के तहत मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### डीएवी सेक्टर-4 का अंतर विद्यालयीय ग्रुप डांस में प्रथम स्थान

**बोकारो :** संस्कृत भारती द्वारा अंतर विद्यालय समूह भाव नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 20 जुलाई ,2025 रविवार को चिन्मया विद्यालय बोकारो स्टील सिटी में किया गया था। जिसमें बोकारो शहर के करीब 19 से अधिक प्रतिष्ठित विद्यालयों ने अपनी- अपनी प्रस्तुतियां दी थी। सभी प्रस्तुतियां अपने आप में बेहतरीन थी इसलिए जीत का लक्ष्य भी बेहद चुनौतीपूर्ण और जटिलताओं से भरा था। परंतु कहते हैं कि जब हृदय में फतह का जुनून, हौसलों में पाषाण और कर्म में अतुल्य समर्पण इन तीनों का अद्भुत संगम हो तो हर सफलता सहर्ष ही कदम चूमती है और इसकी ही मिसाल प्रस्तुत किया डीएवी सेक्टर- 4 के सभी प्रस्तुतकर्ता बच्चों ने। गाइड शिक्षिका प्रियंका के अथक श्रम और प्रस्तुति पारंगता ने इस अत्यंत ही कठिन और मुश्किल स्पर्धा को भी जीत में तब्दील कर दिया और 19 विद्यालयों के बीच प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय की विजय गाथा में उपलब्धि का एक और अध्याय जोड़ दिया। बच्चों की इस अद्वितीय उपलब्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सह एआरओ जोन 'के' श्री एसके मिश्रा ने कहा कि वास्तव में यह सफलता बच्चों के लगन आत्मविश्वास और सतत प्रयास का परिणाम है। बच्चों ने इस अति प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय का गौरव और मान को नए आयाम प्रदान किया है। मैं सभी बच्चों को उनकी कर्मशीलता और जब्बे के लिए बधाई देता हूं और साथ ही उनके नृत्य प्रस्तुति को संस्कृत भारती द्वारा राज्य स्तर पर चयनित होने के लिए हार्दिक शुभकामनाएं भी प्रेषित करता हूं।

### डॉ राजेंद्र प्रसाद स्कूल में मना राष्ट्रीय लाइब्रेरियन्स-डे

**बोकारो :** डॉ राजेंद्र प्रसाद पब्लिक स्कूल रानी पोखर के प्रांगण में राष्ट्रीय लाइब्रेरियन्स-डे व भारत में पुस्तकालय विज्ञान के जनक विख्यात गणितज्ञ, पुस्तकालयाध्यक्ष व शिक्षाशास्त्री पद्मश्री डॉ. एसआर रंगनाथन की जन्म दिवस मनायी गयी। विद्यालय की लाइब्रेरियन वंशिका तिवारी ने कार्यक्रम का आयोजन किया। उन्होंने बच्चों को लाइब्रेरी के महत्व व रंगनाथन के पुस्तकालय के क्षेत्र में दिए गए योगदान को बतायीं। मौके पर उपस्थित प्राचार्य मुकेश कुमार ने चित्र पर माल्यार्पण किया व श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए लाइब्रेरी के महत्व को समझाया। विद्यालय के सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं ने इस कार्यक्रम में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया।

## अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने की मासिक समीक्षा बैठक




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो :** पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने मंगलवार को जिले के सभी डीएसपी और थाना प्रभारियों के साथ मासिक अपराध समीक्षा बैठक की। बैठक में चोरी, हत्या, लूट समेत सभी आपराधिक मामलों की समीक्षा की गई और इन पर प्रभावी नियंत्रण के लिए रणनीति पर चर्चा हुई। एसपी ने कहा कि अपराध पर रोक लगाने के लिए पुलिस को और अधिक सतर्कता, तेज कार्रवाई और बेहतर समन्वय के साथ काम करना होगा। उन्होंने सभी थाना प्रभारियों और डीएसपी को स्पष्ट निर्देश दिए कि हर मामले का समय पर खुलासा किया जाए और अपराधियों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। बैठक में एसपी ने पुलिस टीम के अब तक के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि जिस तरह से केसों का त्वरित खुलासा हो रहा है, वह प्रशंसनीय है। उन्होंने इसे टीम वर्क का परिणाम बताते हुए पुलिस बल को बधाई दी। एसपी ने यह भी निर्देश दिया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में गश्ती व्यवस्था को और मजबूत किया जाए, संदिग्ध गतिविधियों पर पैनी नजर रखी जाए, और आम जनता से संवाद बढ़ाकर अपराध रोकथाम में उनकी भागीदारी सुनिश्चित की जाए।

## विधायक ने निगम और अक्षेस की समस्याओं पर की उपायुक्त से चर्चा

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** विधायक सरयू राय ने मंगलवार को पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त के साथ बैठक कर मानगो नगर निगम और जमशेदपुर अधिसूचित क्षेत्र समिति (अक्षेस) की समस्याओं और अवैध गतिविधियों पर चर्चा की। बैठक में मानगो नगर निगम और अक्षेस के उप नगर आयुक्त एवं पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता भी मौजूद थे। बैठक के दौरान विधायक ने मानगो और अक्षेस क्षेत्र की पेयजल, कचरा निस्तारण और जल निकासी संबंधी समस्याओं पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि इनकी जड़ में प्रशासनिक शिथिलता है। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को एक माह के भीतर इन समस्याओं का समाधान हर हाल में किया जाए और पेयजल एवं स्वच्छता विभाग इसमें पूर्ण सहयोग करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने मानगो पेयजल परियोजना को नगर निगम अपने अधीन लेकर बकाया भुगतान, खर्च का अनुमान और पंप सेट से लेकर पाइपलाइन तक की सभी तकनीकी खामियों की रिपोर्ट तैयार कर और उन्हें दूर करने को कहा। मौके पर अक्षेस क्षेत्र की बस्तियों में पेयजल सुविधा बढ़ाने और सिवरेज-ड्रेनेज सिस्टम को टाटा स्टील के नेटवर्क से जोड़ने के लिए कंपनी और नगर निगम के अधिकारियों को जल?द संयुक्त बैठक कर सर्वेक्षण करने के निर्देश दिया गया। बैठक में विधायक राय ने कदमा और सोनारी क्षेत्रों में अवैध लॉटरी, मटका, सट्टा, जुआ, लोहा टाल और शराब कारोबार के ठिकानों की सूची उपायुक्त को सौंपी। उन्होंने आरोप लगाया कि कदमा में खरकई नदी से रोजाना अवैध बालू निकासी हो रही है और आधा दर्जन से अधिक ट्रक इसे तड़के बाहर भेजते हैं, जो थाना स्तर की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है। इसके अलावा, उन्होंने सामुदायिक भवनों पर निहित स्वार्थी तत्वों के अवैध कब्जे की शिकायत भी दर्ज कराई।

## गुरु नानक पब्लिक स्कूल में फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन में बच्चों ने मचाई धूम

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रामगढ़ :** श्री गुरु नानक पब्लिक स्कूल के सभागार में मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में कक्षा नर्सरी से लेकर यूकेजी तक के नन्हें विद्यार्थियों के बीच स्वतंत्रता सेनानियों पर आधारित फैंसी ड्रेस कॉम्पटीशन का आयोजन किया गया। विद्यालय की प्राथमिक विभाग की ओर से आयोजित इस कॉम्पटीशन में कक्षा नर्सरी, एलकेजी और यूकेजी के विद्यार्थी रंग बिरंगे परिधान में भारत माता, महारानी लक्ष्मीबाई, शिवाजी, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, सेना के जवान की वेशभूषा में सज संवरकर पहुंचे। अपने परिधान के अनुसार बच्चों ने संवाद और नारों का प्रयोग कर सबका मन मोह लिया। स्वतंत्रता दिवस पर नन्हें विद्यार्थियों को जागरूक करने के लिए आयोजित इस कार्यक्रम में सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल के रूप में प्रबुद्ध शिक्षिकाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विजेताओं का नाम परिधान और उनके संवाद के आधार पर घोषित किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा नर्सरी के विजेता प्रथम स्थान पर दिव्यांशी प्रथम, प्रवीर दूसरे और तीसरे स्थान पर अथर्व सोनी रहे। वहीं कक्षा एलकेजी से प्रथम स्थान पर कृतिका कुमारी, द्वितीय श्रद्धा और नित्या एवं तृतीय स्थान पर अद्विक तथा आरोही कुमारी रही। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य हरजाप सिंह ने नन्हे विद्यार्थियों की योग्यता की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य में भी ऐसे ही कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और स्वतंत्रता सेनानियों और देश के प्रति श्रद्धा भाव रखने का संदेश दिया।

## मानगो में किराएदार के घर लाखों की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**पूर्वी सिंहभूम :** मानगो थाना क्षेत्र के ओल्ड सुभाष कॉलोनी में अज्ञात चोरों ने एक किराएदार के घर से नकदी, जेवर और इलेक्ट्रॉनिक सामान समेत लाखों रुपये की संपत्ति चोरी कर ली। वारदात उस समय हुई जब घर की मालकिन पिंकी देवी अपने पति महेंद्र राणा के साथ 8 अगस्त को राखी पर्व मनाने कोडरमा गई हुई थीं। पुलिस के अनुसार, सोमवार देर शाम मकान मालिक ने फोन कर पिंकी देवी को ताले के टूटे होने और घर के भीतर सामान बिखरा होने की सूचना दी। रात करीब 10 बजे दंपती घर पहुंचे तो देखा कि अलमीरा का लॉक तोड़कर करीब 70 हजार रुपये नकद, एक लैपटॉप, एलईडी टीवी और सोने के गहने गायब थे। पूरे घर का सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था।पिंकी देवी ने बताया कि उनके पति लिफ्ट निर्माण का काम करते हैं और चोरी के समय घर पूरी तरह खाली था। सूचना मिलते ही मानगो थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं, लेकिन अब तक चोरों का कोई सुराग नहीं मिला है।

## डिजिटल लेनदेन के फायदे और नुकसान पर डिबेट का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**भुरकुंडा :** श्री अग्रसेन स्कूल भुरकुंडा में मंगलवार को डिजिटल लेनदेन के फायदे और नुकसान्ऱ विषय डिबेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में तार्किक सोच, विश्लेषण क्षमता तथा डिजिटल वित्तीय प्रणाली के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। डिजिटल लेनदेन के फायदे और नुकसान के पक्ष में कुल 22 प्रतिभागियों ने अपने-अपने तर्क को रखा। फायदे पर पक्ष रखने वाले प्रतिभागियों ने डिजिटल लेनदेन को समय और श्रम की बचत करने वाला, पारदर्शी, कैशलेस समाज की ओर कदम बढ़ाने वाला और भ्रष्टाचार कम करने में सहायक बताया। तर्क दिया कि यूपीआई, इंटरनेट बैंकिंग, डेबिट-क्रेडिट कार्ड और डिजिटल वॉलेट जैसे साधनों ने आर्थिक लेनदेन को आसान, तेज और सुरक्षित बनाया है। किसी को दूरस्थ स्थान पर तुरंत पैसा भेजना हो तो कुछ सेकंड में यह कार्य हो जाता है, जिससे व्यवसाय, शिक्षा और आपातकालीन परिस्थितियों में बड़ी सुविधा मिलती है। दूसरी ओर, नुकसान पक्ष पर प्रतिभागियों ने डिजिटल लेनदेन के जोखिमों पर प्रकाश डाला। उन्होंने साइबर धोखाधड़ी, डाटा चोरी, तकनीकी खराबी, नेटवर्क समस्या और इंटरनेट पर अत्यधिक निर्भरता जैसे मुद्दे को उठाया। यह भी कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में, जहां इंटरनेट सुविधा सीमित है, डिजिटल भुगतान करना कठिन है। वहीं, तकनीकी जानकारी की कमी और हैकिंग के मामलों ने भी लोगों में असुरक्षा की भावना पैदा की है। बहस के दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के तर्कों का जवाब देते हुए कई महत्वपूर्ण पहलुओं को सामने रखा। कहा कि उचित साइबर सुरक्षा उपाय अपनाकर और लोगों को डिजिटल साक्षर बनाकर जोखिमों को कम किया जा सकता है। वहीं दूसरी टीम ने कहा कि जब तक तकनीकी ढांचा और साइबर सुरक्षा मजबूत नहीं होगी, तब तक डिजिटल लेनदेन पर पूरी तरह निर्भर रहना खतरनाक हो सकता है।प्रतिभागियों ने अपने पक्ष को मजबूत करने के लिए वास्तविक उदाहरण, सांख्यिकीय आंकड़े और विभिन्न घटनाओं का हवाला भी दिया। डिबेट में उन्नति सिंह, कनिष्क राज, अंशु गुप्ता, श्रेया श्री, अदिति कुमारी, आदित्य कुमार, श्रावणी कौशल, इशांत सिंह, शाम्भवी सिन्हा, मो अनस, कौशिकी सिंह, विद्या यादव, अनिक अश आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसबीआई लपंगा शाखा के प्रबंधक उपेंद्र प्रसाद ने कहा कि डिजिटल लेनदेन आज के समय की आवश्यकता है। लेकिन इसका सुरक्षित और जिम्मेवारी पूर्वक उपयोग ही समाज के लिए लाभकारी हो सकता है। सरकार और वित्तीय संस्थानों को मिलकर लोगों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने और तकनीकी ढांचे को और मजबूत बनाने की जरूरत है।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रखंड स्तरीय आयुष हेल्थ कैंप का हुआ आयोजन




**सिमडेगा :** प्रखंड के सदर पंचायत प्रांगण में प्रखंड स्तरीय आयुष हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कई प्रकार के बीमारियों का जांच एवं संबंधित रोग का दावा भी वितरण किया गया। ग्रामीण भी कैंप में पहुंचकर इस कैंप का लाभ उठा रहे हैं, कैंप का उद्घाटन मुख्य अतिथि प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज एवं विशिष्ट अतिथि मुखिया संगीता मिंज, डॉक्टर एहसान फातिमा के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर किया गया, प्रखंड प्रमुख विपिन पंकज मिंज ने लोगों से अपील किए कि आप अधिक से अधिक इस प्रखंड स्तरीय आयुष हेल्प कैंप का लाभ उठाएं, जिसमे की कई प्रकार के आयुष के दवा यहां उपलब्ध है, सरकार आप लोगों के लिए हर प्रकार से सुविधा मुहैय्या करा रही है, आपको जागरूक होना है और इसका लाभ उठाना है, साथ ही उन्होंने लोगों से अपील किया कि सांप के काटने पर झाड़ फूंक के चक्कर में ना रहे सीधे अस्पताल लाएं जिससे कि मरीज को बचाया जा सके। कैंप में मुख्य रूप से आयुष डॉक्टर एहसान फातमा, डॉक्टर मिरिनमय ससमल, डॉक्टर नेहा तिर्की, सहिया उर्मिला केरकेट्टा, योग प्रशिक्षक खुदीराम सिंह, नंद कैंश, फगनी कुमारी, सूरज कुमार सिंह एवं ग्रामीण मौजूद थे।

### ए'ला एंगलाइज विद्यालय में बाल संसद चुनाव के मतदान का हुआ सफल आयोजन




**रामगढ़ :** ए'ला एंगलाइज विद्यालय में मंगलवार को बाल संसद चुनाव का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस चुनाव का उद्देश्य छात्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों की समझ विकसित करना, नेतृत्व क्षमता को प्रोत्साहित करना तथा जिम्मेदारी का भाव पैदा करना था। चुनाव प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी और लोकतांत्रिक तरीके से संपन्न हुई। छात्रों ने विभिन्न पदों के लिए नामांकन दाखिल किया, प्रचार-प्रसार किया, और फिर सभी विद्यार्थियों ने मतदान के माध्यम से अपने प्रतिनिधियों का चुनाव किया। मुख्य पदों में प्रधानमंत्री, शिक्षा मंत्री, स्वास्थ्य मंत्री, पर्यावरण मंत्री आदि शामिल थे। छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने-अपने उम्मीदवारों को समर्थन दिया। मतदान प्रक्रिया के लिए बैलेट पेपर का प्रयोग हुआ। मतदान में कक्षा छठी से लेकर 12वीं तक के छात्राएं शामिल थे। मतदान की गणना तथा परिणाम कल घोषित की जाएगी। विद्यालय के शिक्षकों व प्रबंध समिति ने इस आयोजन में सहयोग करते हुए इसे एक शिक्षाप्रद अनुभव बनाया। विद्यालय के चुनाव आयोग के मुख्य चुनाव अध्यक्ष विद्यालय के प्राचार्य श्री विजयंत कुमार, मतगणना प्रमुख प्रशासक संजय कुमार, दंडाधिकारी कृष्ण कुमार अंम्बष्ठा, पीठासीन अधिकारी धर्मेश सोनी और बी.एल ओ जय किशोर प्रसाद महतो थे। छात्रों ने न केवल मतदान की प्रक्रिया को समझा, बल्कि यह भी सीखा कि एक जिम्मेदार नागरिक कैसे बनना है। प्रधानाचार्य विजयंत कुमार ने कहा कि बाल संसद का गठन न केवल एक गतिविधि है, बल्कि यह भविष्य के नागरिकों को जागरूक और उत्तरदायी बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। मतदान को सफल बनाने में खेल प्रशिक्षक कंचन सोनी, राजन कुमार, सूरज देव सिंह और अजीत कुमार सिंहा का विशेष योगदान रहा।

### राधा गोविन्द विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया




**रामगढ़ :** मंगलवार को राधा गोविन्द विश्वविद्यालय के पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान विभाग द्वारा राष्ट्रीय पुस्तकालयाध्यक्ष दिवस मनाया गया। सर्वप्रथम डॉ. एस. आर. रंगनाथन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उनको नमन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलाधिपति बी.एन. साह ने कहा कि पुस्तकालय किसी भी शिक्षण संस्थान की आत्मा होती है। डॉ. एस. आर. रंगनाथन का पुस्तकालय विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान रहा है जिसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर राधा गोविंद विश्वविद्यालय के सचिव प्रियंका कुमारी, कुलपति प्रो (डॉ) रश्मि, कुलसचिव प्रो (डॉ) निर्मल कुमार मंडल, वित्त एवं लेखा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक प्रो (डॉ) अशोक कुमार, प्रबंध समिति सदस्य अजय कुमार , पुस्तकालयाध्यक्ष श्वेता कुमारी, व्याख्याता शंकर प्रसाद, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, व्याख्यातागण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### 26वीं वाहिनी सीआरपीएफ ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत निकाली मोटरसाइकिल रैली



**बोकारो :** भारत सरकार द्वारा चलाये जा रहे हर घर तिरंगा अभियान कार्यक्रम के तहत आज को 26वीं वाहिनीं, केरिपुबल, आई०टी०आई० मोड़, चास, बोकारो में राजीव रंजन, कमाण्डेंट 26वीं वाहिनीं के निदेशानुसार मोटर साईकल रैली आयोजित की गयी। रैली को श्री अरबिन्द कुमार, सहायक कमाण्डेंट ने हरी झंडी दिखाकर 26वीं वाहिनीं मुख्यालय, चास, बोकारो से रवाना किया। यह मोटर साईकल रैली जोधाडीह मोड़, महावीर चौक, धर्मशाला मोड़, बाईपास रोड, एयरपोर्ट रोड, झारखण्ड पुलिस लाईन होते हुए वापस 26वीं वाहिनीं मुख्यालय तक आकर समाप्त हुई। मोटर साईकिल रैली का उद्देश्य 09 अगस्त से 12 अगस्त तक आयोजित किये जाने वाले ₹ हर घर तिरंगा ₹ अभियान कार्यक्रम के बारे में सभी नागरिकों को जागरूक करना एवं उनको प्रेरित करना कि वो अपने घर पर तिरंगा फहराकर आजादी का उत्सव धूमधाम से मनाये, जिससे पूरे देश में देशभक्ति की भावना का संचार हो। इस रैली का आमजन ने देशभक्ति के नारे लगाकर स्वागत किया। इस मोटर साईकल रैली में अरबिन्द कुमार, सहायक कमाण्डेंट, सुबीर कुमार मंडल, सहायक कमाण्डेंट, निरीक्षक / जीडी राकेश कुमार राय के साथ-साथ बटालियन के अन्य अधिनस्थ अधिकारियों एवं जवानों ने भाग लिया।

# चर्च में हेरो पर्व मनाने के विरोध में हो समाज ने किया पैदल मार्च

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पश्चिम सिंहभूम :** सिंहभूम जिला के चाईबासा स्थित रोमन कैथोलिक चर्च में आदिवासी हो समाज का पारंपरिक हेरो पर्व मनाए जाने के विरोध में मंगलवार को आदिवासी हो समाज महासभा और उसकी विभिन्न अनुषंगी इकाइयों के पदाधिकारियों, ग्राम के दियुरी और मानकी-मुंडाओं के नेतृत्व में पैदल विरोध मार्च निकाला गया। करीब 15-16 दिन पहले हुए चर्च कार्यक्रम के खिलाफ यह प्रदर्शन किया गया, जिसमें लगभग सैकडों लोग बैनर और पोस्टर के साथ शामिल हुए। विरोध मार्च महासभा भवन से शुरू होकर पोस्ट ऑफिस चौक, जैन मार्केट, कोर्ट परिसर, तांबो चौक होते हुए समाहरणालय परिसर पहुंचा, जहां उपायुक्त चंदन कुमार को ज्ञापन सौंपा गया। प्रतिनिधिमंडल ने आरोप लगाया कि चर्च में हो समाज का पारंपरिक त्योहार आयोजित कर समाज की सांस्कृतिक और धार्मिक भावनाओं का अपमान किया गया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि यह त्योहार केवल राजस्व ग्रामों में ग्राम के दियुरी और रैयतों की ओर से परंपरागत रूप से मनाया जाता है और इसमें बाहरी धार्मिक संस्थाओं का हस्तक्षेप अस्वीकार्य है। उन्होंने इसे भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25, 26 और 28 (धार्मिक स्वतंत्रता से संबंधित) का उल्लंघन बताया और कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से समाज में भ्रम फैलाया जा रहा है। प्रतिनिधियों ने यह भी आरोप लगाया कि चर्च के माध्यम से गरीब, दूरवर्ती और अशिक्षित आदिवासियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराने की कोशिश की जा रही है। प्रदर्शनकारियों ने उपायुक्त से मांग किया कि चर्च में हेरो पर्व मनाने वाले फादर और पुरोहितों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही अवैध रूप से बनाए गए चर्च भवनों की जांच कर उचित कार्रवाई की जाए। उपायुक्त चंदन कुमार ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी, साथ ही चर्च निर्माण संबंधी शिकायतें लिखित रूप में देने को कहा गया। प्रदर्शनकारियों ने स्पष्ट किया कि यदि जिला प्रशासन ने उनकी मांगों पर समयबद्ध कार्रवाई नहीं की, तो वे चाईबासा और कोल्हान बंद करने जैसा बड़ा आंदोलन शुरू करेंगे। विरोध मार्च में दियुरी मैथ्यु देवगम, सामु लागुरी, मानकी-मुण्डा संघ के केंद्रीय अध्यक्ष गणेश पाट पिंगुवा, 'हो' समाज महासभा के केंद्रीय अध्यक्ष मुकेश बिरूवा, उपाध्यक्ष बामिया बारी, महासचिव सोमा कोड़ा, संयुक्त सचिव छोटेलाल तामसोय, चंद्रमोहन बिरूवा, महिला महासभा अध्यक्ष अंजु सामड सहित अन-?य शामिल हुए।




## एक नजर

### आजसू पार्टी कार्यकर्ताओं ने दिसोम गुरु शिबू सोरेन को नाम आंखों से भी श्रद्धांजलि



**साहिबगंज :** मंगलवार को आजसू जिला कार्यालय प्रांगण में जिला अध्यक्ष चतुरानंद पांडे की अध्यक्षता में झारखंड राजनीति के सबसे बड़े चेहरे दिशोम गुरु शिबू सोरेन के चलचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित आजसू के कार्यकताओं ने गुरुजी के सरल व्यक्तित्व और इस राज्य के लिए किए गए कार्यों की चर्चा की। जो यहां के जनमानस के दिलों में हमेशा जिंदा रहेगा। इस अवसर पर मुख्य रूप से विभाष साह, राजेश राय, शशिकांत दुबे, वकील मंडल, सोनू मिश्रा, नारायण सिंह, मोहम्मद जैनुद्दीन, विजय यादव, पिंटू राजभर, सुरेश शर्मा, राज किशोर शर्मा, गोविंद पासवान, संतोष पासवान मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी ट्राई साइकिल वितरित



**साहिबगंज :** जिला समाज कल्याण की ओर से उधवा प्रखंड क्षेत्र के जोंका पंचायत के दो दिव्यांग लाभुकों के बीच बैटरी ट्राई साइकिल दिया गया। जानकारी के अनुसार जोंका पंचायत के पिंटू मेहरा तथा रेहाना खातून ने बैटरी ट्राई साईकिल के लिए प्रखंड कार्यालय में आवेदन जमा किया था। वहीं झामुमो जोंका पंचायत सचिव शहवाज खान ने दोनों लाभुकों का सहयोग करते हुए जिला समाज कल्याण दफ्तर लेकर गए। जहां दोनों लाभुकों को बैटरी ट्राई साइकिल दिया गया। ट्राई साइकिल मिलने पर लाभुकों में काफी खुशी है। लाभुकों ने विभाग व स्थानीय जनप्रतिनिधि का आभार व्यक्त किया है।

### दुष्कर्म मामला में तीनपहाड़ पुलिस ने दो व्यक्ति को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंज :** तीनपहाड़ थाना क्षेत्र के एक गांव में एक नाबालिक लड़की के साथ तीन लोगों द्वारा सामूहिक बलात्कार का मामला प्रकाश में आया है। जिसकी जानकारी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बरहरवा नितिन खंडेलवाल ने मंगलवार को तीनपहाड़ थाना कक्ष में प्रेस वार्ता कर दी। उन्होंने बताया कि 11 अगस्त को पीड़िता की बड़ी बहन के द्वारा तीनपहाड़ थाना में एक आवेदन दिया गया और उसमे बताया गया की 9 अगस्त को उसकी नाबालिक बहन जिसकी उम्र महज 16 वर्ष है वो शौच करने के लिए रात के करीब 08.00 बजे घर के पीछे के तरफ गई थी इसी क्रम में चन्द्रपुरा ग्राम निवासी चरण मुर्मू एवं सरकार सोरेन ने जबरन सामुहिक बलात्कार किया। वही एक नाबालिक लड़के के द्वारा घटनास्थल से कुछ दूरी पर खड़े होकर पहरेदारी करने की बात बतायी गयी।जिसके बाद तीनपहाड़ थाना पुलिस ने उक्त मामला में कांड संख्या119/25, धारा 70(2) बीएनएस और 4/6 पॉक्सो एक्ट दर्ज किया गया। जिसके बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस अधीक्षक साहेबगंज के आदेशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,बडहरवा के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया और विभिन्न क्षेत्रो में छापामारी करते हुए घटना में शामिल सभी अभियुक्तों को प्राथमिकी दर्ज होने के 24 घंटे के अन्दर गिरफ्तार कर लिया गया और सभी अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया।वही पुलिस ने एक हीरो कम्पनी का काला रंग का पैशन प्रो मोटरसाईकिल जेएच 10 एई 1255 एवं एक कीपैड सैमसंग मोबाइल बरामद किया। वही ओछापामारी दल में तीनपहाड़ थाना प्रभारी मृत्युंजय कुमार पाण्डेय, हालीम अंसारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

## जनता दरबार पहुंचे लोगों के मामलों पर अपर समाहर्ता ने की सुनवाई



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में मंगलवार को उपायुक्त मनीष कुमार के निर्देश पर अपर समाहर्ता जेम्स सुरीन ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। अपर समाहर्ता ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में जमीन से संबंधित, स्वास्थ्य विभाग से संबंधित, चौकीदार बहाली से संबंधित, शिक्षा विभाग आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे।

## जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पाकुड़ :** ज़िले में मंगलवार को उपाध्यक्ष, जिला परिषद, पाकुड़ अशोक कुमार भगत की अध्यक्षता में आत्मा सभागार, संयुक्त कृषि भवन, पाकुड़ में जिला स्तरीय खरीफ कर्मशाला का आयोजन किया किया गया। भूमि संरक्षण पदाधिकारी सूचित एक्का ने भूमि संरक्षण कार्यालय के माध्यम से संचालित प्रमुख योजनाओं जैसे मुख्यमंत्री ट्रैक्टर वितरण योजना, डीप बोरिंग, परकोलेशन टैंक, तालाब जीर्णोद्धार योजना, कृषि यांत्रिकीकरण योजना आदि की जानकारी दी तथा यंत्रों के प्रयोग की तकनीक की जानकारी भी किसानों को दी। कर्मशाला को संबोधित करते हुए जिला कृषि पदाधिकारी मृत्युंजय कुमार ने कृषि प्रभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं जैसे बीज विनिमय एवं वितरण योजना, बिरसा फसल विस्तार योजना, प्रति बूंद अधिक फसल योजना, मृदा स्वास्थ्य कार्ड योजना आदि की जानकारी दी। जिला कृषि पदाधिकारी ने खरीफ मौसम के प्रमुख फसलों जैसे धान, मक्का, मूंग आदि के खेती की तकनीक एवं प्रमुख कीटों, रोगों एवं खरपतवार की जानकारी उपस्थित किसानों को दी। मुख्य अतिथि उपाध्यक्ष, जिला परिषद अशोक कुमार भगत ने कार्यशाला को किसानों के लिए लाभकारी बताते हुए किसानों को संदेश दिया कि कार्यशाला में प्राप्त तकनीकी जानकारी को अमल में लाएं तथा अपने क्षेत्र के किसानों के साथ साझा करें ताकि अधिक से अधिक किसान लाभान्वित हो सकें। कर्मशाला में जिला के सभी प्रखंडों के प्रखंड कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम, कृषक मित्र तथा प्रगतिशील किसानों ने भाग लिया।



## विभिन्न समस्याओं को लेकर क्षेत्र से पहुंचे लोग जल्द होगा समाधान : बरकत खान

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बरहरवा :** मंगलवार को भी बरहरवा प्रखंड स्थित विधायक कक्ष में कांग्रेस के जिला अध्यक्ष सह विधायक प्रतिनिधि बरकत खान के द्वारा जनता दरबार विधायक कक्ष में प्रखंड के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने अपनी अपनी समस्याओं को विधायक प्रतिनिधि के समक्ष रखा। जिसमे मुख्य समस्या मईया सम्मान योजना से संबंधित समस्या लेकर शहनाज बीबी, हबीबा खातून, मजीना खातून, रुना खातून, नूनाहार ,नजीमा खातून , कंचन देवी, ईनारा बीबी, अयेसा खातून अंगूरी बीवी, सिउली खातून, शमीम अख्तर, साहीबा बीबी पहुंची जिनका मैया सम्मान राशि मिलते मिलते बंद हो गया। विधायक प्रतिनिधि बरकत खान ने उपस्थित सभी आगंतुकों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप किया। संबंधित अधिकारि ने मैया सम्मान लाभुको का स्टेटस चेक कर बताया की कुछ लाभुकों का डीबीटी लिंक नहीं है और कुछ का राशन कार्ड के नाम में त्रुटि पाया गया। वैसे लाभुक जिसका डीबीटी लिंक नहीं है उन्हें डीबीटी लिंक करवाने को कहा गया और वैसे लाभुक जिसका राशनकार्ड के नाम में त्रुटि वैसे लाभुक ऑनलाइन के माध्यम से अपना नाम सुधार करवा ले उसके बाद उनकी मैया सम्मान की राशि पुनः चालू कर दी जाएगी। कुछ आगंतुक पहुंचे जमीन से संबंधित, अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास से संबंधित, वृद्धा पेंशन से संबंधित, बिजली बिल से संबंधित आदि समस्या लेकर पहुंचे। इस दौरान बरकत खान ने उपस्थित सभी आगंतुकों से एक-एक कर सभी की समस्याओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों से वातार्लाप कर लोगों को आश्वासन दिया कि आप लोगों की शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द सभी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। वहीं छात्र नेता शोएब अख्तर ने बरहरवा प्रखंड अंतर्गत मिजार्पुर गांव के अंदर मुख्य सड़क निर्माण एवं जल निकासी नल का निर्माण हेतु आवेदन दिया।



### सुंदरनगर में तिरंगे की शान में निकली बाइक रैली

**पूर्वी सिंहभूम :** देश की एकता, साहस और बलिदान के प्रतीक तिरंगे को सलामी देने के लिए मंगलवार को सुंदरनगर स्थित द्रुत कार्य बल 106 बटालियन की ओर से भव्य तिरंगा यात्रा निकाली गई। कमांडेंट राजीव कुमार के नेतृत्व में निकली इस ऐतिहासिक यात्रा में बड़ी संख्या में जवानों और अधिकारियों ने भाग लेकर पूरे क्षेत्र में देशभक्ति का संदेश फैलाया। बैंड की धुन, जोशीले नारों और देशभक्ति गीतों के बीच रैली जैसे ही सड़कों से गुजरी, सुंदरनगर की गलियां और चौराहे वंदे मातरम के नारों से गूंज उठे। लोग घरों से निकलकर तिरंगे का स्वागत कर रहे थे, तो कहीं पुष्प वर्षा के साथ यात्रियों का अभिनंदन किया जा रहा था। इस अवसर पर द्वितीय कमान अधिकारी शैलेंद्र कुमार, सच्चिदानंद मिश्र और कौशल सदन गिरी सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

## बोरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का राज्य स्तरीय टीम ने औचक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों का निरक्षण राज्य स्तरीय टीम के द्वारा किया गया। जिसमे टीम का नेतृत्व डॉ बिरेन्द्र कुमार सिंह राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी वीबीडी राँची, झारखण्ड के द्वारा किया गया ! राज्य स्तरीय टीम के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोरियों में ओपीडी रजिस्टर, प्रयोगशाला कक्ष, फाईलेरिया क्लिनिक, वैक्टर जनित रोग नियंत्रण कक्ष, शीत श्रृंखला कक्ष आदि का निरक्षण किए एवं उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारी एवं पारा मेडिकल कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ ही राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी वीबीडी राँची झारखण्ड के द्वारा कालाजार, मलेरिया, फाईलेरिया, डेंगू कार्यक्रम आदि से सम्बंधित सभी प्रकार के रजिस्टर, प्रगति प्रतिवेदन एवं सभी प्रकार के दस्तावेजो का अवलोकन किए एवं आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए। साथ ही कालाजार मरीजों को फॉलो अप कर स्वास्थ्य सम्बंधित आवश्यक सलाह दिए। इसके साथ ही सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बरहेट का भी निरक्षण किए। जिसमे राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी के द्वारा उपस्थित स्वास्थ्य कर्मियों को मलेरिया के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए सभी पहाड़ी क्षेत्रो में सूक्ष्म कार्ययोजना बना कर स्वास्थ्य शिविर, मलेरिया मास सर्वे, घर-घर फीवर सर्वे एवं क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिए। साथ ही सभी गाँव की सहिया को मलेरिया जाँच किट उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करेंगे ताकि जो भी बुखार पीड़ित मरीज मिले तुरंत मलेरिया जाँच किया जा सके एवं मलेरिया धनात्मक पाए जाने पर तुरंत उपचार भी करना सुनिश्चित किया जाए। साथ ही सभी सीएचओ एवं एमपीडब्ल्यू को अपने -अपने आवंटित कार्य क्षेत्रों में कई इनफॉर्मर बना कर निगरानी रखने को कहा। मौके पर डॉ अंजुम इकबाल राज्य कालाजार सलाहकार, अनिल कुमार मलेरिया निरीक्षक, अविनाश कुमार पिरामल स्वास्थ्य, डॉ सत्तीबाबू डाबडा जिला वीबीडी सलाहकार, डॉ बिनोद कुमार, डॉ सुदामा कुमार साह, अजय केशरी पिरामल स्वास्थ्य, मनोहर पंडित एमटीएस, मिठू कुमार एलटी, जयनाथ मुर्मू एलटी, रेशम अफरोज एलटी, रिंकू कुमारी एएनएम, फ्रांसिस टुडू केटीएस, रंजन कुमार केटीएस आदि सभी स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित थे।




## संक्षिप्त खबरें

### जनता दरबार में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के लोगों ने उपायुक्त के समक्ष रखी अपनी समस्या



**साहिबगंज :** आमजन की सुनवाई में कोई पदाधिकारी कोताही न बरतें समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त हेमंत सती ने जनता दरबार के माध्यम से आमजनों की समस्याएं सुनी।जनता दरबार में जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने अपनी समस्याओं से उपायुक्त को अवगत कराया। उपायुक्त ने लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी। साथ ही उनके सामाधान को लेकर उन्हें आश्वस्त कराया। संज्ञान में आए हुए शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान करने की बात कही। गौरतलब है कि जनता दरबार के दौरान शिकायत के रूप में आए आवेदन विभिन्न विभागों व योजना से संबंधित एवं असंबंधित रहे। जनता दरबार में शिकायतकर्ता की समस्याएं को सुनने के पश्चात उपायुक्त ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को उनका समाधान करने को लेकर निर्देशित किया। सभी आवेदनों की भौतिक जांच करते हुए उसका समाधान जल्द से जल्द सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई करते हुए प्रतिपुष्टि उपायुक्त कार्यालय को समर्पित करें।

### साहिबगंज में पीसीआर लैब और मनोचिकित्सक वार्ड का उद्घाटन



**साहिबगंज :** उपायुक्त हेमंत सती के द्वारा सदर अस्पताल, साहिबगंज में पीसीआर लैब एवं मनोचिकित्सक वार्ड का विधिवत उद्घाटन किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान उपायुक्त ने फीता काटकर दोनों इकाइयों को आम जनता के लिए समर्पित किया। मौके पर सिविल सर्जन डॉ. रामदेव पासवान, सदर अस्पताल के चिकित्सक, स्वास्थ्यकर्मी एवं अन्य अधिकारी उपस्थित थे। उपायुक्त ने कहा कि पीसीआर लैब के शुरू होने से जिले में संक्रामक रोगों की जांच अब तेजी से और स्थानीय स्तर पर हो सकेगी, जिससे समय और संसाधनों की बचत होगी। उन्होंने मनोचिकित्सक वार्ड के महत्व पर भी प्रकाश डालते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य आज के समय में एक गंभीर विषय है और इस वार्ड के माध्यम से मरीजों को बेहतर परामर्श एवं उपचार की सुविधा मिलेगी। सिविल सर्जन ने बताया कि यह पहल स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सुधार लाएगी। उद्घाटन कार्यक्रम में अस्पताल स्टाफ और आम नागरिकों ने भी भाग लिया और इस कदम का स्वागत किया। प्रशासन का लक्ष्य है कि आधुनिक सुविधाओं के माध्यम से जिले के लोगों को समय पर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं मिलें।

### आवासीय योजना के लाभुकों को दिया गया नोटिस



**साहिबगंज/उधवा :** प्रखंड क्षेत्र में अबुआ आवास योजना अंतर्गत गरीबो के लिए बनाए जा रहे आवास के कार्य में कई लाभुक किस्त की राशि प्राप्त करने के बाद भी निर्माण कार्य को पूरा नहीं कर रहे है। आवास निर्माण कार्य को पूरा कराने के लिए पूर्व में इन लाभुकों को कई दफा नोटिस दिया गया है। बावजूद इसके कार्य पूरा नहीं किया जिस पर प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। वहीं मंगलवार को आवास नोडल संदीप कुमार गुप्ता ने ऐसे लाभुकों को नोटिस कराया। साथ ही उनसे जल्द निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश भी दिया जानकारी के अनुसार, उधवा प्रखंड क्षेत्र के मोहनपुर पंचायत ग्राम शिमलजोरी से लाभुक, भीम मुर्मू लाल किस्कू, मारांगबीटी किस्कू, मनकी सोरेन, नानमय हंसदा, सूतियारपाड़ा पंचायत से लाभुक कौशल्या देवी, नन्द कुमार रजवार, नेपाल सरदार, सुखाया देवी, सुशील देवी,आतापुर पंचायत से लाभुक सरस्वती सरदार, पूर्णिमा सरदार, पिंकी सरदार, सिमान हेंब्रम,प्रियंक देवी, मसान से लाभुक ग्राम खोखरोटोला, संभाली हंसदा, दांगी मरांडी, लूसी हेंब्रम, तलामय हंसदा, आरशु सोरेन इन सभी लाभुकों को द्वितीय, तृतीय,का भुगतान किया गया है।तृतीय किस्त वाले लाभुक को कड़ी चेतावनी दी गई है। छत ढलाई करने की आवास कर्मी राम प्रसाद चौधरी ने बताया कि इन सभी पंचायत के लाभुकों के घर जाकर नोटिस दिया गया।उन्होंने लाभुकों से यह भी कहा कि यदि तय समय पर निर्माण कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित लाभुकों पर कार्रवाई की जायेगी। मौके पर ओमप्रकाश शाह, मऊद आलम, बिनोद कुमार, सोयम सेवक, बुद्ध देव,एवं अंचल गार्ड उपस्थित थे।

### कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बरकत खान ने बरहरवा के बाढ़ प्रभावित क्षेत्र का दौरा किया



**बरहरवा :** साहिबगंज जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बरकत खान ने मंगलवार को बरहरवा प्रखंड क्षेत्र के गंगा नदी के किनारे बसे मिजार्पुर, टीला, भावआनंदपुर चम्प्रचक पिपरा, पहाड़पुर, आदि गांव का भ्रमण कर बाढ़ की स्थिति का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित परिवारों से मिलकर गांव घरों में बाढ़ के पानी के प्रवेश कर जाने तथा इससे हुई फसलों की नुकसान के बारे में भी लोगों से जानकारी लिया।मिजार्पुर टीला गांव के भ्रमण के दौरान बरकत खानों को ग्रामीणों ने बताया कि गांव के अगल-बगल हाल ही में जो धान की रोकने की गई थी वह पूरी तरह डूब कर बर्बाद हो गया है साथ में हरी सब्जियों की फसल की पानी में डूब गया है जिससे किसानों के सामने कई तरह की दिक्कत है उत्पन्न हो गई है। इसके बाद उन्होंने भावनंदपुर का दौरा किया जहां पर लोगों ने उन्हें क्षेत्र में स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने कुआं में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव करनेप उप स्वास्थ्य केंद्र शुक्रवासिनी में आवश्यक दवाइयां उपलब्ध कराने जैसे बिजली का मिस्त्री गांव में नहीं आते हैं जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता इन्हीं सब बताते हुए अपनी मांग रखा। बरकत खान ने बताया कि बाढ़ का पानी गांव के गली कूचों में प्रवेश कर गया है एवं क्षेत्र में भारी तबाही मचा रहा है।

# पटना में 766 करोड़ की 6 योजनाओं का हुआ शिलान्यास



## सीएम नीतीश कुमार ने किया शिलान्यास, बोलेः यातायात होगा सुगम

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) की 766.73 करोड़ रुपये लागत वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया और अधिकारियों को इन परियोजनाओं को तेजी से पूरा करने का निर्देश दिया। यह सभी योजनाएं प्रगति यात्रा के दौरान पटना जिलान्तर्गत की गई घोषणाओं से संबंधित हैं। एम्स गोलंबर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 138.5 करोड़ रुपये की लागत से एम्स गोलंबर-जानीपुर-पैनापुर नेव (बिहटा सरमेरा पटना रिंग रोड जंक्शन) पथ के 2 लेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण किया। यह 10.5 किमी लंबा पथ पश्चिमी पटना के फुलवारीशरीफ, एम्स, दानापुर, नौबतपुर आदि क्षेत्रों को बेहतर संपर्कता प्रदान करेगा और ट्रैफिक जाम की समस्या को कम करेगा। साथ ही 73.06 करोड़ रुपये की लागत से नौबतपुर-मसौढ़ी पथ के 17वें किलोमीटर पर नौबतपुर लख में 1.015 किमी लंबे फ्लाईओवर का भी शिलान्यास किया गया, जिससे जाम से मुक्ति और मसौढ़ी तक आवागमन सुगम होगा। इसके अलावा, मुख्यमंत्री ने कोथवां, रुपसपुर नहर पर आयोजित कार्यक्रम में 71.48 करोड़ रुपये की लागत से खगौल नेहरु पथ से अशोक राज पथ-रुपसपुर नहर पथ तक 6.9 किमी लंबी सड़क के फोर लेन चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण का शिलान्यास किया। इस परियोजना से पाटलिपुत्र रेलवे स्टेशन और दानापुर-बिहटा एलिवेटेड पथ से संपर्कता में सुधार होगा। नेहरू पथ पर पाटली पथ के नीचे आयोजित कार्यक्रम में 143.86 करोड़ रुपये की लागत से दीघा-एम्स पाटली पथ को दानापुर की ओर नेहरू पथ से जोड़ने के कार्य का शिलान्यास किया गया। इस परियोजना से दीघा से खगौल तक के लोगों को पाटली पथ का लाभ मिलेगा और जेपी सेतु तक पहुंचना आसान होगा। इसी कार्यक्रम में 318.51 करोड़ रुपये की लागत से रुपसपुर नहर से सगुना मोड़ तक 2.7 किमी लंबी नेहरू पथ के दोनों ओर भूमिगत नाला और चौड़ीकरण कार्य का भी शिलान्यास किया गया। यह परियोजना पश्चिमी पटना के यातायात प्रबंधन को सुदृढ़ बनाएगी। इसके साथ ही 21.35 करोड़ रुपये की लागत से नेहरू पथ से गोला रोड तक 2.20 किमी लंबे पथ के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य की भी आधारशिला रखी गई। मुख्यमंत्री ने कहा कि इन सभी परियोजनाओं के पूरा होने से पटना शहरी (पश्चिमी क्षेत्र) में यातायात व्यवस्था बेहतर होगी, जाम की समस्या घटेगी और जेपी सेतु व एम्स तक आवागमन आसान होगा। गोला रोड चौड़ीकरण से नए विकसित क्षेत्रों के निवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विधान पार्षद रविंद्र कुमार सिंह, मुख्यमंत्री

## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सात शहीदों को किया नमन



पटना में शहीद दिवस मनाया गया। इस मौके पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, विजय सिन्हा के साथ अन्य कई मंत्री भी शामिल हुए, जिन्होंने सात शहीदों को श्रद्धांजलि दी। विधानसभा के समीप शहीद स्मारक में आयोजित इस राजकीय समारोह में नेताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर शहीदों को नमन किया। सीएम नीतीश ने दी श्रद्धांजलि दी।9 अगस्त को भारत छोड़ो आंदोलन की घोषणा के बाद 11 अगस्त को पटना में सात नौजवानों सारण जिले के उमाकांत प्रसाद सिंह, पटना के रामानंद सिंह, भागलपुर के सतीश प्रसाद झा, गया जिले के जगपति, सारण के राजेंद्र सिंह, पटना के गोविंद सिंह और देवीपद चौधरी ने तत्कालीन सचिवालय (बिहार विधानसभा) पर तिरंगा फहराया था। इस दौरान अंग्रेजों ने ताबड़तोड़ उन पर गोलियां बरसाई लेकिन उन क्रांतिकारियों ने हार नहीं मानी और अंततः अपने प्राणों की आहुति देते हुए देश की लाज रखते हुए तिरंगे को सचिवालय पर फहरा दिया। प्रत्येक वर्ष इस दिन को राजकीय समारोह के रुप में मनाया जाता है। सात शहीदों के सम्मान में उनका स्मरण करते हुए बिहार विधान मंडल के प्रांगण में अमर ज्योति का निर्माण कराया गया। बिहार विधानमंडल की मुख्य द्वार से कुछ फलांग आगे बढ़ते ही अनवरत जलती अमर ज्योति उनके बलिदान की याद ताजा कराती है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान सहित सभी नेताओं ने इन सात शहीदों की मूर्ति पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

# 22 अगस्त को पीएम मोदी की मगध विवि. में जनसभा



## 10 विधानसभा से आएंगे कार्यकर्ता

गया। 22 अगस्त को मगध विश्वविद्यालय परिसर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आएंगे और आम सभा को संबोधित करेंगे। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी कई योजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। वहीं एमयू कैंपस में डीएम का गोपनीय कार्यालय खोला गया। साथ ही विधि व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन ने अस्थाई पुलिस लाइन बनाया गया है। एमयू कैंपस में में बनाए गए अस्थाई थाना में एक पुलिस अधिकारी समेत चार पुलिसकर्मी की तैनाती की गई है। एमयू कैंपस में पीएम नरेंद्र मोदी की होने वाली आम सभा को लेकर जिला प्रशासन तीन हेलीपैड, 500 यूनिट शौचालय और पेयजल आपूर्ति के लिए 60 स्टैंड पोस्ट बनाने की योजना है। दो वाटरप्रूफ मंच व पंडाल बनाया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन ने एमयू कैंपस की चारदीवारी तोड़ कर ने द्वार बनाए जाएंगे। डीएम शशांक शेखर और सीनियर एसपी आनंद कुमार एनडीए घटक दल भाजपा, लोजपा, हम, जदयू और रोलोमो के कार्यकताओं के साथ घंटों बैठक हुई। बैठक में बिहार के विभिन्न जिलों से आने वाले कार्यकताओं के वाहनों की पार्किंग समेत कई मूलभूत सुविधाओं पर चर्चा हुई। साथ ही कई मुद्दों पर विचार-विमर्श किया गया।

## सभी 243 सीटों पर चुनाव लड़ने की तैयारी',

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी-रामविलास के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने सोमवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष चिराग पासवान में चमत्कारिक नेतृत्व है और यही वजह है कि हमारी पार्टी सभी 243 विधानसभा सीटों पर मजबूत तैयारी कर रही है, जिससे चुनाव में एनडीए को अच्छे परिणाम मिलेंगे। उन्होंने पशुपति कुमार पारस का नाम लिए बिना कहा कि उनकी कोई नीति नहीं है, पार्टी में संगठन नाम की कोई चीज नहीं है। उनकी महत्वाकांक्षा बस इतनी है कि किसी तरह महागठबंधन से अपने बेटे और भतीजे के साथ चुनाव लड़ सकें।

## संक्षिप्त डायरी

### 'कोसी अभिशाप नहीं, वरदान', सम्राट चौधरी ने बिहार में तबाही मचाने वाली नदी के बारे में ऐसा क्यों कहा?



पटना। उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने दिल्ली में बने नए सांसद आवास परिसर का नाम बिहार की कोसी नदी से जोड़ने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि यह बिहार के प्रति उनके लगाव और अटूट प्रेम का परिचायक है।उपमुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा- मैं बिहार की जनता की ओर से माननीय प्रधानमंत्री जी को धन्यवाद देता हूँ। प्रधानमंत्री मोदी ने चार टावरों वाले 184 नए सांसद आवासों का उद्घाटन किया। जिन चार टावरों में सांसद आवास बनाए गए हैं, उनके नाम कृष्णा, गोदावरी, कोसी और हुगली टावर रखे गए हैं। उल्लेखनीय है कि उद्घाटन समारोह में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जिस प्रकार ये चारों नदियाँ करोड़ों लोगों को जीवन देती हैं, उसी प्रकार इनके नाम पर बने टावरों में रहने वाले जनप्रतिनिधियों के जीवन में भी खुशियों की नई धारा बहेगी। डबल इंजन सरकार द्वारा शुरू की गई कोसी-मेची अंतरराज्यीय नदी जोड़ो परियोजना बिहार के लाखों किसानों और आम लोगों के लिए वरदान साबित होने वाली है। इस ऐतिहासिक परियोजना का सीधा असर उत्तर बिहार की अर्थव्यवस्था, सिंचाई और जनजीवन पर दिखने लगा है। सरकार का लक्ष्य इस परियोजना को मार्च 2029 तक पूरा करना है, जिससे 76,000 हेक्टेयर अतिरिक्त भूमि की सिंचाई होगी और बाढ़ की त्रासदी से राहत मिलेगी।

### कटिहार में बाढ़ का कहर



कटिहार। जिले के मनिहारी नगर पंचायत के वार्ड संख्या 8 स्थित सिग्नल टोला में गंगा का पानी इस कदर तबाही मचा रहा है कि करीब 400 परिवारों के एक हजार से अधिक लोग घर-बार छोड़कर रेलवे बांध पर शरण लेने को मजबूर हो गए हैं। गंगा का जलस्तर बढ़ने से घर-आंगन, चूल्हा-चौका और शौचालय तक कमर से ऊपर पानी में डूब गए हैं। बाढ़ के पानी ने रसोई की आग बुझा दी, बच्चों की हंसी छीन ली और बुजुर्गों के चेहरों पर चिंता की लकीरें और गहरी कर दी हैं। रेलवे बांध किनारे तिरपाल और बांस की टहनियों से बने अस्थाई ठिकानों में लोग जैसे-तैसे दिन गुजार रहे हैं। महिलाओं और बच्चों की मुश्किलें सबसे अधिक बढ़ गई हैं। खाना बनाने से लेकर शौच के लिए जाना तक एक जंग जैसा बन गया है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन इस भीषण संकट में भी हाथ पर हाथ धरे बैठा है। न पीने के साफ पानी की व्यवस्था है, न खाने का इंतजाम और न ही बीमारों के इलाज के लिए मेडिकल टीम मौजूद है। मजबूरी में लोग खुले आसमान के नीचे भूख और बीमारी के साये में जिंदगी काट रहे हैं। वार्ड पार्षद बेचन सिंह ने जिला प्रशासन से पेयजल टैंकर, अस्थाई शौचालय, पॉलिथीन शीट, सूखा राशन और सामुदायिक किचन की तत्काल व्यवस्था की मांग की है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि राहत कार्य तुरंत शुरू नहीं हुए, तो सिग्नल टोला में भूख, बीमारी और लापरवाही मिलकर एक और बड़ी त्रासदी को जन्म देंगे। फिलहाल, सिग्नल टोला के लोग सिर्फ बाढ़ के पानी में ही नहीं, बल्कि भूख, बीमारी और प्रशासनिक चुप्पी में भी डूबे हुए हैं।

# मुखिया-सरपंच के हस्ताक्षर से बनेगा मृत्यु प्रमाण पत्र



पटना। बिहार सरकार ने मृत्यु प्रमाण पत्र को मुखिया और सरपंच के हस्ताक्षर से भी मान्य करने की अनुमति दी है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओ से बताया गया कि 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 तक चलने वाले राजस्व महा अभियान के दौरान उत्तराधिकार एवं बंटवारा आधारित नामांतरण को सुगम बनाने के लिए एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी जिला समाहताओं को पत्र निर्गत किया है कि राजस्व महा अभियान के सफल संचालन के लिए 10 अगस्त को पंचायत प्रतिनिधियों के संघों के साथ राजस्व सर्वे प्रशिक्षण संस्थान, पटना में बैठक हुई थी। इस बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों के सलाह के बाद मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को सरल बनाया गया है। बताया गया कि कई मामलों में रैयत या जमाबंदीदार की मृत्यु वर्षों पूर्व हो चुकी है। उनका मृत्यु प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं है। ऐसे मामलों में तत्काल प्रमाण पत्र बनवाना आसान नहीं है। राजस्व महा अभियान के दौरान ऐसे मामलों में उनके उत्तराधिकारी द्वारा सफेद कागज पर स्व-घोषणा पत्र देकर पंचायत के मुखिया अथवा सरपंच के हस्ताक्षर से अभिप्रमाणित कराए जाने पर उसे मान्य किया जाएगा। इसके अलावा यदि वंशावली में किसी सदस्य के नाम के साथ मृत लिखा है, तो उसे भी प्रमाण के रूप में स्वीकार किया जाएगा। अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने कहा कि इस महत्वपूर्ण निर्णय से पुराने लंबित नामांतरण एवं बंटवारा मामलों के निपटारे में तेजी आने की उम्मीद है।

# 12 दिन बाद भी किसी राजनीतिक दल ने नहीं दर्ज करवाई कोई आपत्ति



पटना। बिहार मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के बाद सियासत जारी है। विपक्षी दल लगातार कर मतदाता पुनरीक्षण कार्य पर सवाल उठा रहे हैं। कह रहे हैं कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के बाद कई लोगों के नाम कट गए। लेकिन, चौंकाने वाली बात यह है कि मतदाता सूची प्रारूप प्रकाशित होने के 12 दिन बाद भी अब तक किसी भी राजनीतिक दल की ओर से दावा या आपत्ति नहीं की गई है। चुनाव आयोग ने मंगलवार सुबह मतदाता पुनरीक्षण कार्य का डेली बुलेटिन जारी किया।चुनाव आयोग ने फिर से अपील करते हुए कहा कि एक अगस्त को जारी की गयी बिहार की प्रारूप मतदाता सूची में कोई भी त्रुटि दूर करने के लिये अपने दावे और आपति दर्ज करें। अभी तक किसी भी राजनीतिक दल ने एक भी दावा या आपत्ति नहीं दर्ज की है। चुनाव आयोग के अनुसार, राष्ट्रीय और राज्य स्तर के राजनीतिक दलों के बीएलए की संख्या एक लाख 60813 है। लेकिन, अब तक किसी भी राजनीतिक दल के बीएलए की ओर से प्रारूप निर्वाचक नामावली के संबंध में नाम जोड़ने या हटाने को लेकर दावा या आपत्ति नहीं किया गया है। इधर, नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और उपमुख्मयंत्री विजय सिन्हा के नाम पर दो एढक्ळ नंबर होने से बवाल बढ़ गया। पहले नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन ने घेरा। उन पर वोटर लिस्ट घोटाला करने का आरोप भी लगाया। इसके बाद डिप्टी सीएम विजय सिन्हा ने नाम पर भी दो EPIC नंबर का खुलासा हुआ। तेजस्वी यादव ने चुनाव आयोग से कार्रवाई करने की मांग की। तब चुनाव आयोग ने तेजस्वी यादव के बाद नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने जवाब तलब किया गया है। उनका नाम बांकीपुर और लखीसराय विधानसभा में अलग-अलग उम्र के साथ दर्ज है। इस पर चुनाव आयोग ने उनसे 14 अगस्त की शाम पांच बजे तक जवाब देने कहा है। विजय सिन्हा ने कहा कि पहले मेरा और मेरे पूरे परिवार का नाम पटना में सूचीबद्ध था। अप्रैल 2024 में मैंने अपना नाम लखीसराय विधानसभा में जुड़वाने के लिए आवेदन किया। साथ ही, पटना से नाम हटाने के लिए भी फॉर्म भरा। मेरे पास इसका प्रमाण है। किसी कारणवश मेरा नाम वहां से हट नहीं पाया, इसलिए मैंने बीएलओ को फोन किया और एक लिखित आवेदन भी दिया तथा उसकी रसीद भी ली। मेरे पास दोनों दस्तावेज हैं। मेरा डिलीशन फॉर्म रिजेक्ट कर दिया गया। मैं केवल एक ही जगह से वोट करता हूं। पिछली बार भी मैंने लखीसराय से ही मतदान किया था। मैंने केवल लखीसराय से ही रक्क्रफॉर्म भरा है। मैं उम्र संशोधन के लिए फॉर्म भी पहले ही भर चुका हूं। अब विपक्ष मुझे बदनाम करने की साजिश रच रही है।

# मेला स्पेशल ट्रेन में छापा, बोरियों में भरकर शराब की हो रही थी तस्करी



बक्सर। ट्रेनों के माध्यम से शराब तस्करी रोकने की दिशा में रविवार की रात बक्सर आरपीएफ को बड़ी सफलता मिली है।विभिन्न ट्रेनों की सघन जांच के क्रम में मेला स्पेशल ट्रेन से 14 बोरी शराब लेकर आ रहे चार तस्करों को रेल पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद चारों को जेल भेज दिया गया। इस संबंध में जानकारी देते आरपीएफ पोस्ट प्रभारी निरीक्षक कुंदन कुमार ने बताया कि वरीय अधिकारियों के निर्देश पर रविवार की रात बक्सर से होकर गुजरने वाली तमाम ट्रेनों की सघन जांच की जा रही थी। इसी क्रम में 03602 डाउन मेला स्पेशल ट्रेन के बक्सर स्टेशन पर रुकते ही विभिन्न कोचों की जांच शुरू कर दी गई।

इसी क्रम में एक कोच से 14 बोरियों में पैक अंग्रेजी शराब बरामद करते हुए जब्त कर लिया गया। यात्रियों से पूछताछ के क्रम में चिह्नित करते हुए चार तस्करों को भी दबोच लिया गया जो शराब की खेप लेकर जा रहे थे। चारों तस्करों की पहचान पटना के गर्दनीबाग निवासी रौशन कुमार, पप्पू कुमार, बेगुसराय के साहेबपुर कमाल निवासी अमन कुमार और पटना के गोपालपुर थाना अंतर्गत रामधनीपुर निवासी रोहित कुमार के रूप में की गई। शराब से भरी बोरियों का आकलन करने पर कुल 348 लीटर विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब पाई गई, जिनका बाजार मूल्य लगभग 1.90 लाख रुपये आंका गया है। तस्करों से पूछताछ में पता चला कि वे लोग विगत काफी दिनों से ट्रेन के रास्ते यूपी से शराब की तस्करी कर पटना और बेगूसराय ले जाकर उंची कीमतों पर बेचा करते हैं। आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद गिरफ्तार चारों को अग्रेतर कार्रवाई के लिए आरा रेल कोर्ट को सुपुर्द कर दिया गया।

# बिहार में हो गया खेला, मुर्दा भी हो गया जिंदा!

## ससुराल में रह रही बेटियों का भी... आप भी चेक करें अपना नाम

कुमारखंड (मधेपुरा)। विधानसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग द्वारा कराए गए विशेष मतदाता पुनरीक्षण अभियान में हुई लापरवाही का सच परत दर परत उजागर होता जा रहा है। एक अगस्त को जारी मतदाता सूची के अनुसार कुमारखंड प्रखंड के बूथ संख्या 226 और 227 की जांच में एक-दो नहीं बल्कि छह मृत व्यक्तियों के फॉर्म भरने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं, इन दोनों बूथों पर ससुराल में रह रही 26 से अधिक बेटियों ने भी पुनरीक्षण फॉर्म भरकर अपना नाम आरक्षित करा लिया है। इनमें कोई 15 साल से तो कोई पांच साल से ससुराल में रह रही है। इतना ही नहीं, चार मतदाता ऐसे भी हैं, जिनके नाम दो जगहों पर दर्ज हैं और ई-पीआईसी भी जारी है। पश्चिम बंगाल के निजी स्कूलों के संचालक भी पुनरीक्षण फॉर्म भरने से पीछे नहीं हटे। इतना ही नहीं, एक घर में तीन अलग-अलग जाति और धर्म के लोग भी मौजूद हैं। पश्चिम बंगाल के मालदा जिले के निवासी, एसटी सेंट मैरी स्कूल के निदेशक रेमंड माइकल और उनकी पत्नी रीना माइकल का नाम क्रमांक-317 और मकान क्रमांक-92 पर दर्ज है। यह दंपत्ति परमानंदपुर में एक स्कूल चलाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि बूथ क्रमांक-226 के बूथ क्रमांक-95 और बूथ क्रमांक-227 के बूथ क्रमांक-67 पर बीएलओ दुलारचंद ऋषिदेव का नाम भी दर्ज है। जांच में पता चला है कि मतदान केंद्र क्रमांक 226 की ड्राफ्ट सूची में चार मृतकों और 15 विवाहित महिलाओं के अलावा चार लोगों के नाम अलग-अलग क्रमांक पर दर्ज हैं, जिनके लिए अलग-अलग मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) भी जारी किए गए हैं। वहीं, मतदान केंद्र क्रमांक 227 में दो मृतकों, 11 विवाहित महिलाओं और दो पुरुषों के नाम अलग-अलग क्रमांक पर दर्ज हैं। इसके अलावा, एक ही मकान में तीन अलग-अलग धर्मों के लोगों के नाम भी दर्ज हैं। 1 अगस्त को प्रकाशित ड्राफ्ट सूची के अनुसार, मतदान केंद्र संख्या 226 और 227 की जाँच के दौरान कई



अनियमितताएँ सामने आई हैं। क्रम संख्या 822, मकान संख्या 227, ई-पीआईसी संख्या -KJX1394279 की मतदाता चंद्रिका देवी (पति रंजन मंडल) की मृत्यु वर्ष 2020 में ही हो गई थी। मतदाता दयाजी देवी (पति बैजनाथ सरदार) क्रमांक 270, मकान संख्या 81, EPIC KJX1394816 की मृत्यु वर्ष 2020 में हुई। इसी प्रकार, मतदाता गीता देवी (पति ब्रह्मदेव कामत) क्रमांक 697, मकान संख्या 186, EPIC SAJ-0524520 की मृत्यु वर्ष 2024 में हुई। मतदाता राजेंद्र सरदार (पिता बंदेलाल सरदार) क्रमांक 377, मकान संख्या 110, EPIC संख्या-SAJ0843888 की मृत्यु जून 2025 में हुई। उनकी मृत्यु के बाद सभी नामों के विशेष पुनरीक्षण प्रपत्र जमा किए गए और सभी के नाम प्रारूप सूची में प्रकाशित किए गए। इसी प्रकार, गाँव की विवाहित बेटियों ने भी अपने ससुराल के साथ-साथ अपने मायके में भी विशेष पुनरीक्षण प्रपत्र भरकर अपना नाम आरक्षित रखने में सफलता प्राप्त की है। उदाहरण के लिए, मतदाता रिंकी कुमारी (43) पिता राजेंद्र सिंह, क्रमांक-939, मकान संख्या-10, EPIC संख्या-KJX 1400415, मतदाता ऋचा कुमारी (26) पिता सदानंद मंडल, क्रमांक-439, मकान संख्या-125, एढक्ळ संख्या SAJ 2047421, तथा उनकी 26 पुत्रियाँ अपने मायके की मतदाता हैं। मतदाता राजा कुमार पिता उमेश साह, क्रमांक-62, मकान संख्या-38, EPIC संख्या-SAJ 2634129, का नाम क्रमांक-65, मकान संख्या-38, EPIC संख्या-SAJ 2782621 पर दर्ज है। इसी प्रकार, मतदाता, क्रमांक-693, मकान संख्या-185, EPIC संख्या-SAJ 1481662, का नाम क्रमांक-432, मकान संख्या-124, EPIC संख्या-KJX1402726 पर दर्ज है।



**कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है।**

# बच्चों को घर बैठे खेल-खेल में सिखाएं गणित के गुण

कोरोना वायरस महामारी के बाद कई छात्र काफी मानसिक तनाव महसूस कर रहे हैं। इस तनाव को दूर करने के लिए कई छात्र नए-नए हुनर सीख रहे हैं। ऐसे में भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग काफी बढ़ गई है। माता-पिता अपने बच्चों को नए कौशल सिखाने के लिए ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म का सहारा ले रहे हैं। ऐसे में अगर आप अपने बच्चे को गणित और सांख्यिकी गणना सिखाना चाहते हैं तो अबेकस ट्रेनिंग क्लास की मदद से आप अपने बच्चों को खेल में गणित पढ़ा सकते हैं।
कोरोना महामारी के दौरान बच्चे अपने पाठ्यक्रम में से ऐसी विभिन्न कक्षाओं में दाखिला और भाग ले रहे हैं जो उनके कौशल को बढ़ाने के लिए उनके स्कूल द्वारा प्रदान नहीं किया जा रहा है। यह पैटर्न विभिन्न आयु समूहों में देखा गया है जिसके कारण भारत में ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म की मांग बढ़ रही है। माता-पिता अलग-अलग ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म ढूंढ रहे हैं जिसके माध्यम से उनके बच्चों को रचनात्मक सीखने के माहौल में पाला जा सकता है। गणित और संख्या कुछ बच्चों के लिए स्वाभाविक रूप से आती है, लेकिन जब गणना की बात आती है तो स्कूल और कॉलेज के छात्रों का एक बड़ा हिस्सा कुछ हद तक संघर्ष करता है। अबेकस, जैसा कि हम सभी जानते हैं, सदियों से मौजूद है और इसे अंकगणितीय कौशल और संख्यात्मक प्रवाह को विकसित करने के लिए दुनिया भर में सबसे अच्छे उपकरणों में से एक माना जाता है।
अबेकस टूल का उपयोग गणितीय कार्यों जैसे जोड़, घटाव, गुणा, वर्ग या घनमूल को करने के लिए किया जाता है। अबेकस का उपयोग दशमलव अंक, ऋणात्मक संख्या और बहुत कुछ गिनने के लिए भी किया जा सकता है। अपने गणना कौशल में सुधार के अलावा, अबेकस सीखने से बच्चे के समग्र विकास में मदद मिल सकती है। अबेकस सीखने के कुछ लाभ इस प्रकार हैं :

- कैलकुलेशन की गति और सटीकता में सुधार करता है
- विश्लेषणात्मक कौशल और तार्किक रीजनिंग का निर्माण करता है
- गणित में रुचि पैदा करता है
- एकाग्रता और अवलोकन शक्ति को बढ़ाता है
- मेमोरी में सुधार करता है
- आत्मविश्वास और आत्म-सम्मान बनाता है

यहां भारत में पांच ऐसे प्लेटफार्मों के बारे में बताया गया है जो 100 प्रतिशत डिजिटल एबेकस प्रशिक्षण प्रदान करते हैं और युवाओं को भविष्य के रोल मॉडल बनने के लिए प्रेरित करते हैं।



## ब्रिटिश यूथ इंटरनेशनल कॉलेज

यूके स्थित प्लेटफॉर्म, ऑनलाइन अबेकस शिक्षण मंच लॉन्च करने वाली दुनिया की पहली कंपनी है। उनके मंच में पूरी तरह कार्यात्मक वर्चुअल अबेकस है जो बच्चों के समग्र मानसिक विकास के लिए इंटरैक्टिव प्रशिक्षक के नेतृत्व वाली अबेकस शिक्षण पद्धति का उपयोग करता है। ये ऑनलाइन कक्षाएं चरण-दर-चरण अप्रोच प्रदान करती हैं जिसका उद्देश्य छात्रों को अबेकस को ध्यान में रखकर मार्गदर्शन करना और कैलकुलेटर की तुलना में तेजी से संख्या की गणना करना है। शिक्षक प्रत्येक छात्र को गहन शिक्षण प्रदान करते हैं। वे जोड़, घटाव, गुणा, भाग, दशमलव जोड़, दशमलव घटाव, दशमलव गुणा और दशमलव भाग को कवर करते हैं। वे एकमात्र अबेकस कंपनी हैं जो दशमलव आधारित गणना प्रदान करती हैं।

## उडेमी

उदमी अबेकस कोर्स का उद्देश्य आपकी गणना, क्षमता, संख्या बोध और मानसिक अंकगणित को बेहतर बनाने में मदद करके मस्तिष्क का विकास करना है। यह पाठ्यक्रम मल्टीमीडिया और एनिमेशन के जरिये आपको सिखाएगा कि अबेकस पर सही और तेज बुनियादी गणित संचालन कैसे करें। इन अबेकस ऑनलाइन कक्षाओं को शुरू करके बच्चे अबेकस पर संख्याएं रखने, हल करने और जोड़ और घटाव को समझने में सक्षम होंगे।

## अबेकस सुपरमैथ्स

'सुपरमैथ्स' छात्रों को अबेकस टूल का उपयोग करने के लिए एक दोस्ताना और इंटरैक्टिव मंच प्रदान करता है। उनकी कक्षाएं आपको ऑनलाइन वर्कशीट पर काम करके मानसिक सिद्धांत अवधारणाओं को अभ्यास में लाने की अनुमति देती हैं। यह कोर्स दो ट्रैक में आता है, जूनियर और सीनियर। पहले ट्रैक में 11 स्तर होते हैं जबकि दूसरे वरिष्ठ ट्रैक में 8 स्तर होते हैं। प्रत्येक स्तर के अंत में एक ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की जाती है जिसके बाद छात्र को अगले स्तर पर पदोन्नत किया जाता है। वे प्रशिक्षक के नेतृत्व में आवेदन आधारित वीडियो कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाते हैं।

## अबेकस मास्टर

अबेकस मास्टर ने अबेकस को अधिक रोचक और मनोरंजक बनाने के लिए अनूठी विशेषताओं के साथ एक व्यापक शिक्षण मंच बनाया है। यह ई-लर्निंग प्लेटफॉर्म 5-12 वर्ष की आयु के बीच के छात्रों को अबेकस प्रशिक्षण प्रदान करता है। इसमें आठ स्तर शामिल होते हैं जो बुनियादी से लेकर उन्नत अबेकस गणनाओं तक सभी विषयों को कवर करते हैं। छात्र इस पाठ्यक्रम को अपनी गति के हिसाब से ले सकते हैं; हालाँकि, पोर्टल पूरी तरह से आश्वस्त होने के लिए प्रत्येक स्तर पर कम से कम दो महीने बिताने का सुझाव देता है। उनकी कक्षाएं एनिमेशन, अंजान वीडियो और प्रैक्टिस वर्कशीट की मदद से दी जाती हैं।

## स्मार्ट किड अबेकस

स्मार्ट किड की 'अबेकस फ्रेंचाइजी' बच्चों के लिए अबेकस ऑनलाइन कक्षाएं संचालित करती है। ये कक्षाएं सप्ताह में एक बार 45 मिनट के लिए आयोजित की जाती हैं। समय में कोई पाबन्दी नहीं है और छात्र कई प्रकार के पाठ्यक्रमों में से चुन सकते हैं। यह आठ स्तरीय पाठ्यक्रम है जिसमें 5 बुनियादी और 3 अग्रिम स्तर हैं। पाठ्यक्रम 4-14 वर्ष आयु वर्ग के छात्रों के लिए डिजाइन किए गए हैं और ये पाठ्यक्रम कौशल के विकास के साथ-साथ संपूर्ण मस्तिष्क विकास को बढ़ावा देते हैं।



# फ्लाइट में यात्रियों की मेहमान नवाजी कर कमाएं हजारों

**केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें।**

केबिन क्रू का मतलब होता है केबिन के कर्मचारी। किसी भी फ्लाइट में जहाँ यात्री बैठते हैं, उसे केबिन कहते हैं। फ्लाइट में यात्रियों की सेवा और सुरक्षा के लिए जो टीम होती है, उसे केबिन क्रू कहते हैं। केबिन क्रू की जिम्मेदारी फ्लाइट में आने वाले यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान रखना, उनकी जरूरतों को पूरा करना और यात्रियों को फ्लाइट के नियम समझाना होता है। बहुत से लोग केबिन क्रू बनना चाहते हैं लेकिन उन्हें इस बारे में जानकारी नहीं होती है कि केबिन क्रू कैसे बनें। आज के इस लेख में हम आपको केबिन क्रू बनने के लिए जरूरी योग्यता, प्रक्रिया और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी देंगे

## योग्यता

- उम्मीदवार को किसी मान्यता प्राप्त बोर्ड से बारहवीं कक्षा में साइंस, कॉमर्स या आर्ट्स किसी भी स्ट्रीम में पास होना चाहिए। या किसी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी अगर आपने किसी भी सब्जेक्ट में स्नातक की हो तो आप केबिन क्रू की जॉब के लिए आवेदन कर सकते हैं।
- आवेदक की ऊंचाई 157 से 170 सेंटीमीटर के बीच होनी चाहिए।
- आवेदक की आयु 17 से 26 वर्ष के बीच होनी चाहिए।

## जरूरी कौशल

- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी कम्युनिकेशन स्किल होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए दूसरों के साथ अच्छी तरह से बातचीत करने का ढंग होना चाहिए।
- आपके शरीर पर किसी प्रकार का टैटू नहीं होना चाहिए।
- आपकी अंग्रेजी एवं हिंदी भाषा पर अच्छी पकड़ होनी चाहिए।
- केबिन क्रू बनने के लिए अच्छी पर्सनालिटी और गुड लुक्स भी जरुरी होते हैं।

## कोर्सेज

- डिप्लोमा इन केबिन क्रू एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन एंड ट्रेवल मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एविएशन एंड हॉस्पिटैलिटी मैनेजमेंट
- डिप्लोमा इन एयरलाइन केबिन क्रू
- सर्टिफिकेट कोर्स इन एयर हॉस्टेस

## केबिन क्रू कैसे बनें

- एयरलाइन कंपनियां समय-समय पर केबिन क्रू की भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी करती हैं।
- केबिन क्रू का एप्लीकेशन फॉर्म भरने के बाद आवेदक को इंटरव्यू के लिए बुलाया जाता है।
- इंटरव्यू क्लियर करने के बाद आवेदक की शारीरिक जाँच और मेडिकल टेस्ट होता है।
- मेडिकल टेस्ट क्लियर करने के बाद ग्रुप डिस्कशन होता है।
- इन सभी टेस्ट्स को पास करने वाले उम्मीदवारों का चयन केबिन क्रू के लिए होता है।

## सैलरी

शुरुआत में बतौर केबिन क्रू आपकी सैलरी प्रतिमाह 30,000 रूपये से 50,000 रूपये तक हो सकती है। हालंकि, समय के साथ अनुभव होने पर सैलरी बढ़कर 70 हजार रूपये से 1 लाख रूपये प्रतिमाह तक हो सकती है।



# वैकल्पिक चिकित्सा में कॅरियर बनाना चाहते हैं तो चुनें मैग्नेटिक थेरेपी

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए।
मैग्नेटिक थेरेपी, जिसे मैग्नेट थेरेपी या मैग्नो थेरेपी भी कहा जाता है, वास्तव में एक वैकल्पिक चिकित्सा उपचार है, जिसमें विभिन्न रोगों के उपचार के लिए चुंबक का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद सिंपल, इफेक्टिव, सुरक्षित व पूरी तरह से दर्दरहित प्राकृतिक उपचार है। चुंबकीय चिकित्सा को एक विज्ञान के साथ-साथ एक कला के रूप में माना जाता है, क्योंकि इसमें मानव के विभिन्न अंगो, रोगों को जानने के साथ-साथ व मैग्नेट के उचित उपयोग को जानना भी उतना ही जरूरी है। विज्ञान में, चुंबकीय चिकित्सा एक्यूपंक्चर के समान है। वहीं कला में, इसमें विभिन्न बीमारियों के इलाज के लिए शरीर के विभिन्न हिस्सों पर विभिन्न आकारों और शक्तियों के मैग्नेट का इस्तेमाल किया जाता है। यह एक बेहद डिफरेंट चिकित्सा थेरेपी है। तो चलिए जानते हैं कि इस क्षेत्र में कैसे बनाएं कॅरियर-

## स्किल्स

एक मैग्नेटो चिकित्सक को मैग्नेटोमीटर के सही उपयोग के बारे में पता होना चाहिए, जो एक चुंबक के ध्रुवों को निर्धारित करता है। इसके अलावा आपको चुंबकीय चिकित्सा में इस्तेमाल होने वाले अन्य उपकरणों की भी सही जानकारी होनी चाहिए। इसके अलावा उन्हें मानव शरीर व उसके महत्वपूर्ण अंगों की रचना व उसके विज्ञान के बारे में भी पता होना चाहिए।

## शैक्षणिक योग्यता

भारत में केवल कुछ ही संस्थान मैग्नेट थेरेपी पाठ्यक्रमों की पेशकश कर रहे हैं। मैग्नेट थेरेपी में सर्टिफकिट, डिग्री और डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए न्यूनतम योग्यता 10 2 है और पीजी पाठ्यक्रमों के लिए स्नातक होना आवश्यक है। डिप्लोमा कोर्स की अवधि 1 वर्ष की है और स्नातक और स्नातकोत्तर डिप्लोमा कोर्स 2 वर्ष का है। कुछ संस्थान शार्ट टर्म डिप्लोमा और मास्टर डिप्लोमा कोर्स भी करवाते हैं, जिनकी अवधि एक से तीन महीने की होती है। एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट प्राइवेट व पब्लिक हॉस्पिटल, नेचुरोपैथी हॉस्पिटल या वैकल्पिक उपचार चिकित्सा केन्द्रों में काम कर सकते हैं। इसके अलावा मैग्नेटिक थेरेपिस्ट इंडिपेंडेंट प्रैक्टिस भी कर सकते हैं। इतना ही नहीं, वह उपचार के लिए मैग्नेटिक ज्वैलरी, ब्रेसलेट व अन्य उत्पादों को भी बेच सकते हैं।
एक मैग्नेटिक थेरेपिस्ट की आय असीमित है। उनकी आय उनके चिकित्सीय कौशल पर निर्भर करती है। सेल्फ इंपलायड मैग्नेटिक थेरेपिस्ट घंटे के हिसाब से चार्ज करते हैं। उनका एक सेशन करीबन 20 से 30 मिनट का होता है।

## प्रमुख संस्थान

- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, कोलकाता
- एक्यूप्रेशर रिसर्च, टेनिंग व टीटमेंट इंस्टीट्यूट, जोधपुर
- ऑल इंडिया पैरा मेडिकल टेक्नोलॉजी एंड अल्टरनेटिव मेडिकल काउंसिल, लुधियाना
- नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ नेचुरोपैथी, पुणे
- कॉलेज ऑफ क्लिनकिल मैग्नेटोलॉजी और प्राण हीलिंग कॉलेज, त्रिशूर
- इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, कोलकाता
- इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन एंड रिसर्च, बैंगलोर
- महेन्द्र इंस्टीट्यूट ऑफ अल्टरनेटिव मेडिसिन, जयपुर





# एक्वापॉनिक्स फार्मिंग में है बेहतर भविष्य

**क्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है।**

आज के समय में एग्रीटेक स्टार्टअप बहुत तेजी से विकसित हो रहा है। एक्वापोनिक्स दो शब्दों से मिलकर बना है। पहला एक्वाकल्चर जिसमें मछली पालन होता है और दूसरा हाइड्रोपोनिक जिसमें पानी पर खेती होती है। एक्वापोनिक्स में एक ही पारिस्थितिकी तंत्र में मछलियाँ और पौधे एक साथ उगाए जा सकते हैं। इसमें परंपरागत खेती की तुलना में लगभग 90 प्रतिशत तक पानी की बचत होती है जबकि इसमें पौधे दोगुनी रफ्तार से बढ़ते हैं। एक्वापॉनिक्स में एक फिश टैंक में मछली पालन किया जाता है और दूसरी तरफ पानी पर हाइड्रोपोनिक खेती का सिस्टम बनाया जाता है। फिश टैंक में मछलियां फीड खाने के बाद करीब 70 फीसदी तक मल निकालती हैं जिसमें अमोनिया होता है। इसके बाद फिश टैंक से अमोनिया वाले पानी को हाइड्रोपोनिक खेती के लिए इस्तेमाल किया जाता है। जब ये पानी पौधों की जड़ों तक पहुंचता है तो वहां मौजूद बैक्टीरिया इसे नाइट्रोजन में तोड़ देते हैं। यह पौधों के विकास के लिए बहुत ही अहम होता है। इसके बाद पानी को फिर से प्यूरिफाई किया जाता है और दोबारा मछलियों के टैंक में डाला जाता है। इस तरह एक ही पानी बार-बार इस्तेमाल होता रहता है और पानी की बचत होती है।
एक्वापोनिक फार्मिंग सेटअप तैयार करने में कितनी लागत आएगी यह इस बात पर निर्भर करता है कि आप बड़ा सेटअप तैयार करना चाहते हैं या छोटा। उदाहरण के लिए अगर आप एक एकड़ जमीन पर एक्वापोनिक फार्मिंग करते हैं तो आपका करीब 3 करोड़ रूपए तक का खर्चा आ सकता है। इसके साथ ही अगर आप मुनाफा चाहते हैं तो आपको अच्छी क्वालिटी वाली चीजें इस्तेमाल करनी होंगी। एक्वापोनिक खेती से हुई पैदावार पूरी तरह ऑर्गेनिक होती है इसलिए आप इसके लिए सामान्य की तुलना में दो से तीन गुना कीमत कमा सकते हैं। हालाँकि, आपको पैदावार से पहले ही उसे बेचने की तैयारी कर लेनी होगी वरना आपको भारी नुकसान हो सकता है। इसके लिए आप बड़े-बड़े रिटेल स्टोर, रेस्टोरेंट और फाइव स्टार होटलों से कॉन्ट्रैक्ट कर सकते हैं।

# शुभमन गिल बने जुलाई महीने के प्लेयर ऑफ द मंथ, चौथी बार जीता यह पुरस्कार

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय टेस्ट कप्तान शुभमन गिल और इंग्लैंड की स्पिनर सोफिया डंकले को क्रमशः जुलाई के लिए ढ्ढष्टष्ट पुरुष और महिला प्लेयर ऑफ द मंथ चुना गया है। गिल को इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स और दक्षिण अफ्रीकी ऑलराउंडर वियान मुल्डर से कड़ी टक्कर के बाद प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार मिला है। यह उनका चौथा प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान है, इससे पहले उन्होंने इस साल फरवरी, जनवरी और सितंबर 2023 में यह सम्मान जीता था।

इस 25 वर्षीय खिलाड़ी ने जुलाई में शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की शानदार औसत से 567 रन बनाए जिसमें छह मैचों में एक दोहरा शतक और दो शतक शामिल हैं। भारत के टेस्ट कप्तान के रूप में यह गिल का पहला दौरा था और उन्होंने कहा कि यह सम्मान पाना उनके लिए एक बड़ा सम्मान है।

गिल ने कहा, 'जुलाई के लिए ढ्ढष्टष्ट प्लेयर ऑफ द मंथ चुने जाने पर बहुत अच्छा लग रहा है। इस बार यह और भी ज़्यादा मायने रखता है क्योंकि यह पुरस्कार मुझे कप्तान के रूप में मेरी पहली टेस्ट सीरीज के दौरान मेरे प्रदर्शन के लिए मिला है। बर्मिंघम में लगाया गया दोहरा शतक निश्चित रूप से ऐसी चीज है जिसे मैं हमेशा संजो कर रखूंगा और यह मेरे इंग्लैंड दौरे के सबसे यादगार पलों में से एक होगा।'

उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के खिलाफ टेस्ट सीरीज कप्तान के रूप में मेरे लिए सीखने का एक अनुभव था और दोनों टीमों ने कुछ बेहतरीन प्रदर्शन किए, जिन्हें दोनों टीमों के खिलाड़ी लंबे समय तक याद रखेंगे। मैं इस पुरस्कार के लिए मुझे चुनने के लिए जूरी का और इस रोमांचक सीरीज के दौरान मेरे साथ रहे मेरे साथियों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं।' गिल ने कहा, 'मैं आने वाले सीजन में भी अपनी शानदार फॉर्म जारी रखने और देश के लिए और भी सम्मान लाने के लिए उत्सुक हूं।'

इस बीच सोफिया डंकले के बल्ले से लगातार अच्छे प्रदर्शन ने उन्हें पहली बार आईसीसी महिला प्लेयर ऑफ द मंथ का सम्मान दिलाया है। उन्होंने इस मासिक पुरस्कार के लिए इंग्लैंड की साथी सोफी एक्लेस्टोन और आयरलैंड की कप्तान गैबी लुईस को कड़ी टक्कर दी। 27 वर्षीय खिलाड़ी ने ब्रिस्टल में भारत के खिलाफ दूसरे टी20आई में महीने की शुरुआत अच्छी नहीं की थी। हालांकि उन्होंने अगले मैच में शानदार वापसी की और 53 गेंदों पर 75 रनों की शानदार पारी खेलकर अपनी क्लास का प्रदर्शन किया, यह पारी इंग्लैंड की छह रनों की मामूली जीत में अहम साबित हुई।

डंकले ने चार टी20आई मैचों में 36 की औसत से 144 रन बनाए, जिसमें 134.57 की प्रभावशाली स्ट्राइक रेट रही। उनका यह फॉर्म वनडे में भी जारी रहा, जहां उन्होंने 63 की औसत और 91.97 के स्ट्राइक रेट से 126 रन बनाए। फॉर्म में चल रही इंग्लैंड की इस बल्लेबाज के लिए बल्ले से एक मजबूत ऑलराउंड महीने का समापन हुआ। पुरस्कार




जीतने पर डंकले ने कहा, 'भारत के खिलाफ एक बेहद कड़ी सीरीज के बाद आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ का पुरस्कार जीतकर मैं बेहद खुश हूं। हम यह सीरीज जीतना पसंद करते, लेकिन मुझे लगता है कि आईसीसी महिला विश्व कप की ओर बढ़ते हुए हम इससे बहुत कुछ सीखेंगे। भारत अपनी जीत का हकदार था और इस सीरीज का हिस्सा बनना एक शानदार अनुभव था।'

# दीप्ति शर्मा टी20 अंतर्राष्ट्रीय रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंची, स्मृति मंधाना को हुआ नुकसान



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत की दीप्ति शर्मा आईसीसी महिला टी20 की नवीनतम रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। दूसरी तरफ सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना बल्लेबाजों के बीच टॉप से दूसरे स्थान पर खिसक गईं।

दीप्ति पाकिस्तान की सादिया इकबाल के साथ 732 रेटिंग अंक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर है। सादिया रैंकिंग में पहले स्थान से दूसरे स्थान पर खिसक गई जबकि ऑस्ट्रेलिया की एनाबेल सदरलैंड चार रेटिंग अंको की बढ़त के साथ पहली बार टॉप रैंकिंग की टी20 अंतर्राष्ट्रीय गेंदबाज बनने में सफ रही।

सदिया ने आयरलैंड के खिलाफ सीरीज में सिर्फ तीन विकेट लेने के बाद रेटिंग अंक गवां दिए। पाकिस्तान महिला टीम इस सीरीज को 1-2 से हार गई थी। सदरलैंड ने मार्च में न्यूजीलैंड के खिलाफ चार विकेट लेने के बाद से सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में कोई मैच नहीं खेला है। इससे उनके रेटिंग अंक में कोई बदलाव नहीं आया है।

टी20 अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ियों की लिस्ट में दीप्ति 387 रेटिंग अंकों के साथ तीसरे स्थान पर बनी हुई हैं। वह वेस्टइंडीज की हेले मैथ्यूज और न्यूजीलैंड की अमेलिया केर से पीछे हैं।

वहीं बल्लेबाजों की लिस्ट में स्मृति मंधाना एक स्थान फिसल कर इंग्लैंड की नैट सिवर-ब्रंट के बाद दूसरे पायदान पर गई हैं। जबकि हरमनप्रीत कौर 10 पायदान की छलांग लगातार शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल होने के करी पहुंच गई हैं। वह फिलहाल 11वें नंबर पर हैं।

# वॉर्नर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवे खिलाड़ी बने

**मैनचेस्टर (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर डेविड वॉर्नर ने इंग्लैंड में जारी द हंड्रेड प्रतियोगिता के दौरान ओरिजिनल्स के खिलाफ अपनी टीम लंदन स्पिरिट्स की ओर से अर्धशतक लगाकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। अब वार्नर टी20 क्रिकेट



में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले पांचवे खिलाड़ी बन गये हैं। इसी के साथ ही ही उन्होंने भारत के विराट कोहली को पीछे छोड़ दिया। अब 419 टी20 मैचों में वार्नर के 36.80 की औसत और 140 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 13,545 रन हो गये हैं। जिसमें 8 शतक और 113 अर्द्धशतक शामिल हैं, और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 135 है। दूसरी ओर भारतीय बल्लेबाज विराट ने 414 मैचों और 397 पारियों में 41.92 की औसत, 134.67 की स्ट्राइक रेट, 9 शतक और 105 अर्द्धशतकों के साथ 13,543 रन बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 122 है। टी20 में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी वेस्टइंडीज के क्रिस गेल हैं जिन्होंने 463 मैच खेले हैं जिनमें 455 पारियों में 36.22 की औसत, 144.75 की स्ट्राइक रेट, 22 शतक और 88 अर्द्धशतक के साथ 14,562 रन बनाए हैं और उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 175 रहा है।

यह वार्नर का पहला द हंड्रेड सीजन है और वह तीन मैचों में 75.00 की औसत, 141.50 की स्ट्राइक रेट और दो अर्धशतकों के साथ 150 रन बनाकर शीर्ष रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं।

मैच की बात करें तो मैच के दौरान वॉर्नर ने 51 गेंदों में 12 चौकों और एक छक्के की मदद से 71 रनों की शानदार पारी खेली और 139 से ज्यादा की औसत से रन बनाए। हालांकि इसके बाद भी उनकी टीम मैनचेस्टर द्वारा बनाए गए 164 रनों के लक्ष्य को हासिल नहीं कर पायी।

# उन्होंने 'गलत प्रारूप' से संन्यास लिया, रोहित-विराट के टेस्ट क्रिकेट छोड़ने पर पूर्व क्रिकेटर का बड़ा बयान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नई दिल्ली -रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे दिग्गज खिलाड़ियों के जल्द ही वनडे से संन्यास लेने की मीडिया रिपोर्टों के बीच पूर्व भारतीय क्रिकेटर आकाश चोपड़ा ने कहा कि भारतीय दिग्गजों ने गलत प्रारूप से संन्यास लिया और वर्तमान समय में वनडे क्रिकेट के अभाव के कारण उन्हें टेस्ट क्रिकेट की बजाय 50 ओवर के प्रारूप को छोड़ना चाहिए था।

कप्तान शुभमन गिल द्वारा भारत को 2-2 से शानदार ड्रॉ दिलाने के कुछ दिनों बाद ऐसी खबरें आने लगीं कि रोहित और विराट वनडे भी छोड़ सकते हैं। दोनों ही 2027 में दक्षिण अफ्रीका और नामीबिया में होने वाले आईसीसी क्रिकेट विश्व कप की योजना में नहीं हैं, जब तक कि दोनों अपनी मैच फिटनेस और फॉर्म साबित करने के लिए घरेलू 50 ओवर का क्रिकेट नहीं खेलते। दोनों क्रिकेटरों ने मई में भारत के इंग्लैंड दौरे से पहले टेस्ट क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी थी।

अपने यूट्यूब चैनल पर बात करते हुए चोपड़ा ने कहा, %सच्चाई यह है कि उन्होंने गलत फॉर्मेट को अलविदा कह दिया है। उन्होंने टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 छोड़ दिया था, लेकिन अगर वे टेस्ट खेलना जारी रखते और वनडे को अलविदा कह देते तो कहानी कुछ और होती। चैंपियंस ट्रॉफी से पहले 12 महीनों में भारत ने सिर्फ 6 वनडे खेले थे।'

उन्होंने आगे कहा, 'हो सकता है कि आप साल में




सिर्फ छह टेस्ट खेलें, लेकिन अगर ये सिर्फ छह टेस्ट भी हैं, तो ये 30 दिन का क्रिकेट है। अगर सिर्फ छह वनडे खेले जाते हैं, तो ये एक समयावधि में सिर्फ छह दिन का क्रिकेट होगा। आपके आखिरी ढ्ढक्क मैच से लेकर अगले वनडे मैच तक 100 दिन से ज्यादा का समय लगेगा। आप बिल्कुल नहीं खेल रहे हैं। आप बिल्कुल भी अभ्यास नहीं कर रहे हैं।' चोपड़ा ने यह भी बताया कि इन दिनों वनडे सीरीज के बीच का अंतराल भी 'बेहद बड़ा' है और सिर्फ कुछ वनडे मैचों से फॉर्म, फिटनेस, डाइट के प्रति प्रतिबद्धता आदि को बनाए रखना मुश्किल होगा। मौजूदा कमेंटेटर ने कहा, 'तीन मैचों की एक सीरीज सात से आठ दिनों में खत्म हो जाती है। फिर अगली सीरीज तीन महीने बाद होगी। अंतराल बहुत बड़ा है और आप बीच में प्रथम श्रेणी क्रिकेट नहीं खेलेंगे। यह सच है कि अगर वे टेस्ट क्रिकेट खेलना जारी रखते और वनडे छोड़ देते, तो लय में बने रहना बहुत आसान होता।' पूर्व क्रिकेटर ने कहा, 'जब आप टेस्ट से संन्यास ले चुके होते हैं और वनडे क्रिकेट ज्यादा नहीं खेला जाता, तो इसका कोई खास मतलब नहीं बनता। इसलिए सिर्फ दो महीने का तेज-तर्रार ढ्ढक्क, जहां आपको 14 से 16 पारियां खेलने को मिलेंगी और फिर छह महीने बाद तीन मैच और फिर तीन महीने बाद तीन मैच। मुझे लगता है कि यह बहुत, बहुत मुश्किल है।'

# पिछले दो साल से शतक नहीं लगा पाये हैं बाबार

लाहौर । पाकिस्तान के अनुभवी बल्लेबाज बाबर आजम अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में लगातार असफल हो रहे हैं। वह पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक नहीं लगा पाये हैं। उनके बल्ले से अंतिम शतक 30 अगस्त 2023 को निकला था। उसके बाद से ही वह कई अवसरों पर 50 के ऊपर तो पहुंचने में सफल रहे, मगर शतक नहीं लगा पाये हैं। बाबर आजम ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शतक लगाए 712 दिन और 71 पारियां हो गई है। बाबर आजम के करियर का यह दो शतकों के बीच सबसे लंबा अंतर है। इससे पहले 25वें शतक तक पहुंचने के लिए उन्हें 25 पारियां लगी थी, वहीं 8वां शतक उन्होंने 22 पारियों के बाद बनाया था। कई बार पाक क्रिकेटर उनकी तुलना भारतीय टीम के अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली से करते रहे हैं। कोहली के करियर में भी एक खराब दौर आया था जब उनके बल्ले से भी शतक नहीं निकल रहे थे। विराट ने 2019 के बाद सीधा 2022 में शतक जड़ा था। उन्हें अपने 71वें अंतरराष्ट्रीय शतक के लिए 83 पारियां और 1020 दिनों का इंतजार करना पड़ा था। वहीं बाबर लगता है विराट कोहली को इस मामले में भी पीछे छोड़ने में लगे हैं।




# सैमसन आते हैं तो सीएसके में उनका स्वागत करुंगा :श्रीकांत

चेन्नई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान के श्रीकांत ने कहा है कि अगर संजू सैमसन चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) आते हैं तो उन्हें कप्तान बनाया जाना चाहिये। श्रीकांत के अनुसार सैमसन सीएसके में महेन्द्र सिंह धोनी के सबसे अच्छे उत्तराधिकारी बन सकते हैं। अभी सैमसन आईपीएल राजस्थान रॉयल्स के कप्तान हैं। श्रीकांत का कहना है कि अगर रॉयल्स उन्हें रिलीज करता है तो मैं उनका सीएसके में स्वागत करुंगा।. उन्होंने कहा कहा, 'धोनी 44 साल के हैं और वह अपने अंतिम आईपीएल टूर्नामेंट की ओर बढ़ रहे हैं। ऐसे में टीम को उनके एक बेहतर विकल्प की जरुरत है और मेरा मानना है कि इसके लिए सैमसन पहली पसंद हो सकते हैं।' उन्होंने कहा कि सैमसन तमिलनाडु में बेहद लोकप्रिय हैं जिससे भी टीम को प्रशंसकों को और अधिक समर्थन मिलेगा। इसके साथ ही कौशल और ब्रांड वैल्यू के मामले में भी वह काफी आगे हैं। इसीलिए अगर उन्हें राजस्थान टीम छोड़ती है तो उन्हें लिया जाना चाहिये। वहीं एक रिपोर्ट के अनुसार सैमसन ने राजस्थान रॉयल्स से उन्हें रिलीज या ट्रेड करने का आग्रह किया है। वहीं रॉयल्स ने अभी तक इस मामले में . कोई बयान नहीं दिया है। आरआर के साथ सैमसन की यह दूसरी पारी थी। पहले 2013 से 2015 तक इस टीम के साथ थे। वहीं दूसरी पारी में वह साल 2018 से रॉयल्स के साथ जुड़े और 2022 से ही टीम की कप्तानी उनके पास है। सैमसन कप्तानी, विकेटकीपिंग के साथ ही सलामी बल्लेबाज के तौर पर अच्छे विकल्प हैं। तीनों ही भूमिकाओं में वह अपने को साबित करने में सफल रहे हैं। सीएसके को भी धोनी के बाद एक ऐसा खिलाड़ी चाहिये जो सभी भूमिकाएं कुशलता से निभा सके। ऐसे में सैमसन पर उसकी नजर है। सैमसन एक सलामी बल्लेबाज होने के साथ ही तेज गेंदबाजों के साथ-साथ स्पिनर्स को भी अच्छा खेलते हैं। सैमसन के नाम 176 मैचों की 172 पारियों में 3 शतक और 26 अर्धशतक के साथ ही 4,704 रन बनाए हैं।




# खेल विधेयक के समर्थन में उतरीं पीटी उषा, कहा- गतिरोध होगा खत्म

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष और राज्यसभा की मनोनीत सदस्य पीटी उषा ने मंगलवार को राष्ट्रीय खेल प्रशासन विधेयक को अपना स्पष्ट समर्थन देते हुए कहा कि ये दशकों से चली आ रही स्थिर यथास्थिति को समाप्त करने में सहायक होगा। इसके अलावा देश के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और जवाबदेही लएगा। बता दें कि, ये विधेय लोकसभा के बाद राज्यसभा से भी पारित हो गया।

दरअसल, सोमवार को लोकसभा द्वारा पारित विधेयक पर चर्चा के दौरान उषा ने इसके प्रावधानों की सराहना की। जिसें राष्ट्रीय खेल बोर्ड की स्थापना भी शामिल है। जिसके बाद खेल महासंघों



(एनएसएफ) को मान्यता देने का सर्वोच्च अधिकार होगा। केंद्रीय निधि प्राप्त करने के लिए एनएसबी से संबद्धता अनिवार्य होगी।

बता दें कि, विधेयक में खेल विवादों से निपटने के लिए राष्ट्रीय खेल न्यायाधिकरण और राष्ट्रीय खेल चुनाव पैनल को राष्ट्रीय खेल महासंघों के चुनावों की निगरानी का भी प्रस्ताव है। एक अन्य मनोनीत सदस्य सुधा मूर्ति के साथ बैठीं उषा ने सदन को संबोधित करते हुए कहा कि, आज का दिन व्यक्तिगत और राष्ट्रीय स्तर पर बेहद महत्वपूर्ण है। मुझे इस पल का लंबे समय से इंतज़ार था।

उन्होंने पिछले साल इस विधेयक का विरोधा किया था और इसे सरकारी हस्तक्षेप बताया था और चेतावनी दी थी कि भारत को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति से प्रतिबंध का सामन करना पड़ा सकता है। हालांकि, खेल मंत्री मनसुख मंडाविया के साथ व्यापक विचार-विमर्श के बाद उन्होंने अपने विचार बदल दिए हैं।

# स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने अपनी गर्लफ्रेंड से की सगाई, जॉर्जिना ने शेयर की खुशखबरी



वाशिंगटन । स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो और लंबे समय से उनकी पार्टनर रही जॉर्जिना रोड्रिग्स ने सगाई कर ली है। जॉर्जिना 31 साल की हैं। उन्होंने सोमवार को इंस्टाग्राम पर अपनी उंगली में एक बड़ी अंगूठी दिखाते हुए एक तस्वीर के साथ इस खुशखबरी की घोषणा की। जॉर्जिना ने तस्वीर के साथ स्पेनिश में कैप्शन में लिखा, 'हां हमने सगाई कर ली है। यह मेरी जिंदगी का सबसे खूबसूरत पल है।' जॉर्जिना और 40 वर्षीय रोनाल्डो की दो बेटियां हैं। उन्होंने रोनाल्डो के अन्य तीन बच्चों की परवरिश में भी मदद की है। जॉर्जिना ने 2022 में जुड़वां बच्चों को जन्म दिया था लेकिन उनमें से एक लड़के की मौत हो गई थी। रोनाल्डो की जॉर्जिना से 2016 में मुलाकात हुई थी जब वह मैड्रिड के एक स्टोर में काम करती थीं। रियाल मैड्रिड और मैनचेस्टर यूनाइटेड पूर्व स्टार रोनाल्डो अब सऊदी अरब में अल-नासर के लिए खेलते हैं।

# सिनसिनाटी ओपन -आर्यना संबालेका ने जीता महिला सिंगल्स खिताब, फाइनल में एम्मा रादुकानु को हराया

**सिनसिनाटी (एजेंसी)।** दुनिया की नंबर एक टेनिस खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने 3 घंटे 9 मिनट तक चले सिनसिनाटी ओपन के संघर्षपूर्ण फाइनल में ब्रिटेन की एम्मा रादुकानु को हराकर खिताब जीता। रादुकानु एक बार फिर से सबालेंका के खिलाफ लगातार हार के सिलसिले को तोड़ने में नाकामयाब रहीं।

पहले सेट में रादुकानु ने शानदार खेल दिखाया और पहले नौ अंक जीतकर जोरदार शुरुआत की। लेकिन जैसे-जैसे मैच आगे बढ़ता गया, उनकी पकड़ कमजोर होती गयी। उनकी सर्विस कमजोर पड़ने लगी। वहीं, सबालेंका ने शुरुआत में पिछड़ने के बाद दमदार वापसी की और टाई-ब्रेक में पहला



सेट 7-6 (3) से जीता। दूसरे सेट में एम्मा रादुकानु ने जोरदार वापसी की। उन्होंने सबालेंका को छकाते हुए सेट 4-6 से अपने नाम किया।

तीसरा सेट बेहद अहम और निर्णायक था। दोनों की तरफ से उनका सर्वश्रेष्ठ खेल देखने को मिला। रादुकानु ने ताकतवर फोरहैंड और बैकहैंड का इस्तेमाल किया और सबालेंका के आक्रमण को रोकने में भी सफलता पाई। वहीं नंबर वन खिलाड़ी सबालेंका ने भी अपनी क्लास से रादुकानु पर अपनी पकड़ बनाए रखी और सेट टाई ब्रेकर में 7-6 (5) से जीतकर खिताब अपने नाम किया।

जीत के बाद सबालेंका ने कहा, 'मैं इस मुश्किल मैच को जीतकर खुश हूं। रादुकानू पर तीसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए मुझे जोखिम भरे शॉट खेलने पड़े। मुझे उसके खिलाफ लड़ने में मज़ा आ रहा है। वह एक अद्भुत खिलाड़ी है, एक बहुत अच्छी इंसान है, और मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। मैं उसे मानसिक और शारीरिक रूप से स्वस्थ देखकर खुश हूं। वह खेल में लगातार सुधार कर रही है।'

एम्मा रादुकानु बेशक यह मैच नहीं जीत सकी, लेकिन उन्होंने अपने खेल से प्रभावित किया। फाइनल हारने के बाद रादुकानु ने कहा, ÷वह किसी खास वजह से नंबर 1 हैं। मैंने विंबलडन की तुलना में उन पर ज्यादा दबाव डाला। यह मेरे लिए संतोषजनक था। मैं हमेशा से सोचती थी कि घास मेरे लिए ज्यादा उपयुक्त है। अब भी यही मानती हूं। इसलिए हार्ड कोर्ट पर उन पर दबाव डालने पर मुझे बहुत गर्व है।'

# बुमराह को एशिया कप के बाद दिया जा सकता है आराम

मुम्बई (ईएमएस)। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के एशिया कप में खेलने को लेकर अभी तक साफ तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। वहीं अब एक रिपोर्ट के अनुसार बुमराह को एशिया कप के लिए शामिल किया जा सकता है और इसके बाद उन्हें आराम दिया जा सकता है। एशिया कप अगले माह सितंबर में खेला जाएगा। इसमें एशिया की 8 टीमें भाग लेंगी। भारत की मेजबानी में होने वाले इस टूर्नामेंट का आयोजन 9 से 28 सितंबर के बीच दुबई और अबू धाबी में किया जाएगा। इसमें. भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, हांगकांग, यूएई और ओमान की टीमें खेलेंगी। बुमराह टी20 में भारतीय टीम की ओर से सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पांचवे गेंदबाज हैं, उन्होंने अंतिम बार 2024 टी20 विश्व कप के फाइनल में खेला था। उनके नाम कुल 70 मैचों में 89 विकेट हैं। अजीत अगरकर की अध्यक्षता वानर चयन समिति 19 या 20 अगस्त को एशिया कप के लिए भारतीय टीम का चयन कर सकती है। ये एनसीए की फिटनेस रिपोर्ट पर भी आधारित रहेगा। माना जा र हा है कि बुमराह को एशिया कप के बाद अक्टूबर की शुरुआत में वेस्टइंडीज के खिलाफ होने वाली सीरीज में आराम दिया जा सकता है। भारत और वेस्टइंडीज के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला टेस्ट 2 से 6 अक्टूबर तक अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला जाएगा जबकि दूसरा टेस्ट 10 से 14 अक्टूबर दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा।




# सूर्यकुमार यादव सहित एशिया कप से बाहर हो सकता है ये खिलाड़ी, अय्यर ने पास किया फिटनेस टेस्ट

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या एशिया कप 2025 के लिए टीम के चयन से पहले राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में नियमित फिटनेस मूल्यांकन से गुजरेंगे। यह मूल्यांकन 11 और 12 अगस्त को होगा क्योंकि यह स्टार खिलाड़ी पिछले कुछ समय से मुंबई में प्रशिक्षण ले रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि श्रेयस अय्यर ने अपनी फिटनेस साबित कर दी है और सीमित ओवरों के क्रिकेट में उनके शानदार प्रदर्शन को देखते हुए वह निश्चित रूप से चयनकर्ताओं की पहली पसंद होंगे।

कप्तान सूर्यकुमार यादव हर्निया की सर्जरी से उबर नहीं पाए हैं और रिपोर्ट के अनुसार उन्हें पूरी तरह से फिट होने के लिए NCA में एक और सप्ताह बिताने की आवश्यकता होगी, लेकिन इससे एशिया कप में उनके खेलने की संभावना कम है। इस बीच ACC ने घोषणा की है कि आगामी एशिया कप के दौरान भारत बनाम पाकिस्तान के दो प्रमुख मैच दुबई में होंगे, जो 9 सितंबर से यूएई में शुरू होने वाला है।

भारत और पाकिस्तान 14 सितंबर को दुबई में और एक बार फिर, संभवतः 21 सितंबर को इसी मैदान पर आमने-सामने होंगे। 29 सितंबर को होने वाला फाइनल भी दुबई में ही होगा। यह टूर्नामेंट अगले साल की शुरुआत में भारत और श्रीलंका में होने वाले टी20 विश्व कप को ध्यान में रखते हुए टी20 अंतरराष्ट्रीय प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। यद्यपि कार्यक्रम 26 जुलाई को घोषित किए गए थे, लेकिन ACC ने आयोजन स्थलों की घोषणा नहीं की थी। टूर्नामेंट के 19 मैचों में से 11 दुबई में और 8 अबू धाबी में होंगे।

भारत अपने दो लीग मैच 10 सितंबर (UAE के खिलाफ) और 14 सितंबर (पाकिस्तान के खिलाफ) दुबई में खेलेगा जबकि ओमान के खिलाफ अंतिम लीग मैच 19 सितंबर को अबू धाबी के शेख जायद स्टेडियम में होगा। सुपर सिक्स मैचों में अबू धाबी में केवल एक मैच निर्धारित है। भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई ग्रुप ए में हैं, जबकि अफगानिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और हांगकांग ग्रुप बी में हैं।



## विवादित लैंड पुलिंग स्कीम मामले में किसानों और विपक्ष की जीत....मान सरकार की हार

चंडीगढ़ (एजेंसी)। पंजाब की मान सरकार द्वारा लाई गई विवादित लैंड पुलिंग स्कीम को लेकर महीनों से चल रहा विवाद आखिरकार किसानों और विपक्ष की जीत के साथ समाप्त हुआ है। इस योजना का पंजाब के किसानों और विपक्षी पार्टियों ने पुरजोर विरोध किया था, इस फैसले को भारतीय जनता पार्टी की लीगल सेल ने भी संवैधानिक और कानूनी दृष्टि से त्रुटिपूर्ण बताया था। वकील एन.के. वर्मा, संयोजक, बीजेपी लीगल सेल पंजाब ने कहा कि किसानों के अधिकारों और ज़मीन की सुरक्षा के लिए हर मंच पर लड़ाई लड़ी गई। यह योजना किसानों की भूमि पर जबरन नियंत्रण का रास्ता खोल रही थी, जो संवैधानिक और नैतिक दोनों दृष्टियों से गलत था विपक्ष, किसानों और विभिन्न संगठनों द्वारा दायर याचिकाओं पर सुनवाई कर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय ने योजना पर स्टे लगा दिया था। कानूनी दबाव और जनविरोध के चलते अंतत: पंजाब की मान सरकार को पीछे हटते हुए योजना को वापस लेना पड़ा। एडवोकेट वर्मा ने मान सरकार के पीछे हटने को पंजाबियों की ऐतिहासिक जीत ओर आप पार्टी की करारी हार बताकर कहा कि बीजेपी लीगल सेल किसानों के अधिकारों की रक्षा के लिए हमेशा संघर्षरत रहेगी और भविष्य में भी किसी भी जनविरोधी नीति के खिलाफ कानूनी मोर्चा खोलने से पीछे नहीं हटेगी।

## मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण वाली याचिका पर 22 सिंतबर को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

भोपाल (एजेंसी)। मध्यप्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) को 27 प्रतिशत आरक्षण देने को लेकर सुप्रीम कोर्ट में 22 सितंबर को अंतिम सुनवाई होगी। सीनियर वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने याचिकाकर्ता की तरफ से कोर्ट के सामने पक्ष रखा। ओबीसी महासभा के वकील वरुण ठाकुर ने बताया कि कोर्ट ने मामले को अति महत्वपूर्ण मानते हुए टॉप ऑफ द बोर्ड में लिस्टेड किया है। 22 सितंबर को मामले को पहले नंबर पर सुनवाई के लिए रखा है। ये 13 प्रतिशत होल्ड वाले मामले में अंतिम सुनवाई होगी। इससे पहले कोर्ट में प्रतियोगी परीक्षाओं में 13 प्रतिशत होल्ड पदों को अनहोल्ड किए जाने और छत्तीसगढ़ के फॉर्मूले पर अमल के लिए याचिकाकर्ताओं के वकील अपनी बात रख चुके हैं।

**हाई कोर्ट ने आरक्षण सीमा 14 प्रतिशत तक सीमित की थी**

मध्यप्रदेश हाई कोर्ट ने 4 मई 2022 के अंतरिम आदेश में ओबीसी आरक्षण की सीमा 14 प्रतिशत तक सीमित कर दी थी। इसके बाद से मामला सुप्रीम कोर्ट में है। 5 अगस्त को हुई सुनवाई में ओबीसी महासभा की ओर से कहा गया था कि परीक्षा के बाद भर्ती प्रक्रिया पूरी हो चुकी है लेकिन नियुक्ति नहीं दी जा रही है। छत्तीसगढ़ जैसी राहत एमपी में दी जाए। दूसरी तरफ, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस एएस चांदुरकर की खंडपीठ के सामने अनारक्षित वर्ग द्वारा 50 प्रतिशत से अधिक आरक्षण नहीं दिए जाने पर बात रखी गई थी।

## बिलावल भुटटो को मिथुन दा की चेतावनी... अगर हमारी खोपड़ी सनक गई

कोलकाता (एजेंसी)। अभिनेता से राजनेता बने भाजपा नेता बने मिथुन चक्रवर्ती ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री और पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो जरदारी के बयान पर पलटवार कर कहा है कि अगर



हमारी खोपड़ी सनक गई, फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। कोलकाता में मिथुन दा ने कहा, अगर ऐसी बातें की गई तब हमारी झोपड़ी सनक गई, फिर एक के बाद एक ब्रह्मोस चलेगा। उनका इशारा ऑपरेशन सिंदूर के दौरान भारतीय सैन्य बलों की साहसिक कार्रवाई की तरफ था। भाजपा नेता की टिप्पणी बिलावल भुट्टो की उस गीदड़भभकी के बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अगर भारत ने सिंधु नदी पर बांध बनाया, तब युद्ध होगा। चक्रवर्ती ने पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री द्वारा सिंधु जल संधि में बदलाव को लेकर भारत को दी गई नई चेतावनी की कड़ी आलोचना की।

## 20 साल की सज़ा पूरी हुई... रिहा होगा नीतीश कटारा हत्याकांड का दोषी सुखदेव पहलवान

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने बहुचर्चित नीतीश कटारा हत्याकांड के दोषी सुखदेव पहलवान उर्फ सुखदेव यादव को रिहा करने का आदेश दे दिया है। शीर्ष अदालत ने कहा कि सुखदेव अपनी 20 साल की सज़ा पूरी कर चुका है। यह फैसला जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस के.वी. विश्वनाथन की पीठ ने सुनाया। सुप्रीम कोर्ट पीठ ने स्पष्ट किया कि सुखदेव पहलवान को निश्चित अवधि के लिए उम्रकैद की सज़ा मिली थी, और 20 साल पूरे होने के बाद उसकी रिहाई के लिए अलग से किसी आदेश की ज़रूरत नहीं होना चाहिए है। अदालत ने कहा कि इसतरह के मामलों में, जहाँ सजा की अवधि तय होती है, दोषी को सज़ा पूरी होने पर तुरंत रिहा किया जाना चाहिए। इसके लिए किसी अलग से आदेश का इंतजार नहीं करना चाहिए। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस केवी विश्वनाथन की बेंच ने जेल प्रशासन के रवैये पर सवाल उठाकर यह बात कही। बेंच ने 29 जुलाई को ही सुखदेव पहलवान उर्फ सुखदेव यादव को रिहा करने का आदेश दिया था, लेकिन सजा समीक्षा बोर्ड ने उसके आचरण का हवाला देकर रिहाई को टाल दिया था। शीर्ष अदालत ने सजा समीक्षा बोर्ड के रवैये पर भी कड़ी नाराजगी जाहिर की की। सुप्रीम कोर्ट की पीठ ने बताया कि उसने 29 जुलाई को ही सुखदेव को रिहा करने का आदेश दिया था, लेकिन बोर्ड ने उसके आचरण का हवाला देकर रिहाई को टाल दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बोर्ड से पूछा, आखिर आपका यह कैसा बर्ताव है? वहीं मामले में दिल्ली सरकार की ओर से अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल अर्चना पाठक दवे ने दलील दी थी कि उम्रकैद का मतलब बची हुई पूरी ज़िंदगी जेल में बिताना होता है, और सुखदेव की रिहाई स्वचालित नहीं हो सकती।

# देश में एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है, आयोग की यह एक नियमित प्रक्रिया है: प्रधान

नई दिल्ली (एजेंसी)। भाजपा ने कांग्रेस और विपक्षी दलों पर आरोप लगाते हुए कहा है कि जो लोग संविधान की दुहाई देते हैं, वही आज उसकी मूल संस्थानों को कमजोर करने का षड्यंत्र रच रहे हैं। केन्द्रीय मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता धर्मेंद्र प्रधान ने सोमवार को पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में राहुल गांधी, कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर करारा हमला किया। उन्होंने कहा कि लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी चुनाव आयोग जैसी निष्पक्ष संस्थान पर निराधार आरोप लगाकर देश में अराजकता फैलाने की कोशिश कर रहे हैं। विशेष संशोधित मतदाता सूची (एसआईआर) जैसी नियमित प्रक्रिया को राजनीतिक हथियार बनाकर, यह लोग घुसपैठियों के पक्ष में वोट बैंक की राजनीति कर रहे हैं। सच्चाई यह है कि उनके मन में पीड़ा है कि उनके खानदान के बाहर सत्ता कैसे चली गई।



प्रधान ने कहा कि इंडी गठबंधन के लोग और विशेषकर कांग्रेस पार्टी के नेता राहुल गांधी आए दिन संविधान की दुहाई देते हैं, इन दिनों देश देख रहा है कि सबसे अधिक संविधान-विरोधी कार्य अगर कोई कर रहा है, तो राहुल गांधी उसके सरगना हैं। कांग्रेस पार्टी की दिशाहीनता, उनकी दुविधा बन चुकी है। एसआईआर पहली बार नहीं हो रहा है, हर एक राज्य में राष्ट्रीय स्तर पर चुनाव आयोग की यह एक नियमित प्रक्रिया है। आजादी के बाद मतदाता सूची को परिष्कृत करने और व्यवस्थित करने के लिए चुनाव आयोग की एक स्वतंत्रत और निरंतर प्रक्रिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी पहले ईवीएम के ऊपर झूठ बोलती है, कभी महाराष्ट्र की बात उठाती है, कभी हरियाणा की बात उठाती है और झूठ का एक नया पहाड़ खड़ा करती है। विशेषकर 2014, 2019 और 2024 में कांग्रेस पार्टी अनेक राज्यों में निरंतर पराजय के कारण एक निराशा की स्थिति में पहुंच चुकी है। उनका कोई स्पष्ट मुद्दा नहीं है, कोई नीति नहीं है, एक रिएक्शनरी फोर्स के नाते ये लोग अपने राजनीतिक कार्यक्रम बना रहे हैं। पहले कांग्रेस ने ईवीएम को मुद्दा बनाया, फिर राफेल पर झूठ बोला, फिर सीमा पर चीन के साथ हमारे विवाद में चीन का साथ दिया। भारत की सेना और भारत की सम्प्रभुता पर इन्होंने प्रश्न उठाया, जिसके बारे में न्यायपालिका ने शायद ही आजाद भारत में किसी राजनीतिक व्यक्तित्व पर इतनी कटु टिप्पणी दी होगी कि आखिर बताइए, आप हैं किसके साथ?

केन्द्रीय मंत्री प्रधान ने कहा कि कांग्रेस पार्टी और उसके नेता राहुल गांधी आज वैचारिक दिशाहीनता और गहरी दुविधा का पर्याय बन चुके हैं। अराजकता और अहंकार का मेल देश में अस्थिरता फैलाने की उनकी सुनियोजित रणनीति का हिस्सा है। उनका स्पष्ट सिद्धांत है कि अगर चुनाव जीतें तो सब कुछ सही, लेकिन हारने पर व्यवस्था में खामियां दिखती हैं। पिछले दो-तीन दिनों में जो बहस और विवाद हुए, विशेष रूप से उस पर भारत की मीडिया को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने तथ्य और प्रमाण के आधार पर लगभग सभी टीवी चैनलों पर राहुल गांधी के एक-एक झूठ का पर्दाफाश किया है। टेक्नोलॉजी, चुनाव आयोग की प्रक्रिया और देश के सामान्य ज्ञान, इन सभी विषयों पर राहुल गांधी की अज्ञानता उजागर हुई है। कांग्रेस पार्टी और उनके सहयोगी केवल वोट बैंक की राजनीति में लिप्त हैं। घुसपैठियों को वोटर बनाकर, वे अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकना चाहते हैं। जब चुनाव आयोग, एक संवैधानिक और निष्पक्ष संस्था के रूप में, उन्हें सही तथ्य बताता है, तब वे उसी चुनाव आयोग को ध्वस्त करने की बात करते हैं।

## महाराष्ट्र में फिर नाराज दिख रहे एकनाथ शिंदे... बैठक में नहीं हुए शामिल

मुंबई (एजेंसी)। महाराष्ट्र की एनडीए सरकार में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है? यह सवाल मंगलवार को फिर से गूंजने लगा है, क्योंकि उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे लगातार इसतरह के संकेत दे रहे हैं। पिछले दिनों वे विधानसभा सत्र के बीच में दिल्ली आए थे। यहां अमित शाह और पीएम नरेंद्र मोदी से मुलाकात की थी। यही नहीं अब मंगलवार को वह प्रदेश कैबिनेट की मीटिंग में नहीं पहुंचे। वे रविवार से श्रीनगर में थे, लेकिन उन्हें कैबिनेट मीटिंग के लिए पहुंचना था। लेकिन मीटिंग में वह मौजूद नहीं रहे। कयासों को जोर इसलिए भी मिल रहा है क्योंकि उनके करीबी मंत्री भारत गोगावाले भी बैठक में नहीं पहुंचे। माना जा रहा है कि शिंदे खुद को और अपने मंत्रियों को नजरअंदाज करने से नाराज चल रहे हैं। भले ही उनके पास फिलहाल विकल्पों की कमी है, इसके बाद साथ छोड़ना मुनासिब नहीं है, लेकिन अंदरखाने नाराजगी बनी हुई है। उनकी एक चिंता यह भी है कि देवेंद्र फडणवीस सरकार में शिवसेना से ज्यादा अजित पवार और उनके लोगों को भाव मिल रहा है।



गोगावाले को लेकर खबर है कि वह रायगढ़ जिले का प्रभारी मंत्री न बनाए जाने से नाराज हैं। अब तक इस जिले में प्रभारी मंत्री का ऐलान नहीं हुआ है क्योंकि एनसीपी की अदिति तटकरे के नाम पर शिवसेना भड़क गई थी। इसके बाद तटकरे का नाम वापस ले लिया गया, लेकिन अब तक गोगावाले या अन्य किसी का नाम तय भी नहीं हुआ। फिर भी बीच नाराजगी की एक वजह खड़ी हो गई है। वह यह कि अदिति को ही रायगढ़ जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के तौर पर जाने का मौका मिलेगा। वहीं ध्वज फहराएंगी। इससे शिवसेना में नाराजगी बताई जा रही है। शिवसेना का इस जिले में दावा रहा है कि हमारी स्थिति यहां मजबूत है।

## सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर मेनका गांधी की आपत्ति, कहा- 3 लाख कुत्तों के लिए शेल्टर होम बनाना असंभव

नई दिल्ली, (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट द्वारा दिल्ली में आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर होम में रखने के आदेश पर भाजपा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मेनका गांधी ने कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने इसे अव्यावहारिक, वित्तीय रूप से असंभव और पर्यावरण संतुलन के लिए हानिकारक बताया है।



दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार और स्थानीय निकायों को सभी इलाकों से आवारा कुत्तों को पकड़कर शेल्टर में रखने और अभियान में रुकावट डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इस पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा सांसद मेनका गांधी ने कहा, कि दिल्ली में करीब 3 लाख कुत्ते हैं। इन्हें हटाने के लिए 3,000 पाउंड (शेल्टर) बनाने होंगे, जिसकी लागत करीब 15,000 करोड़ रुपये होगी। सिर्फ खिलाने में ही हर हफ्ते 5 करोड़ रुपये खर्च होंगे और डेढ़ लाख देख-रेख करने वाले लोग चाहिए होंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि यह आदेश एक फर्जी मीडिया रिपोर्ट पर आधारित है, जिसमें दावा किया गया था कि कुत्ते के हमले से एक लड़की की मौत हुई, जबकि वास्तव में उसकी मौत मेनिनजाइटिस से हुई थी। मेनका गांधी ने कहा कि यह आदेश एक महीने पहले दिए गए सुप्रीम कोर्ट के संतुलित फैसले के विपरीत है।

पर्यावरणीय असर पर चेतावनी देते हुए उन्होंने कहा कि कुत्तों को हटाने से बंदरों, चूहों और अन्य जीवों की समस्या बढ़ सकती है, जैसा पेरिस में 1880 के दशक में हुआ था। उन्होंने कुत्तों को रोडेंट कंट्रोल एनिमल बताते हुए मौजूदा एनिमल बर्थ कंट्रोल (एबीसी) योजना को लागू करने की सिफारिश की, जिसमें नसबंदी, टीकाकरण और रिलोकेशन पर रोक शामिल है। वहीं दूसरी तरफ दिल्ली सरकार ने संकेत दिया है कि वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन करेगी। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि आवारा कुत्तों की समस्या गंभीर रूप ले चुकी है और इसे योजनाबद्ध तरीके से हल किया जाएगा।

# सुप्रीम कोर्ट ने लगाई फटकार कहा- जजों को टारगेट करना ट्रेंड बन चुका है, माफी नहीं देंगे

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई ने गहरी चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि जजों को टारगेट करना अब ट्रेंड बनता जा रहा है। तेलंगाना हाई कोर्ट के एक मौजूदा जज के खिलाफ अपमानजनक आरोपों से जुड़े एक अवमानना मामले की सुनवाई करते हुए सीजेआई गवई ने कहा कि वकीलों के बीच न्यायाधीशों को निशाना बनाने की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ रही है और इस पर अंकुश लगाया जाना चाहिए। इसलिए माफी का सवाल ही नहीं है। जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश शीर्ष अदालत के न्यायाधीशों से किसी भी तरह से कमतर नहीं हैं।



अवमानना की सुनवाई के दौरान, सीजेआई ने वकील की माफी स्वीकार करने या याचिका वापस लेने की अनुमति देने से इनकार कर दिया और सख्त चेतावनी दी, आप अपने मुवक्किल के खिलाफ अवमानना को न्योता दे रहे हैं। ऐसी याचिका पर हस्ताक्षर करने से पहले, क्या न्यायालय के एक जिम्मेदार अधिकारी के रूप में सावधानी बरतना आपका कर्तव्य नहीं है? अदालत ने इस बात पर भी ज़ोर दिया कि स्थापित क़ानून के तहत, ऐसी याचिकाओं का मसौदा तैयार करने और उन पर हस्ताक्षर करने वाले वकील भी अवमानना के लिए समान रूप से उत्तरदायी हैं। हालांकि, सीजेआई की अध्यक्षता वाली पीठ ने अब प्रतिवादी को उसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समक्ष बिना शर्त माफ़ी मांगने की अनुमति दे दी है, जिसने मूल कार्यवाही में अंतिम आदेश पारित किया था। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता संजय हेगड़े द्वारा दी गई 'बिना शर्त और बिना शर्त माफी' पर विचार करते कहा कि इसे एक सप्ताह के भीतर संबंधित उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समक्ष दायर किया जाना चाहिए, जो इसके बाद एक सप्ताह के भीतर इस पर निर्णय लेंगे।

बता दें कि यह मामला एक याचिका की सुनवाई के दौरान उठा, जिसमें याचिकाकर्ता, उनके एडवोकेट-ऑन-रिकॉर्ड और ड्राफ्ट तैयार करने वाले वकील ने कथित तौर पर हाई कोर्ट के जज के खिलाफ अपमानजनक आरोप लगाए थे। पिछली सुनवाई में अदालत ने इस याचिका में इस्तेमाल की गई भाषा को गंभीरता से लेते हुए अवमानना नोटिस जारी किए थे। शीर्ष अदालत 29 जुलाई, 2025 को एन पेड्डी राजू के खिलाफ स्वतः संज्ञान दायर एक अवमानना याचिका पर विचार कर रही थी, क्योंकि उन्होंने तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के खिलाफ एससी/एसटी अधिनियम के तहत एक आपराधिक मामले को खारिज करने वाले उच्च न्यायालय के न्यायाधीश के खिलाफ कथित तौर पर पक्षपात और अनुचितता का आरोप लगाया था। मुख्य न्यायाधीश, जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस अतुल एस चंदुरकर की पीठ ने एक मामले में सुनवाई के दौरान कहा, हमने देखा है कि आजकल वकीलों के बीच हाई कोर्ट और निचली अदालतों के न्यायाधीशों की बिना किसी कारण के आलोचना करना एक चलन बन गया है। जस्टिस गवई की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट के न्यायाधीश संवैधानिक पदाधिकारी हैं, जिन्हें सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीशों के समान ही छूट और सम्मान प्राप्त है। पीठ ने आगे कहा कि यद्यपि शीर्ष न्यायालय का उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों पर कोई प्रशासनिक नियंत्रण नहीं है, फिर भी उन्हें ऐसे हमलों से बचाना उसका कर्तव्य है।

# स्वतंत्रता दिवस पर देशभक्ति का महा मनोरंजन : सिर्फ अनमोल सिनेमा, जी ऐक्शन और अनमोल सिनेमा 2 पर

मुंबई, (एजेंसी)। इस 15 अगस्त, जोश होगा सबसे ऊपर और गर्व की गूंज पहले से भी बुलंद, क्योंकि अनमोल सिनेमा, जी ऐक्शन और अनमोल सिनेमा 2 पूरे दिन लेकर आ रहे हैं देशभक्ति से भरपूर, ऐक्शन से लबरेज सुपरहिट फि ल्में। पुरानी सदाबहार कहानियों से लेकर नई पीढ़ी के जोशीले किस्से, जो दिल में देश का प्यार और जज्बा जगा दें। ये खास लाइन-अप आपके स्वतंत्रता दिवस के जश्न को और भी खास बना देगा। ये दिन है परिवार के साथ बैठकर अपने चहेते सितारों को उनके सबसे दमदार अंदाज में देखने का और पर्दे पर भारत की असली रूह महसूस करने का। जैसा सनी देओल ने कहा था - हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है, और जिंदाबाद रहेगा। बस वही जोश हम पूरे दिन आपके टीवी पर लेकर आ रहे हैं। अनमोल सिनेमा पर हिंदुस्तान मेरी जान मैराथन सुबह सूरज निकलने से लेकर रात तक आपके दिल में देशभक्ति की धड़कन तेज रखेगा। दिन की शुरूआत होगी जोश से भरी 'कसम हिंदुस्तान की' से, फिर महसूस कीजिए 'अब तुम्हारे हवाले वतन साथियो' का भावुक देशप्रेम। दोपहर में देखिए सदाबहार ब्लॉकबस्टर 'गदर : एक प्रेम कथा', जिसमें सनी की दहाड़ आपके रोंगटे खड़े कर देगी। इसके बाद आएगा सूर्या एस3 का हाई-वोल्टेज ऐक्शन। शाम होते ही स्क्रीन पर छा जाएगी देशभक्ति की कल्ट क्लासिक तिरंगा - अब गोली चलेगी दुश्मन के सीने पर और रात का समापन होगा थ्रिल और एक्शन से भरपूर अटैक के साथ। जी ऐक्शन पर हिंदुस्तान की कसम स्पेशल में मिलेगा बिना रुके ऐक्शन और जोश। शुरूआत होगी दुर्गा आईपीएस के दमदार जज्बे से। आर्मी आपको याद दिलाएगी हमारे सैनिकों की कुर्बानी और हिम्मत। जोशीले समापन के साथ आएगा चक्र का रक्षक और राउडी रक्षक का ताबड़तोड़ रोमांच। प्राइम टाइम में आएगी द हीरोः लव स्टोरी ऑफ अ स्पाई', जहां सनी फिर साबित करते हैं - भारत के खिलाफ साज़िश रची तो अंजाम बुरा होगा। अनमोल सिनेमा 2 पर होगा गर्व का डबल धमाका, दो बड़े चैनल प्रीमियर के साथ। शाम 7 बजे देखिए भारत के महानतम सैनिकों में से एक की प्रेरणादायक कहानी 'सैम बहादुर', जो साबित करती है कि एक सैनिक सिर्फ दो चीजों के लिए लड़ता है - अपने देश के लिए, और अपने साथी सैनिक के लिए। फिर रात 9:30 बजे देखिए साहस और संघर्ष की अमर गाथा स्वातंत्र्य वीर सावरकर - मैं अकेला जरूर हूं, लेकिन मेरा देश मेरे साथ है।

## इजराइल की हिंसा सच्चाई के लिए खड़े होने का साहस नहीं तोड़ सकती: प्रियंका गांधी

**–फिलस्तीन के साथ दिखाई एकजुटता**

नई दिल्ली (एजेंसी)। वायनाड से सांसद और कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने गाजा में पांच पत्रकारों की मौत पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर मंगलवार को एक पोस्ट करते हुए कहा, कि यह 'निर्मम हत्या' फिलस्तीनी सरजमीं पर किया गया एक और जघन्य अपराध है, लेकिन इजराइल की हिंसा और नफरत सच्चाई के लिए खड़े होने के असीम साहस को कभी नहीं तोड़ सकती।



मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, गाजा सिटी में पत्रकारों के शिविर पर इजराइली सेना के एक लक्षित हमले में पत्रकार अनस अल-शरीफ और उनके चार सहकर्मियों की मौत हो गई। इस घटना को लेकर सांसद प्रियंका गांधी ने कहा, कि ऐसी दुनिया में जहां मीडिया का बड़ा हिस्सा सत्ता और व्यापार का गुलाम बन चुका है, इन बहादुर पत्रकारों ने हमें सच्ची पत्रकारिता का अर्थ याद दिलाया। उनकी आत्मा को शांति मिले।

प्रियंका गांधी गाजा में इजराइल की कार्रवाई के खिलाफ लगातार आवाज उठा रही हैं और फिलस्तीनियों के साथ एकजुटता जता रही हैं। उन्होंने एक बार फिर अंतर्राष्ट्रीय समुदाय से अपील की कि निर्दोष नागरिकों और पत्रकारों पर हो रहे हमलों को रोका जाए।

उधर, संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने भी रविवार को हुए इस हवाई हमले की कड़ी निंदा की है। संस्था ने पत्रकारों के शिविर को निशाना बनाए जाने को अंतरराष्ट्रीय मानवीय कानून का गंभीर उल्लंघन बताया और इसकी निष्पक्ष जांच की मांग की। गाजा में जारी संघर्ष के बीच पत्रकारों और मीडिया कर्मियों पर बढ़ते हमलों ने प्रेस स्वतंत्रता और सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे में सांसद प्रियंका गांधी के इस बयान को मानवाधिकार संगठनों और प्रेस स्वतंत्रता के पैरोकारों का समर्थन भी मिला है।

# अब छिड़ सकती है नई बहस: आरक्षण का हो आर्थिक आधार पर सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। देश में एससी और एसटी को आरक्षण की सुविधा आर्थिक आधार पर मिलना चाहिए। इस आशय को लेकर सुप्रीम कोर्ट में जनहित याचिका दाखिल की गई है। इस पर सुनवाई करने को सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। याचिका में सरकारी नौकरियों में आरक्षण की अधिक न्यायसंगत व्यवस्था के लिए नीतियां बनाने का केंद्र को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की पीठ ने रमाशंकर प्रजापति और यमुना प्रसाद की जनहित याचिका पर केंद्र को नोटिस जारी किया है और 10 अक्टूबर तक जवाब मांगा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा इस मसले पर सुनवाई करने के लिए सहमति देने के बाद देश में आरक्षण पर नई बहस छिड़ सकती है।

पीठ ने भी याचिकाकर्ता के वकील से कहा कि वह भारी विरोध का सामना करने के लिए तैयार रहें, क्योंकि इस जनहित याचिका के दूरगामी प्रभाव हो सकते हैं। याचिकाकर्ताओं ने अधिवक्ता संदीप सिंह के माध्यम से जनहित याचिका दायर की है, जिसमें कहा गया है कि यह दृष्टिकोण संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 16 को मजबूत करेगा और मौजूदा आरक्षण सीमा में बिना किसी छेड़छाड़ के समान अवसर सुनिश्चित करेगा। याचिका में कहा गया है कि दशकों से आरक्षण के बावजूद, आर्थिक रूप से सबसे वंचित लोग अकसर पीछे छूट जाते हैं और आरक्षित श्रेणियों के अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति वाले लोग इसका लाभ उठाते हैं लेकिन आय के आधार पर प्राथमिकता देने से यह सुनिश्चित होगा कि मदद वहीं से शुरू हो जहां आज इसकी सबसे अधिक जरूरत है। जनहित याचिका में कहा गया है, अनुसूचित जाति (एससी) और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणियों से संबंधित याचिकाकर्ता, वर्तमान याचिका के माध्यम से इन समुदायों के भीतर आर्थिक असमानताओं को उजागर करना चाहते हैं, जिसके कारण मौजूदा आरक्षण नीतियों के तहत लाभों का असमान वितरण हुआ है।

याचिका में यह तर्क भी दिया गया है कि आरक्षण की रूपरेखा शुरू में ऐतिहासिक रूप से वंचित समुदायों के उत्थान के लिए शुरू की गई थी, लेकिन वर्तमान प्रणाली इन समूहों में अपेक्षाकृत समृद्ध आर्थिक स्तर और उच्च सामाजिक स्थिति वाली पृष्ठभूमि से संबंधित लोगों को असमान रूप से लाभान्वित करती है, जबकि आर्थिक रूप से सबसे वंचित सदस्यों के लिए अवसरों तक सीमित पहुंच होती है। जस्टिस कांत ने कहा कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के कई लोग आरक्षण के माध्यम से सरकारी नौकरियों की उच्च श्रेणियों में प्रवेश करके सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम हो सकते हैं और अपने बच्चों को सर्वोत्तम शिक्षा और सुविधाएँ प्रदान कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि इस पर विचार किया जाए कि क्या ऐसे वर्ग के लोगों को अपने ही समुदाय के उन सदस्यों की कीमत पर आरक्षण का लाभ




उठाना जारी रखना चाहिए जो गरीबी में जी रहे हैं और सामाजिक समस्याओं का सामना कर रहे हैं।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित।
**संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, कार्यकारी संपादक- भीष्म सिंह, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह*, प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह**. 9334331934, 7903538992, 9570107019, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**